ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 12 मई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 98 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

मैंने कभी कोई गलत फैसला नहीं ... पेज 12 पर



मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को पर्यटन विहार की दी सौगात

## 12 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से 6 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

# रोजगार के नये अवसर होंगे पैदा : हेमंत सोरेन

### यहां पिकनिक मनाएं पर डैम को नुकसान ना पहुंचाएं

### डैम एरिया का नहीं हो अतिक्रमण

### जल्द मिलेगी रोपवे की सौगात

### वीडियोग्राफी-फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत






**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़/रांची**
झारखंड को प्रकृति ने कई खूबसूरत सौगात दी है। इस राज्य को खनिज -संपदा के लिए तो जाना ही जाता है । इसके अलावा यहां का प्राकृतिक सौंदर्य, मनोरम और मनमोहक वादियां और धार्मिक स्थल भी आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां के पर्यटक स्थल और भी खूबसूरत हों। यहां सैलानियों को सभी जरूरी सुविधाएं मिलें । देश- दुनिया के सैलानियों का यह आकर्षण का केंद्र बनें। इसे ध्यान में रखकर सरकार द्वारा सभी पर्यटक स्थलों के विकास के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जा रही है और उसे चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जा रहा है । उक्त बातें राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 11 मई को पतरातू लेक रिसोर्ट परिसर में नवनिर्मित पर्यटन विहार (वीआईपी गेस्ट हाउस) राज्यवासियों को समर्पित करते हुए उक्त बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से पर्यटन के मानचित्र पर झारखंड को एक अलग पहचान मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्यटक स्थल आपकी संपत्ति है। आप यहां पिकनिक मनाएं। घूमे-फिरे और मनोरंजन करें। लेकिन, इसे किसी भी सूरत में नुकसान ना पहुंचाएं। इसे प्रदूषित नहीं करें। पूरे परिसर की साफ-सफाई का ध्यान रखें। सरकार किसी भी पर्यटक स्थल के आधारभूत संरचना को मजबूती दे सकती है, लेकिन इसे चलाना और सुरक्षित रखना आपकी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पर्यटक स्थल के रूप में पतरातू डैम की एक अलग छवि बन रही है । यहां आने वाले सैलानियों की संख्या लगातार बढ़ रही है । इसका सीधा लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। इससे एक तरफ आसपास के क्षेत्रों का विकास होगा, वहीं रोजगार के भी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## सीएम आज करेंगे रांची के टाटा कैंसर अस्पताल का उद्घाटन

**राजधानी** रांची में अब मरीजों को मुंबई वाली सुविधाएं मिलने वाली हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को कांके के कदमा में बने रांची कैंसर अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर का उदघाटन करेंगे। इस अस्पताल के निर्माण पर करीब चार सौ करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इस अस्पताल का शिलान्यास 10 अक्तूबर, 2018 में हुआ था। अब करीब तीन साल में यह अस्पताल सुचारु रूप से संचालित होने के लिए तैयार है। हालांकि, रिनपास की जमीन पर एक साल पहले अस्पताल बनकर तैयार हो गया है। अभी मरीजों से रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 135 रुपये लिये जा रहे हैं। अस्पताल में फिलहाल 82 बेड उपलब्ध है। इसमें से 50 फीसदी बेड स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित होंगे। साथ ही इस अस्पताल में 14 ऑपरेशन थियेटर और 28 बेड का आइसीयू भी रहने की बात कही जा रही है। साथ ही जरूरतमंद लोगों के लिए यहां आवासीय परिसर का निर्माण भी कराया जायेगा। उल्लेखनीय है कि इस अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल के शुरू होने से ना केवल झारखंड, बल्कि झारखंड के पड़ोसी राज्यों के लोगों को फायदा होगा। अन्य राज्यों के राज्यों के कैंसर रोगियों को बेहतर इलाज मिलेगा। कैंसर रोगियों को टीएमएच मुंबई के अलावा महानगरों के कैंसर अस्पताल में इलाज के लिए नहीं जाना होगा। वर्तमान में झारखंड के कैंसर रोगियों का इलाज रिम्स में होता है।

## इमरान खान रिहा गिरफ्तारी गैरकानूनी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को रिहा कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इमरान की गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए इमरान खान को तुरंत रिहा करने का आदेश दिया, जिसके बाद इमरान को रिहा कर दिया गया। कल इमरान खान इस्लामाबाद हाइकोर्ट में पेश होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इमरान से कहा कि हिंसा रुकवाएं। हम देश में शांति चाहते हैं। इमरान ने समर्थकों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इमरान ने कहा कि हम हिंसा नहीं, देश में चुनाव चाहते हैं।

छवि रंजन से ईडी ने पांचवे दिन भी की पूछताछ

## जयंत करनाड के कागजातों की भी फोरेंसिक जांच कराएगी ईडी

### जयंत करनाड से रजिस्ट्री लेने वालों का भी बयान दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची में जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में ईडी ने तत्कालीन डीसी छवि रंजन से रिमांड के पांचवे दिन पूछताछ की। वहीं ईडी ने गुरवार को भी सेना की 4.55 एकड़ की रजिस्ट्री जयंत करनाड से लेने वालों से भी पूछताछ की है। सेना जमीन की रजिस्ट्री के मामले में ईडी अब जयंत करनाड के द्वारा सौंपे गए सारे दस्तावेजों की भी जांच एफएसएल से कराएगी। इससे पहले ईडी ने सेना की जमीन की खरीद के मामले में प्रदीप बागची के सभी कागजातों की जांच एफएसएल से करायी थी, जिसमें कागजों ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### छवि रंजन की रिमांड का आज आखिरी दिन



**जमीन** घोटाले की जांच में गिरफ्तार आईएएस अधिकारी छवि रंजन से शुक्रवार को ईडी रिमांड पर आखिरी दिन पूछताछ करेगी। पूछताछ के दौरान अबतक छवि रंजन सत्ता के गलियारों में चर्चित नाम प्रेम प्रकाश व कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल से संबंधों से इंकार किया है।

## 15 मई को नक्सली बंद का आह्वान

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नक्सलियों ने 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत (बिहार, झारखंड, ओड़िसा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश उतराचंल, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर) बंद का ऐलान किया है। इस संबंध में गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार भाकपा माओवादी संगठन के पूर्वी रीजनल ब्यूरो, केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता साकेत ने प्रेस रिलीज जारी की है। जारी रिलीज में कहा गया है कि तीन अप्रैल को झारखंड के चतरा में नशीला पदार्थ खिलाकर सीआरपीएफ की ओर से किये गये पांच माओवादी नेता की हत्या, छत्तीसगढ़ में सात अप्रैल को ड्रोन के जरिये की गई भारी बमबारी, झारखंड के पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम में एक साल से रॉकेट लॉचर से किये ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## बोकारो में 15 साल से फरार दो माओवादियों के घर की कुर्की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बोकारो। जिले के निमियाघाट व मधुबन थाना कांड संख्या-44/2008 व 06/2008 में फरार चल रहे नावाडीह प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र ऊपरघाट स्थित पेंक-नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोनियाटो व गोड़गोड़वा निवासी दो माओवादी सीताराम मांझी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### चाईबासा में फिर हुआ आईईडी ब्लास्ट जवान घायल, एयरलिफ्ट कर रांची लाया

**झारखंड** के नक्सल प्रभावित चाईबासा में एक बार फिर से आईईडी ब्लास्ट हुआ है, इस ब्लास्ट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए हैं जिनमें से एक को एअरलिफ्ट कर रांची लाया गया है. मिली जानकारी के अनुसार चाईबासा के नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के इचाहातु में गुरुवार की दोपहर नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी में ब्लास्ट हो गया. इस ब्लास्ट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए. घायल जवान सीएस मनी को एयरलिफ्ट का रांची लाया गया है. वही दूसरे जवान का इलाज चाईबासा में ही चल रहा है. जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ के दो जवान बाइक से सर्च ऑपरेशन चला रहे थे इसी दौरान बाइक का टायर आईईडी पर चढ़ गया, जिसके बाद आईईडी में ब्लास्ट हो गया. ब्लास्ट की वजह से दोनों जवान बाइक से कुछ दूर तक जा गिरे, धमाके की आवाज सुनकर दूसरे जवान मौके पर भागे भागे पहुंचे और घायल जवानों को जंगल से निकालकर सबसे पहले इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल पहुंचाया. ब्लास्ट की वजह से सीआरपीएफ का एक जवान बुरी तरह जख्मी हुआ उसे एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है।

## रिम्स में इलाजरत प्रभुनाथ-दीनानाथ सिंह जेल शिफ्ट

**रांची।** उम्र कैद की सजा काट रहे पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह व उनके भाई दीनानाथ सिंह का इलाज रिम्स में चल रहा था। प्रभुनाथ सिंह किडनी और मोतियाबिंद से पीड़ित हैं, जबकि उनके भाई को कैंसर है। ऐसे में 18 अप्रैल से दोनों को रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। लेकिन रिम्स मेडिकल बोर्ड की टीम ने उचित इलाज के लिए एम्स दिल्ली रेफर कर दिया है। गुरुवार को दोनों ही कैदियों को कड़ी सुरक्षा के बीच रिम्स से हजारीबाग के जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में शिफ्ट कर दिया गया है। जेल अधीक्षक कुमार चंद्रशेखर ने कहा कि जेल आईजी का परमिशन मिलने के बाद प्रभुनाथ सिंह और दीनानाथ सिंह को एम्स दिल्ली ले जाया जाएगा।

## झारखंड में 15 मई के बाद मिलेगी गर्मी से राहत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के लोगों को 15 मई के बाद भीषण गर्मी से राहत से मिलने की उम्मीद है। मौसम केंद्र प्रभारी अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि अगले पांचों दिन मौसम शुष्क रहेगा। 13 और 14 मई को आंशिक बादल छाया रह सकता है। राज्य के पूर्वी और मध्य भाग में कुछ अधिक बादल रहेगा। इस दौरान तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। बादल से तापमान में थोड़ा गिरावट हो सकता है। उन्होंने कहा कि साइक्लोन मोचा का कोई विशेष प्रभाव झारखंड में नहीं है। केवल बादल हो सकता है। हालांकि, 14



और 15 मई को संताल परगना वाले इलाके में बूंदाबांदी हो सकती है। 15 मई से राज्य के कई हिस्सों में धूप की तपिश थोड़ी कम होगी यानी कई जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। विभाग ने बताया है कि 15 मई से राज्य के कुछ जगहों जिलों में बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

अधिवक्ता मनोज झा हत्याकांड

### संजीत माझी की जमानत याचिका खारिज, बेल देने से हाईकोर्ट का इनकार

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा हत्याकांड के आरोपी संजीत माझी को बेल देने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। इससे पहले भी संजीत ने हाईकोर्ट में जमानत्र याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट खारिज कर चुका है। जिसके बाद दुबारा संजीत ने बेल के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जस्टिस सुभाष चांद की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने संजीत माझी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। वर्ष 2021 में रांची सिविल कोर्ट के वकील मनोज झा की तमाड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## 70 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ ड्रग पैडलर गिरफ्तार, घर बना अड्डा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के पुनदाग इलाके इलाके से पुलिस ने शातिर ड्रग्स पैडलर साकिब खान को धर दबोचा है। गिरफ्तार साकिब के पास से पुलिस ने 70 पुड़िया ब्राउन शुगर भी बरामद किया है।

### तलाश में जुटी थी पुलिस

**साकिब** ड्रग्स के कारोबार का पुराना खिलाड़ी रहा है। एटीएस के रेड के दौरान वह बच गया था। रांची पुलिस की दबिश की वजह से वह कुछ दिनों से ड्रग्स के धंधे से दूर हो गया था। लेकिन इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि अब साकिब अपने घर से ही ड्रग्स का धंधा कर संभाल रहा है। ब्राउन शुगर के खरीदार उसके घर तक पहुंच कर उससे ब्राउन शुगर की पुड़िया खरीद रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर हटिया डीएसपी राजा मित्रा और पुनदाग ओपी प्रभारी विवेक कुमार ने साकिब के घर पर दबिश दी। जब पुलिस की टीम साकिब के पुनदाग के आलमहाता चौक स्थित घर पहुंची तो उसने किसी भी तरह का ड्रग्स घर में होने से साफ इनकार कर दिया।

### लगातार जारी है कार्रवाई

**गौरतलब** है ड्रग्स के खिलाफ रांची पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, जहां से भी पुलिस को ड्रग्स के कारोबार की सूचना मिल रही है वहां तुरन्त स्पेसल टीम रेड कर रही है।

## राजधानी में खुलेगा 24 स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची नगर निगम 15वें वित्त आयोग के तहत 24 शहरी स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र (एचडब्ल्यूसी) खोलने जा रहा है। ये केंद्र स्थानीय निवासियों को मुफ्त इलाज के साथ दवा मुहैया कराएंगे। इस केंद्र में आम जन के लिए बीमारी की प्रारंभिक पहचान, विभिन्न बीमारियों से जुड़े बुनियादी प्रबंधन, चिकित्सकीय परामर्श जैसी सुविधाएं होंगी। निगम के अधिकारी के मुताबिक, स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र मई महीने के अंत तक तैयार हो जाएगा। यह केंद्र सभी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। वहीं अटल क्लिनिक चार घंटे और स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र सेवा में आठ घंटे की सेवा दी जायेगी। जिले में कुल 18 अटल क्लीनिक हैं और मई तक जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में 24 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र जुड़ जाएंगे। स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र एक सामान्य बाहरी रोगी विभाग के रूप में कार्य करेगा। सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए निःशुल्क दवा प्रदान करेगा। इस केंद्र में एक डॉक्टर और एक नर्स की सेवा के साथ दवा फ्री रहेंगी। डॉक्टरों और नर्स को एक साल के लिए अनुबंध के आधार पर काम पर रखा जाएगा।

संकेत — बिहार-झारखंड में महा गठबंधन को नुकसान पहुंचा पायेंगे?

# क्या नीतीश का आधार कुर्मी वोट काट पाएंगे आरसीपी

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**
क्या अब राम चंद्र प्रसाद सिंह (कुर्मी) को आगे करके भाजपा नीतीश का कुर्मी आधार आधा कर सकती है? कुछ उत्साही लोग तर्क दे रहे हैं- कर सकती है। लेकिन उसके जवाब में कुर्मी जाति के ही तमाम लोग उल्टा तर्क जड़ते हुए कहने लगे हैं - भाई लोगों, यह तो बात यह हुई कि कोई कहे देश में किसी ऐसे नौकरशाह रहे व्यक्ति को जो ओबीसी जाति का हो , को किसी पार्टी का नेता बना कर उसके मार्फत नरेंद्र मोदी के ओबीसी आधार को आधा किया जा सकता है। लेकिन उत्साही लोग इस पचड़े में नहीं पड़ अपनी हांके जा रहे हैं। कह रहे हैं कि आरसीपी सिंह कुर्मी



बिहार के नालंदा जिले के हैं। जिस जिले के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। दोनों ही कुर्मी जाति के हैं। आरसीपी 12 वर्ष तक नीतीश के कृपा के चलते बिहार की राजनीति के शातिर खिलाड़ी बन गए हैं। बड़ा पदाधिकारी रहे इसलिए जदयू के हर बड़े नेता से उनके संपर्क हैं। सीएम नीतीश कुमार से असंतुष्ट नेताओं को वह आसानी पटाकर तोड़ कर भाजपा में ला सकते हैं। इसलिए वह भाजपा का भगवा झंडा पकड़ नालंदा में कुर्मी-कोयरी (लव-कुश) वोट समीकरण को गड़बड़ा सकते हैं। नीतीश के बहुत से राज जानते हैं इसलिए उन सबमें से कुछ कुछ को उगलते हुए उनको परेशानी में डाल सकते हैं। आरसीपी कुर्मी कितने शातिर हैं इसका अंदाजा इसी से लगा लीजिए कि कैसे वह उप्र कैडर के आईएएस अफसर होते हुए भी केंद्र में पोस्टिंग के दौरान एक ही जिले व एक ही जाति का होने का सहारा ले नीतीश के अति अंतरंग बन गए। इतना कि नीतीश केंद्र में रेल मंत्री रहने के दौरान आरसीपी को अपना स्पेशल सेक्रेटरी बनवाए। नवंबर, 2005 में जब नीतीश बिहार के मुख्यमंत्री बने तो आरसीपी को अपना प्रिंसिपल सेक्रेटरी बना बिहार बुला लिया। तब आरसीपी इतने पावरफुल हो गए कि नौकरशाही में मुख्यमंत्री की आवाज वही कहे व माने जाने लगे। इसके बाद नीतीश ने 2010 में आरसीपी को जदयू में लेकर राज्यसभा सांसद बनवा दिया। कार्यकाल समाप्त होने के बाद 2016 में दोबारा राज्यसभा सांसद बनवा दिया। हालत यह हो गई कि आरसीपी पार्टी में नंबर 2 की हैसियत में आ गए। उसके बाद तो 2020 में जदयू का अध्यक्ष बना दिए गए। फिर तो आरसीपी ने भाजपा व उसके केन्द्रीय साहबानों से घनिष्ठता प्रगाढ़ करना शुरू कर दिया। तब कानाफूसी होने लगी थी कि आरसीपी राज्य सभा के कुछ जदयू सांसदों के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## आरसीपी सिंह ने भाजपा का थामा दामन

**नई दिल्ली।** जिस आईएएस अफसर राम चन्द्र प्रसाद सिंह (कुर्मी) को अपना विरादर होने के चलते जदयू नेता व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शह देकर अपनी पार्टी में लाए। राज्यसभा सांसद बनाए, जदयू अध्यक्ष बनाए, केंद्रीय केंद्रीय मंत्री बनवाए, वह आरसीपी सिंह कुर्मी मन से तो वर्षों पहले ही भाजपा के हो गये थे। बृहस्पतिवार 11 मई को तन से भी भाजपा के हो गये।

जदयू अध्यक्ष रहने के दौरान ही आरसीपी सिंह कुर्मी की सांस भाजपामय हो गई थी। उस दौरान उन्होंने कई राज्यों में जदयू को कमजोर करके भाजपा को लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । जदयू विधायकों तक को अन्य पार्टी में चले जाने दिया। केन्द्रीय मंत्री रहने के दौरान ये जब और भाजपामय होने लगे तब नीतीश




कुमार सतर्क हो गए और उनको राज्यसभा का तीसरा टर्म नहीं दिया। जिसके कारण उनका केन्द्रीय मंत्री पद चला गया। क्योंकि आरसीपी जदयू से राज्य सभा सांसद थे। नियम के अनुसार यदि कोई भी व्यक्ति राज्य सभा या लोकसभा का सांसद नहीं है, तो उसको छह माह से ज्यादा समय तक मंत्री पद पर नहीं रहने दिया जा सकता है। तब -तक भाजपा व जदयू में छूटा-छूटी नहीं हुई थी। बिहार में जदयू-भाजपा गठबंधन की सरकार थी। इसलिए भाजपा भी आरसीपी को पैदल हो जाने दी। बाद में आरसीपी की भी जदयू से छूटा-छूटी हो गई।

# मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रखंडों में कार्यशाला का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी के उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में मिलेट्स जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से प्रखंड स्तर पर संबंधित जनप्रतिनिधि, सखी मंडल की दीदियां और प्रगतिशील किसान भाग ले रहे हैं। गुरुवार को आयोजित कार्यशाला के दौरान विशेष रूप से मिलेट्स उत्पादन को लेकर कृषकों को प्रेरित किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बताया गया कि मड़ुआ और रागी या ज्वार, खूंटी के कृषक हमेशा से इन मोटे अनाजों की खेती करते आये हैं। ये अनाज यहां के लोगों के समुचित पोषण और उत्तम स्वस्थ्य का स्रोत रहे हैं। इससे संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़कर इसकी उन्नत किस्मों की खेती के लिए नए किसानों को प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसमें कृषक मित्रों को भी विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभाते हुए किसानों को प्रेरित करने की बात कही गई। साथ ही किसानों को ड्रेगन फ्रूट एवं स्ट्रॉबेरी की खेती से होनेवाले आर्थिक लाभ संबंधित जानकारी कृषि विभाग के प्रखंड समन्वयक द्वारा दी गई। बीडीओ ने बताया कि मिल्लेट्स की खेती के लिए किसानों को सही तकनीक, बीज की उन्नत किस्म और समय पर उचित मार्गदर्शन देने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार सहयोग किया जाएगा। कार्यशाला में बताया गया कि मिल्लेट्स और उसके उत्पादों की बाजार मांग में आई तेजी को देखते हुए कृषि विभाग सहयोगी संस्थाओं की मदद से किसानों और स्थानीय लोगों को मिलेट्स और उसके उत्पादों से सम्बंधित उद्यम लगाने से भी लाभ होगा।

## झारखंड सचिवालय के दो अधिकारियों का किया गया स्थानांतरण

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। अवर सचिव गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग संप्रति राज्यपाल सचिवालय में प्रतिनियुक्त सुबोध कुमार को स्थानांतरित करते हुए उन्हें पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग रांची में अवर सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। अवर सचिव स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग में पदस्थापित विश्वनाथ झा को स्थानांतरित करते हुए प्रतिनियुक्ति के आधार पर अवर सचिव राज्यपाल सचिवालय झारखंड रांची में पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। कार्मिक विभाग की ओर से 15 मार्च को निकाले गए अधिसूचना, जिसमें प्रणिता खलखो उपसचिव खान एवं भूतत्व विभाग रांची को स्थानांतरित किया गया।

# शिवांगी हेड गर्ल और अब्दुल्लाह बने हेड ब्वॉय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए विगत 08 मई 2023 को छात्र परिषद् का चुनाव आयोजित किया गया। इस चुनाव का उददेश्य छात्र परिषद् की राय, विचारों और चिंताओं को आवाज देने, छात्रों मे नेतृत्व की क्षमता विस्तृत करना और कार्यक्रमों की रुपरेखा बनाने, संचार और कार्यान्वयन में स्कूल के विभिन्न विभागों की सहायता करना है। चुनाव के नतीजे गुरुवार को घोषित किए गए। चुनाव का आयोजन विवेकानंद प्रेक्षागृह में किया गया था। बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने छात्र परिषद् के 06 महत्वपूर्ण पदों के लिए अपना वोट डाला, जिसमें हेड बॉय, हेड गर्ल, डिप्टी हेड बॉय, डिप्टी हेड गर्ल, स्कूल एंबेसडर और क्लास प्रीफेक्ट शामिल थे। उम्मीदवारों ने कल्चरल सेक्रेटरी, डिप्टी कल्चरल सेक्रेटरी, स्पोर्ट्स कैप्टन और डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन के पदों के लिए भी नामांकन दाखिल किया। इस चुनाव के संबंध में स्कूल ने प्रतियोगियों के लिए चुनाव के पूर्व उम्मीदवार-भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया। उम्मीदवारों ने अपने भाषणों, नारों और टैगलाइनों से मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश की। उनके हाव-भाव ने उचित संसदीय चुनाव का आभास कराया। उम्मीदवारों द्वारा भाषण दिए जाने के बाद, बारहवीं कक्षा के छात्रों ने मतपेटियों में अपना वोट डाला, इस प्रकार एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया में चुनाव के लिए सभी विद्यार्थी आगे बढ़े। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने किया। चुनाव के परिणामों के अनुसार, शिवांगी कुमार (232 वोट) और अब्दुल्लाह रहमानी (373 वोट) को हेड गर्ल और हेड बॉय (सेकेंडरी विंग) के रूप में नियुक्त किया गया। ऐश्वर्या तलेजा (141 वोट) और उदित जैन (149 वोट) को एडिशनल हेड गर्ल और एडिशनल हेड बॉय के रूप में चुना गया। श्रेयोशी गांगुली (119 वोट) को डिप्टी हेड गर्ल के रूप में चुना गया जबकि माधव द्रोलिया (93 वोट) को डिप्टी हेड बॉय के रूप में नियुक्त किया गया। माधवी माहेश्वरी (256 वोट) और रोहित राज (501 वोट) को स्कूल एंबेसडर के रूप में चुना गया एवं अनिशा अरोरा (205 वोट) और ज्ञान हर्षवर्धन (119 वोट) को डिप्टी स्कूल एंबेसडर के रूप में नियुक किया गया। जान्या (465 वोट) एवं धीरज बियानी (311 वोट) को क्लास प्रिफेक्ट्स चुना गया। स्तुति अन्वी और मो. अदनान अंसारी को कल्चरल सेक्रेटरी के रूप में चुना गया जबकि तनीषा अग्रवाल और स्वयं राज को डिप्टी कल्चरल सेक्रेटरी के रूप में नियुक्त किया गया। प्रज्ञा मृदु और ऋषभ राज को स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में नियुक्त किया गया, अदिति ठाकुर और अर्शदीप सिंह को एडिशनल स्पोर्ट्स कैप्टन और शुभांशी शेखर और तनिश राजघरिया को डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में चुना गया।

# स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर लगे आरोप की जांच की तैयारी में झारखंड सरकार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रतिबंधित पिस्टल रखने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ झारखंड सरकार ने जांच की तैयारी शुरू कर दी है। विधायक सरयू राय की शिकायत के बाद राजभवन ने राज्य सरकार को इस मामले की जांच करा कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। राजभवन के निर्देश के बाद राज्य सरकार इसकी जांच कराने की तैयारी शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, इस संबंध में जमशेदपुर जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी गयी है। रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्य सचिव स्तर से राजभवन को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जायेगा। इधर, वायरल वीडियो के बाद प्रतिबंधित पिस्टल के मुद्दे पर जारी सियासत थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मुद्दे पर विधायक सरयू राय और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता आमने सामने हैं। बहरहाल जिला प्रशासन की रिपोर्ट के बाद ही यह तय होगा कि स्वास्थ्य मंत्री के उपर लगे आरोप में कितनी सच्चाई है और सरकार क्या कदम उठाने जा रही है। दरअसल, यह मामला तब सुर्खियों में आया, जब विधायक सरयू राय ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर स्वास्थ्य मंत्री के पास प्रतिबंधित पिस्टल होने की शिकायत की। जिसके बाद सरयू राय ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर लिखित शिकायत करते हुए इसकी जांच की मांग कर दी। राजभवन को सरयू राय द्वारा सौंपे गए शिकायत पत्र में भारत सरकार के गृह मंत्रालय के ऑर्म्स सेक्शन के कमांडेंट आर्म्स द्वारा कोलकाता पुलिस को 27 जनवरी 2023 को प्रेषित निर्देश की छाया प्रति भी संलग्न किया है। जिसमें बताया गया है कि मेसर्स काउंटर मेजर्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित और जे विश्वास एंड कंपनी को 7 जनवरी 2022 को वितरण के लिए भेजी गई जी 44 मॉडल पिस्टल निर्माण और वितरण लाइसेंस की शर्तों को आर्म्स एक्ट के अधीन पूरा नहीं करता है।

## युवती ने युवक पर जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**रांची।** रांची के लालपुर थाने में एक युवती ने एक युवक पर जान से मारने की धमकी देने और गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि रामगढ़ जिले के बरकाकाना निवासी मेघा तिवारी रांची के लालपुर स्थित सरोज गर्ल्स हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है। हॉस्टल की रूममेट हॉस्टल में लड़के को बुलाती है। मकान मालिक के मना करने के बावजूद युवक इमरान अंसारी हॉस्टल में आता है। हॉस्टल में आकर इमरान धूम्रपान करता है। युवक के रूम में धूम्रपान करने पर युवती ने मना किया तो उसे जान से मारने की धमकी और गाली गलौज करने लगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि अभी कुछ भी नहीं कहा सकता है जब तक पूरी तरह से जांच न हो जाये तब तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

# कैंब्रियन स्कूल की छात्रा का मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर किया गया चयनित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड की छात्रा राजप्रिया कुमारी के मॉडल का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। राजप्रिया कुमारी के मॉडल को इंस्पायर अवॉर्ड्स मानक-2021-2022 के लिए दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। राजप्रिया द्वारा तैयार किया गया यह मॉडल एक ऐसा कार्यशील उपकरण है, जिसके द्वारा पशुओं को सुपाच्य भोजन उपलब्ध कराने के साथ - साथ घर में बचे खुचे भोजन का भी सदुपयोग किया जा सकता है। इस मॉडल में मानवतावादी और पर्यावरण हितैषी दृष्टिकोण को समाहित किया गया है। राजप्रिया द्वारा निर्मित यह मॉडल राज्य से चयनित चौदह मॉडल्स में से एक है, जो दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेगा। प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने इस सफलता के लिए राजप्रिया को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग तकनीक का युग है और इस मॉडल में मानवतावादी और पर्यावरण हितैषी पहलुओं का समन्वय सराहनीय है। राजप्रिया को उसकी प्रस्तुति के लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया है।

## खूंटी में ठोस और तरल कचरा प्रबंधन के लिए लोगों को किया जागरूक

**खूंटी।** स्वच्छता पखवाड़ा के गुरुवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन कर निर्मित संरचनाओं एवं कचरा प्रबंधन पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रखंडों में आयोजित ग्रामसभा के दौरान कहा गया कि शौचालयों के उपयोग तथा अच्छी आदतों को अपनाना होगा। इस प्रयास से पर्यावरण और जल को सुरक्षित एवं संरक्षित रख सकेंगे। ग्रामसभा का आयोजन कर हर घर में जल से संबंधित सर्टिफिकेशन प्राप्त किया जाएगा। ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, पेयजल का उचित उपयोग, पेयजल का गुणवत्ता परीक्षण के संदर्भ में आमजनों को पखवाड़ा के तहत जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को भागीदार बनाकर उन्हें जागरूक करना, पेयजल एवं स्वच्छता के लिए निर्मित आधारभूत संरचनाओं को निरंतर क्रियाशील रखने एवं लोगों को व्यवहार परिवर्तन के लिए प्रेरित करना है।

# डुमरी उपचुनाव लड़ेगा झारखंड खतियानी मोर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने झारखंड में तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए बेसरा ने कई संगठनों के साथ बैठक कर इसकी रणनीति तैयार की है बैठक में फैसला लिया गया कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में मोर्चा अपना प्रत्याशी देगा। उम्मीदवार की घोषणा जल्द ही होगी। इसके अलावा 2024 के चुनाव के लिए मोर्चा एक मजबूत विकल्प साबित हो, इसके लिए मोर्चा को और मजबूत किया जाएगा। संयोजक सूर्य सिंह बेसरा ने बताया कि बार- बार कहा जाता है कि झारखंड के निमार्ता शिबू सोरेन हैं, लेकिन असल में झारखंड के निमार्ता यहां के युवा और छात्र हैं, जिन्होंने संघर्ष कर झारखंड राज्य का निर्माण कराया। लेकिन विडंबना है कि इन युवाओं की लड़ाई अभी भी जारी है। कभी नियुक्ति के लिए, तो कभी नियोजन नीति के लिए , कभी स्थानीय नीति के लिए ये संघर्षरत हैं। इसलिए तीसरा मोर्चा का गठन किया गया है, जो गैर राजनीतिक है।

**इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन लेना शुरू :** बेसरा ने कहा कि जो भी हमारी विचारधारा से सहमत होगा, उसका स्वागत है। लेकिन बीजेपी,आजसू , कांग्रेस,जेएमएम और राजद को छोड़कर। बताया कि झारखंडी खतियानी मोर्चा ने चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन लेना शुरू कर दिया है। 2024 के चुनाव के लिए प्रमंडल स्तर पर संयोजक भी बनाए गए हैं और जो भी उम्मीदवार चुने जाएंगे, उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।


## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला
एस.एस. +2 उच्च विद्यालय, गुमला परिसर, गुमला पिन : 835207
*Email ID :- rmsagumla@gmail.com*

### अत्यावश्यक सूचना

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर अवमाननावाद संख्या 612/2022 में दिनांक 15.12.2022 को पारित अन्तिम न्यायादेश के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के विज्ञापन संख्या–21/2016 के तहत् अनुसूचित जिलों में नियुक्ति हेतु लम्बित अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी है, जिसमें इस जिला हेतु निम्नांकित विषयों के लिए स्तंभ 3 में अंकित अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित फाईल फोल्डर निदेशालय से दिनांक 10.05.2023 को प्राप्त हो चुकी है। विवरणी इस प्रकार है :–

| विषय | सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्रांक/दिनांक | इस जिला को प्राप्त अनुशंसित अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| गृह विज्ञान एवं नागपुरी | 1354 / 09.05.2023 | गृह विज्ञान – 03<br>नागपुरी – 04 |
| संस्कृत | 1355 / 09.05.2023 | 08 |
| संगीत | 1377 / 10.05.2023 | 01 |
| कुल | | 16 |

उक्त के आलोक में अनुशंसित विषय के सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति एवं पदस्थापन के पूर्व उनके शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवासीय/जाति प्रमाण पत्रों की जांच/काउन्सेलिंग इस कार्यालय के ज्ञापांक 948 दिनांक 11.05.2023 द्वारा **दिनांक 13.05.2023** के **पूर्वाह्न 10:00 बजे** से एस.एस. +2 उच्च विद्यालय गुमला में आयोजित की गयी है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक **13.05.2023** को **पूर्वाह्न 10:00 बजे** से एस.एस. +2 उच्च विद्यालय गुमला में अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवासीय /जाति प्रमाण पत्र/आधार/पैन/चार रंगीन फोटो की मूल प्रति के साथ एवं दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ काउन्सेलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे इसके अलावे किसी अभ्यर्थी को सी.बी.एस.ई./केन्द्रीय विद्यालय/जवाहर नवोदय विद्यालय या आई.सी.एस.ई. बोर्ड में अध्यापन कार्य कराने का अनुभव हो तो उसकी मूल प्रति एवं स्व. अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ काउन्सेलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

PR 297161 (Jharkhand Education Project Council)23-24*D — जिला शिक्षा पदाधिकारी गुमला


# किसानों को तकनीकी खेती में सहयोग के लिए 'प्रदान' बना वरदान

तकनीकी

# तरबूज का उत्पादन कर किसान उठा रहें हैं लाभ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कृषि, बागवानी, कुक्कुट पालन सहित खेती-किसानी की अन्य गतिविधियों में किसानों को तकनीकी सहयोग देनेवाली जिले की प्रसिद्ध स्वयंसेवी संस्था खूंटी जिले के तरबूज उत्पादक किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आठ-दस वर्ष पहले तक खूंटी जिले के लोग बिहार या झारखंड के अन्य जिलों तरबूज का स्वाद ले पाते थे, लेकिन 'प्रदान' के सहयोग से अब खूंटी जिले में तरबूज की बंपर खेती हो रही है। तोरपा प्रखंड के गुटुहातू गांव के तरबूज उत्पादक किसान पारस गुड़िया बताते हैं कि किसान तरबूज के लिए सही बाजार नहीं मिलने से परेशान रहते थे और औने-पौने दाम पर तरबूज को खपाते थे। पारस कहते हैं कि अगर सही जानकारी और सही तरीके से खेती की जाए तो न सिर्फ ये परेशानी दूर हो सकती है बल्कि लाभ में वृद्धि भी होगी। उन्होंने कहा कि 'प्रदान' संस्था की तकनीकी सहायता और तोरपा महिला किसान उत्पादक कंपनी की स्थापना से तरबूज उत्पादक किसानों को काफी लाभ हुआ है। प्रदान संस्था के अधिकारी अर्पण मंडल बताते हैं कि खूंटी क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी को देखते हुए 'प्रदान' संस्था ने तरबूज को एक लाभदायक फसल के रूप में चुना और किसानों के साथ तरबूज की खेती को बढ़ावा दिया। एक एकड़ में तरबूज उगाने से एक सीजन में औसतन आठ मीट्रिक टन तरबूज का उत्पादन होता है और और उससे किसानों को 70 से 80 हजार रुपये की आमदनी होने की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि इस साल खूंटी जिले के एक हजार से भी अधिक किसानों ने लगभग चार सौ एकड़ क्षेत्रफल में तरबूज की खेती की है। मंडल ने बताया कि एफपीसी ने किसानों के 195 मीट्रिक टन तरबूज के लिए बाजार खोजा और 250 मीट्रिक टन के लिए बाजार व्यवस्था कराने का लक्ष्य रखा। किसानों की आमदनी बढ़कर 14 लाख रुपये हो गई, जिससे किसानों पर खासा प्रभाव पड़ा है। बताया गया कि प्रदान की टीम ने तरबूज की खेती के लिए उन किसानों का चयन किया, जिनके पास सालों भर जल स्रोत उपलब्ध है। कृषि कैडरों की पहचान कर तरबूज की खेती करने वाले किसानों की सहायता के लिए कीट प्रबंधन और उर्वरक कार्यक्रम भी संस्था द्वारा आयोजित किये जाते हैं। किसानों को उनके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण बीज, जैविक उर्वरक, कीटनाशक उपलब्ध कराने में भी प्रदान ने किसानों की सहायता की। इसके लिए एफपीसी ने किसानों को प्रशिक्षण दिया और एक्सपोजर विजिट भी कराए गए, ताकि उत्पादन बेहतर हो। तोरपा प्रखंड के बड़े तरबूज उत्पादक किसान विवेक कुमार ने कहा कि इस वर्ष तरूज का उत्पादन आशा के अनुरूप नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हर वर्ष वे तरबूज की खेती से दो लाख रुपये से अधिक की कमाई करते हैं, लेकिन इस बार फसल अच्छी नहीं हुई। विवेक ने कहा कि जनवरी से अप्रैल महीने तक एक दिन भी अच्छी बारिश नहीं होने के कारण फसल प्रभावित हुई है। सोसोटाली गांव की महिला किसान मन्वंती देवी ने कहा कि इस बार तरबूज का आकार काफी छोटा रहा। इसके कारण कम लाग पर बेचना पड़ रहा है। गुटुहातू के किसान दादू आईंद और उनके भाई सुधीर आईंद ने कहा कि अन्य वर्षों की तुलना में उत्पादन कुछ कम जरूर हुआ है, पर खेती से नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि गत मंगलवार की साप्ताहिक हाट में कुछ तरबूज बेचे थे और उत्पाद का अधिकांश भाग प्रदान संस्था ने खेत से ही खरीद लिया।


## झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 16/2023-24/RWD/KHUNTI — दिनांक :- 10.05.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ KHUNTI/ 01/2023-24 | बिनगाँव से पुकुटोली भाया रोन्हे तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 6.750 कि0मी0) | 3,08,50,400.00 | तीन करोड़ आठ लाख पचास हजार चार सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **23.05.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **02.06.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **खूँटी** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **05.06.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (05.06.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **06.06.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **खूँटी** के पक्ष में एवं **खूँटी** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मेन्ट सेल

PR 297083 Rural Work Department(23-24).D

# हाई कोर्ट ने चार अल्ट्रासाउंड क्लीनिक संचालकों को दी राहत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में गुरुवार को भ्रूण जांच को लेकर पूर्वी सिंहभूम के तत्कालीन सिविल सर्जन की ओर से अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों को दिए गए रजिस्ट्रेशन का विरोध करने वाले जनहित याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने चार अल्ट्रासाउंड क्लीनिक संचालकों को राहत दी है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इन चार अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों के मामले में डीसी जमशेदपुर ने आदेश पारित किया था, ये अल्ट्रासाउंड क्लीनिक हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक से प्रभावित नहीं होंगे। हस्तक्षेपकर्ता में से शेष 10 लोगों के मामले में नवीनीकरण के आवेदन लंबित थे, ऐसे में सक्षम पदाधिकारी के द्वारा उन सभी आवेदनों पर नवीनीकरण के संबंध में निर्णय लिया जाए। इस जनहित याचिका के लंबित रहने का उस निर्णय पर कोई प्रभाव नहीं होगा। मामले में 14 अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट द्वारा इनके संचालन पर लगी को हटाने एवं कोर्ट के आदेश में सुधार का आग्रह किया गया था। हस्तक्षेपकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने कोर्ट को बताया कि 14 हस्तक्षेपकर्ता में से चार आवेदनकर्ता ऐसे हैं जिनके मामले में डीसी ने नवीनीकरण सर्टिफिकेट निर्गत किया था। अन्य 10 के मामले में नवीनीकरण आवेदन काफी पूर्व में जमा किए गए थे, जिस पर 90 दिन के भीतर निर्णय नहीं लिए जाने से स्वत नवीनीकरण से संबंधित प्रावधान लागू होंगे। इसलिए बाद में तत्कालीन सिविल सर्जन के द्वारा यदि कोई आदेश अथवा पत्र निर्गत भी किया गया है तो हस्तक्षेपकर्ता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। अतः इन्हें अल्ट्रासाउंड क्लीनिक चलाने से रोकना उचित नहीं है। पूर्व में कोर्ट के आदेश के आलोक में पूर्वी सिंहभूम के तत्कालीन सिविल सर्जन द्वारा 27 अल्ट्रासाउंड क्लीनिक को दिए गए रजिस्ट्रेशन पर रोक लगाई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था जमशेदपुर डीसी ने 27 अल्ट्रासाउंड क्लीनिक को काम करने पर रोक लगाई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने पैरवी की।

## पेड़ों की कटाई पर कोर्ट ने प्रार्थी से 12 जून तक मांगा जवाब

**रांची।** लॉकडाउन के समय पलामू में पेड़ों की अवैध कटाई से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए अदालत ने सरकार की ओर से दायर शपथपत्र पर प्रार्थी को जवाब दाखिल करने को कहा है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट ने प्रार्थी को 12 जून तक का समय दिया है। इस संबंध में सरकारी कर्मचारी कमलेश सिंह ने जनहित याचिका दायर की है। सुनवाई में अदालत को बताया गया कि जब देश में लॉकडाउन था तो वन विभाग, पुलिस व माफिया की मिलीभगत से पेड़ काटे जा रहे थे। इसके बाद प्रार्थी ने सीएम को ट्वीट किया। ट्वीट के बाद डीजीपी ने उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। फिर पांकी थाना में केस दर्ज किया गया। लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। सरकार द्वारा बताया गया कि मामले में जवाब दाखिल कर दिया गया है। इस पर प्रार्थी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया।

## गुरु नानक स्कूल में छात्रों के लिए इंटरेक्शन सत्र का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल रांची, में कक्षा 10वीं तथा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए इंटरेक्शन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में विभिन्न संकाय एवं विषय के अनुसार भारतीय वायु सेना में भर्ती एवं सेवा के लिए की जाने वाली तैयारियों की जानकारी दी गई। स्कूल की प्राचार्या डॉ। कैप्टन सुमित कौर ने भारतीय वायु सेना के ग्रुप कप्तान मनजीत सिंह सिद्धू को स्कूल का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया। उपप्राचार्या सोनिया कौर ने दीपज्योत कौर को पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ। कैप्टन सुमित कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सत्र उनके भावी जीवन में लक्ष्य प्राप्ति में मददगार साबित होंगे। यह सत्र विद्यार्थियों के लिए वायु सेना के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करने में सहायक होंगे। अतः स्कूली जीवन से ही विद्यार्थियों को भविष्य के लिए सजग एवं सचेत रहना चाहिए।

# नेता प्रतिपक्ष मामले में सुनवाई 16 मई को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति के मामले में अब स्पीकर और हाईकोर्ट के अधिकारों पर सुनवाई होगी। इसके लिए 16 मई की तिथि निर्धारित की गयी है। गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान विधानसभा सचिव अदालत में हाजिर हुए। उन्होंने हाईकोर्ट को बताया कि बीजेपी ने बाबूलाल मरांडी का नाम नेता प्रतिपक्ष के रूप में भेजा था, लेकिन दल-बदल का मामला रहने के कारण स्पीकर ने दूसरे का नाम देने को कहा था लेकिन बीजेपी ने दूसरा नाम नहीं भेजा। स्पीकर के पास झाविमो से कांग्रेस में शामिल हुए विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की के दल-बदल का मामला भी लंबित है। सभी की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला दिया जाएगा। स्पीकर को दूसरा नाम मांगने का अधिकार नहीं! इसका प्रार्थियों की ओर से विरोध किया गया। प्रार्थियों के अनुसार स्पीकर को किसी दूसरे का नाम मांगने का अधिकार नहीं है। इसलिए हाईकोर्ट, स्पीकर को निर्णय लेने का आदेश जारी करे। सरकार की ओर से इसका विरोध किया गया। सरकार का कहना था कि हाईकोर्ट, स्पीकर को सीधे आदेश नहीं दे सकता। यह हाईकोर्ट के अधिकार में नहीं है। इसके बाद अदालत ने स्पीकर और हाईकोर्ट के अधिकारों पर सुनवाई के लिए 16 मई की तिथि निर्धारित की। दरअसल, 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा की ओर से बाबूलाल मरांडी, प्रदीप यादव और बंधु तिर्की ने



जीत हासिल की थी। बाद में बाबूलाल मरांडी ने गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में झाविमो का बीजेपी में विलय कर दिया वहीं बंधु तिर्की और प्रदीप यादव, कांग्रेस में शामिल हो गए। बंधु और प्रदीप यादव ने झाविमो के विलय को गैर-संवैधानिक बताया। स्पीकर से शिकायत की वहीं बीजेपी विधायकों ने प्रदीप यादव और बंधु तिर्की के खिलाफ स्पीकर न्यायाधिकरण में शिकायत की। फिलहाल, दोनों ही मामले लंबित हैं।

## हज यात्रियों के टीकाकरण के लिए 13 और 16 को लगेगा कैंप

**रांची।** हज यात्रियों के लिए 13 मई को धतकीडीह के मदरसा फैजुल उलुम और 16 मई को साकची के जामा मस्जिद में टीकाकरण कैंप लगेगा। यह जानकारी सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी ने दी। उन्होंने बताया कि टीकाकरण के लिए दोनों कैंप में जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. रंजीत पांडा, सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शाहिद अनवर, जुगसलाई सीएचसी की एएनएम मिथिलेश, अन्नपूर्णा पालित, सदर अस्पताल के फार्मासिस्ट ओम प्रकाश ठाकुर, क्षेत्रिय कार्यकर्ता रिबू लकड़ा और जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय के लिपिक इशाक अहमद को तैनात किया गया है।

# सांसद ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से पल्स अस्पताल को एम्स का एक्सटेंशन सेंटर बनाने का किया आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पल्स अस्पताल को जब्त किए जाने के बाद रांची के सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया को पत्र लिखा है। पत्र में सांसद ने इसे एम्स का एक्सटेंशन सेंटर बनाने और इस अस्पताल में सीजीएचएस के तहत मरीजों के उपचार की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। सांसद ने कहा है कि रांची की आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल पर भ्रष्टाचार का आरोप साबित होने के बाद पल्स अस्पताल और इसके डायग्नोस्टिक सेंटर को ईडी ने



कब्जे में लेकर सरकार को दे दिया है। यह रांची का अत्याधुनिक निजी अस्पताल और जांच केंद्र है, जो अब सरकार के अधीन हो चुका है। इस अस्पताल में वैश्विक स्तर की सुविधाएं और संसाधन मौजूद हैं। सेठ ने कहा कि वर्तमान समय में रांची में सरकारी अस्पताल के नाम पर रिम्स है, जहां मरीजों का अत्यधिक दबाव रहता है। झारखंड राज्य सहित आसपास के कई राज्यों की निर्भरता भी इस अस्पताल के ऊपर है। सांसद ने आग्रह किया है कि इस पल्स अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर को भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन एम्स के एक्टेंशन सेंटर के रूप में संचालित किया जाए। साथ ही यहां पर मरीजों का इलाज सीजीएचएस के तहत हो, इस दिशा में कदम उठाए जाएं।



NEWS इन ब्रीफ

## एडीजी अभियान 12 मई को लंबित मामलों की करेंगे समीक्षा

**रांची।** एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर 12 मई को चार साल से अधिक समय से लंबित मामलों की समीक्षा बैठक करेंगे। इसे लेकर सीआईडी के डीआईजी ने पलामू रेंज के आईजी और सभी रेंज के डीआईजी को पत्र लिखा है। डीआईजी की ओर से लिखे पत्र में कहा गया है कि एडीजी अभियान 12 मई को शाम चार बजे से चार सालों से अधिक समय से लंबित कांडों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लेना सुनिश्चित करें।

## छात्रा ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेदंडा गांव की मधुमिता कुमारी ने खुदकुशी कर ली। मधुमिता एस.एस मेमोरियल कॉलेज में बीए पार्ट टू की छात्रा थी। मधुमिता कुमारी ने गुरुवार को घर में पंखे की कुंडी में फंदे से झूलकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि छात्रा को दिनों से डिप्रेशन में थी ।उसका एग्जाम होने वाला था। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## नेहालु में पीएम आवास लाभुक दिवस मनाया गया

**बेड़ो।** प्रखंड के पंचायत सचिवालय नेहालू में प्रधान मंत्री आवास लाभुक दिवस का मनाया गया। जहां पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा लाभुकों को बुलाकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली ताकि उनकी जो भी समस्या है उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा आपकी समस्याओ का होगा समाधान अब नहीं होगा कोई परेशान के तर्ज पर लंबित आवास योजनाओ को जल्द पूर्ण करने का दिशा-निर्देश दिया। बैठक में उप मुखिया जितिया उरांव वार्ड सदस्य बबलू लोहरा,सन्नी उरांव,पंचायत सचिव करमू कांडिर,रोजगार सेवक करमू गोप, कनीय अभियंता सुरेश लिण्डा, मेठ सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## नवनिर्मित साईं चावड़ी का 23 मई से किया जाएगा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हुटार गांव में नवनिर्मित श्री श्री 108 श्री साईं बाबा चावड़ी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का कार्यक्रम दिनांक 23 मई से 25 मई तक किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश तथा साईं बाबा का अधिवास के साथ किया जाएगा। जिसके बाद 24 मई को मंडप पूजन, बेदियों की स्थापना, 25 मई को स्थापना हवन एवं पूर्णाहुति भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# सभी फर्जीवाड़ों की हो सीबीआई जांच : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में जमीन घोटाले की ईडी जांच को लेकर मुखर रहे पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अब राज्य गठन के बाद जमीन संबंधी तमाम फजीर्वाड़ों की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री उनके शुरूआती कार्यकाल से लेकर अबतक के पूरे कार्यकाल की जांच सीबीआई से कराएं। गुरुवार को बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सोशल मीडिया पर लोग उनसे यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या इतना बड़ा जमीन घोटाला सिर्फ.तीन सालों में ही हो गया है? उन्होंने कहा कि लोगों का यह सवाल और उस पर हमसे जवाब मांगना वाजिब है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मेरा मानना है कि राज्य विभाजन के बाद जमीन के कागजातों के रख-रखाव की कमी एवं रिकाड्र्स को व्यवस्थित नहीं करने का फायदा दलाल, जालसाज, बिचौलियों ने कुछ बेईमान अफसरों-कर्मचारियों से मिलकर उठाया है। बाबूलाल ने कहा कि वह इस बात से भी इंकार नहीं करते कि राज्य बनने के बाद से ही ये धंधा हो रहा होगा। लेकिन यह भी सच है कि हेमंत सोरेन के सत्ता संभालने के बाद इस जमीन घोटाले को सत्ता के संरक्षण एवं हिस्सेदारी में परवान चढ़ा दिया गया। बाबूलाल ने कहा कि वह हेमंत सोरेन से अनुरोध करते हैं कि राज्य विभाजन ( मेरे कार्यकाल से ही ) जितने भी सरकारी, गैर सरकारी, गैरमजरूआ आम-खास समेत सारे जमीन ट्रांसफर/म्यूटेशन/गोरखधंधे के मामलों की जांच सीबीआई के हवाले कर दें।



## देवघर में 16 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**देवघर।** देवघर साइबर थाना की पुलिस ने पालाजोरी थाना क्षेत्र के पथरघटिया और सारठ थाना क्षेत्र के नया खरना गांव में छापेमारी कर 16 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में सफाउल अंसारी, गुलाम अंसारी, असीर अंसारी, रशीद अंसारी, मिथुन अंसारी, सइम अंसारी, सज्जाद अंसारी, हुसैन अंसारी, समीर अंसारी, सत्तार अंसारी, रहमत अंसारी, कलामुद्दीन अंसारी, मुजफ्फर अंसारी, मुकेश दास, पप्पू दास और धनंजय दास शामिल हैं।

# पाइप फटने से प्रत्येक दिन बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

राज्य सरकार जल ही जीवन है,पानी की एक-एक बूंद है कीमती जैसे जागरूकता वाले विज्ञापनों से लोगों को पानी के महत्व को बताने की कोशिश कर रही है। साथ ही पानी की बबार्दी को रोकने के लिए लाखो रुपए खर्च कर रही है। वहीं सरकारी कर्मचारी ही इस मंशा को नेस्तानाबूत करने में लगे हैं। इसका उदाहरण देखने को मिल रहा है गावां-तिसरी मुख्यमार्ग स्थित पावर हाउस के समीप। पुलिया के नीचे पानी की पाइप फटने से लगभग एक सप्ताह से पानी यूं ही बह रहा है। विभागीय कर्मचारियों की उदासीनता से प्रत्येक दिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों ने कई बार विभाग को अवगत कराया है बावजूद विभाग की तंद्रा टूट नहीं रही है। केवल फटे पाइप को बदल कर पानी की इस बबार्दी को रोका जा सकता है। इस संबंध में पीएचईडी के जेई जहिंद्र भगत ने कहा कि मिस्त्री भेज कर जल्द पाइप ठीक करवा देंगे।

## शिक्षक और विद्यालय समाज की रीढ़ शिक्षा व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण : बंधु



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि हमारे शिक्षक और विद्यालय ही सच्चे अर्थो में समाज की रीढ़ हैं साथ ही किसी भी दृष्टिकोण से शिक्षा व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण है। श्री तिर्की ने कहा कि किसी भी विद्यालय में सतर्कता और जागरूकता के साथ पढ़ाई और प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि आवासीय विद्यालय के मामले में यह जवाबदेही और भी बढ़ जाती है।

**तमाड़ प्रखण्ड के सालगाडीह में :** एकलव्य मॉडल आदिवासी विद्यालय का औचक निरीक्षण करने के दौरान श्री तिर्की ने आवासीय विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यालय कर्मचारियों से बातचीत के दौरान श्री तिर्की वास्ताविक स्थितियों से अवगत हुए और विद्यालय के समक्ष उपस्थित समस्याओं एवं चुनौतियों की जानकारी ली। विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ अपनी मुलाकात में श्री तिर्की ने सभी से मन लगाकर पढ़ाई करने और खेल एवं अन्य गतिविधियों में भी पूरी तरह सक्रिय रहने को कहा।

### झारखंड-बिहार में साइबर क्राइम के खिलाफ टेलीकॉम डिपार्टमेंट की कार्रवाई

# 2 लाख 25 हजार मोबाइल नंबर बंद किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची, झारखंड और बिहार में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खरीदे गए दो लाख 25 हजार से ज्यादा मोबाइल फोन नंबरों को रद्द कर दिया गया है। नंबरों की जांच के लिए डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम की ओर से अप्रैल महीने में चलाए गए स्पेशल ड्राइव के बाद यह कार्रवाई की गई है। इतना ही नहीं, फर्जी दस्तावेजों पर मोबाइल सिम कार्ड जारी करने वाले कुल 517 प्वाइंट्स ऑफ सेल्स को भी ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है। फजीर्वाड़े में शामिल लोगों के खिलाफ बिहार और झारखंड के कई जिलों के थानों में एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही है। डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम की इस कार्रवाई को साइबर फ्रॉड के खिलाफ बड़ा अभियान माना जा रहा है। दोनों राज्यों में जामताड़ा मॉड्यूल पर साइबर क्राइम की बड़ी संख्या में वारदात सामने आई हैं और इन्हें अंजाम देने के लिए फर्जी तरीके से जारी कराए गए लाखों सिम कार्ड का इस्तेमाल किया जाता रहा है। साइबर क्रिमिनल्स के खिलाफ कार्रवाई के दौरान भी हजारों की संख्या में सिम कार्ड बरामद किए जाते रहे हैं। बता दें कि मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर्स झारखंड-बिहार को एक ही सर्किल में रखकर ऑपरेट करते हैं। विशेष महानिदेशक दूरसंचार, डीओटी (लाइसेंस सेवा क्षेत्र-एलएसए-बिहार) की ओर से जारी एक बयान में बताया गया है कि अप्रैल 2023 के महीने में दोनों राज्यों में 2.25 लाख से ज्यादा मोबाइल नंबर डिएक्टिवेट कर दिए गए हैं। ऐसे अधिकांश सिम कार्ड अवैध-अनैतिक तरीकों से खरीदे गए थे। जिन 515 प्वाइंट ऑफ को ब्लैकलिस्ट किया गया है, उनके खिलाफ टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स द्वारा कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है। फजीर्वाड़े से सिम खरीदने वालों पर भी एफआईआर कराई जा रही है। डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकॉम ने सब्सक्राइबर वेरिफिकेशन एनालिसिस के लिए ए.आई और फेशियल रिकॉग्निशन पावर्ड सॉल्यूशन से तैयार की गई इंटेलिजेंस को पुलिस के साथ साझा किया है, ताकि फजीर्वाड़ा करने वालों की शिनाख्त कर उनके खिलाफ कार्रवाई तेज की जा सके।



## राज्य में वर्ष 2022-23 में 54 लाख बच्चों का हुआ स्वास्थ्य जांच

**रांची।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत वर्ष 2022-23 में राज्य भर के 54 लाख बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इनमें लगभग दो लाख बच्चों का इलाज दवाओं से हुआ, जबकि 922 बच्चों का इलाज विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन से किया गया। आरबीएसके के कोषांग प्रभारी सह उप निदेशक डॉ बुका उरांव ने गुरुवार को कहा कि जन्म से 18 साल तक के बच्चों एवं किशोरों की स्वास्थ्य जांच प्रसव केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल में की जाती है। जांच के लिए 280 मोबाइल हेल्थ टीम का संचालन किया जा रहा है। टीम विभिन्न प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों में जाकर बच्चों में होने वाली 40 चिन्हित रोगों की पहचान के लिए जांच करती है। गंभीर रोग से ग्रसित बच्चों को इलाज के लिए जिला अस्पताल और चिकित्सा महाविद्यालय रेफर किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डॉ अनिल कुमार ने कहा कि झारखंड विद्यालय स्वास्थ्य अभियान का आयोजन 14 नवंबर 2022 से 31 मार्च 2023 तक किया गया। योजना के तहत 21 लाख 94 हजार 106 बच्चों के स्वास्थ्य जांच का लक्ष्य निर्धारित है।

# पूर्णिमा लिंडा लौटी रांची,रेलवे स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अंतरराष्ट्रीय कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी पूर्णिमा लिंडा अपने विजय अभियान के साथ मास्को से रांची वापस लौटी। मास्को में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल भारतीय दल ने 10 स्वर्ण ,4 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 17 पदक जीते। पूर्णिमा लिंडा के वापस लौटने पर रांची रेलवे स्टेशन पर उसका भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर पूर्णिमा के विद्यालय संत अन्ना स्कूल की सिस्टर रजनी,सिस्टर एलिजा बा संत अन्ना और संत मारिया स्कूल के शिक्षक और कर्मचारी सहित झारखंड वुशु एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके बाद स्कूल परिसर में भव्य आयोजन के बीच पूर्णिमा लो।सन्मानित किया गया। राज्य की खेल निदेशक श्रीमती सरोजिनी लकड़ा ने अपने कार्यालय में पूर्णिमा का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। उन्होंने पूर्णिमा के उज्वल भविष्य की कामना की।

### तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस व गीता ज्ञान यज्ञ संपन्न

# ईश्वर को तर्क बुद्धि और शाब्दिक ज्ञान से नहीं जाना जा सकता है : स्वामी धनंजयानंद

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली पतराहातु हाई स्कूल मैदान में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान दिल्ली की ओर से आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस एवं गीता ज्ञान यज्ञ सम्पन। अंतिम दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़। इस अवसर में आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी धनंजयानंद जी ने कहा कि ईश्वर को तर्क बुद्धि और शाब्दिक ज्ञान द्वारा नहीं जाना जा सकता है। उस ईश्वर को मात्र आत्मज्ञान ब्रह्म ज्ञान द्वारा जाना जा सकता है। एक मधुमक्खी तब तक पुष्प के चारों ओर मंडराती है चक्कर लगाती है जब तक वह पुष्प से मधुर रस का आनंद नहीं ले लेती रस पीते ही मधुमक्खी शांत व स्थिर हो जाती है ठीक इसी प्रकार मनुष्य भी विभिन्न तर्कों, मतों, सिद्धांतों में तभी तक उलझा रहता है जब तक की ईश्वर की दिव्य अनुभूतियों का आनंद नहीं प्राप्त कर लेता। अलौकिक अनुभवों का रस चखते ही मानव की बेचैनी उसका भटकाव समाप्त हो जाता है और जीवन में वास्तविक आनंद वो शांति का अनुभव प्राप्त कर पाता है। साध्वी रंजना भारती जी ने कहा कि जिन्ह हरीभक्ति हृदय नहीं आनी जीवित शव समान तेहि प्राणी। अर्थात जिन्होंने भगवान की भक्ति को हृदय में स्थान नहीं दिया वह प्राणी जीते जी शव के समान है। आज भगवान को मानने वाले सभी लोग भक्ति कर रहे हैं और यह भी कहते हैं कि भगवान एक है लेकिन भक्ति के अनेकों तरीके जीवन में अपनाता है विचार करना है की अगर भगवान एक है तो भक्ति का मार्ग अनेकों कैसे हो सकता है।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने दिव्य विचारों और प्रेरणादायक भजनों का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में इस मौके पर सोहराय मुखियर, रंजीत घोष, शैलेश हाजरा, हरिपद मुंडा, लखीनारायण सिंह मुंडा, भूपेंद्र भगत, अमूल्य महतो, संतोषी देवी ,उषा देवी सुलोचना देवी, सावित्री देवी, गायिका सरिता भारती, गायक पवन, तबला वादक पप्पू पैड वादक चंदन एवं डेकोरेशन और साउंड पर मंटू , शंकर एवं स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग रहा।



## राष्ट्रीय सब जूनियर महिला ने चंडीगढ़ को 11-00 से पराजित कर सेमीफाइनल में



**रांची।** 04 से 14 मई 2023 तक बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राउरकेला ,उड़ीसा में आयोजित 13वी हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 2023 में गुरुवार को क्वार्टर फाइनल मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी चंडीगढ़ को 11=00से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई,झारखंड टीम की ओर से स्वीटी डुंगडुंग और जमुना कुमारी ने 05=05गोल की वही अंकिता मिंज ने 01गोल की।इससे पूर्व हॉकी झारखंड ने हॉकी उत्तराखंड को 4=0से तथा हॉकी पश्चिम बंगाल 18=0 से पराजित कर चुकी।झारखंड टीम का सेमीफाइनल में पहुंचने पर हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोलानाथ सिंह,खेल निदेशक झारखंड सरकार श्री मति सरोजनी लकड़ा सहित हॉकी झारखंड और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**नजर में** — जब तक करेंगे ड्यूटी तब तक रहेगा कैमरा ऑन

# सभी ट्रैफिक पोस्ट के पुलिसकर्मियों की होगी निगरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के सभी ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात जवानों को बॉडी वार्न कैमरा उपलब्ध करवा दिया गया है। पिछले कुछ दिनों से कुछ पोस्ट पर बॉडी वार्न कैमरा लगाकर जवान ड्यूटी कर रहे थे लेकिन अब सभी ट्रैफिक पोस्ट पर कैमरे उपलब्ध करवा दिए गए हैं। ऐसे में न सिर्फ ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर नजर रखी जा सकेगी बल्कि पुलिस से बदतमीजी करने वाले लोग भी कैमरे के रडार पर रहेंगे।

**ट्रैफिक एसपी ने दी जानकारी :** रांची में गुरुवार को रांची के ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने बताया कि रांची के सभी ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों को बॉडी वार्न कैमरों से लैश कर दिया गया है। लगभग 100 कैमरे अलग - अलग ट्रैफिक पोस्ट पर दिए गए हैं ,जिन्हें पहनकर ट्रैफिक पुलिस वाले ड्यूटी कर रहे हैं। ट्रैफिक एसपी ने बताया कि दिए गए कैमरे में प्राप्त बैकअप है ,बैकअप को रिजर्व करने के लिए भी व्यवस्था की गई है ,ऐसे में जब तक ट्रैफिक के जवान ड्यूटी पर रहेंगे तब तक उनके कैमरे ऑन रहेंगे।

**ड्यूटी के दौरान ऑन रहेगा कैमरा :** पुलिस मुख्यालय के तरफ से निर्देश दिया गया है कि बॉडी वार्न कैमरा पहना हुआ ट्रैफिक जवान जब तक सड़क पर ड्यूटी करेगा तब तक उसका कैमरा ऑन रहेगा। दरअसल हाल के दिनों में ट्रैफिक पुलिस को लेकर भी कई तरह की शिकायतें पुलिस मुख्यालय तक पहुंची थी वही पुलिस एसोसिएशन की तरफ से भी शिकायतें गई थी कि ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ बदतमीजी किया जाता है। अब दोनों ही हालातों में तमाम साक्ष्य पुलिस के पास उपलब्ध रहेंगे जिसके जरिए आरोप लगाने वाले के आरोपों की भी जांच हो जाएगी।

**118 कैमरा उपलब्ध करवाए गए है :** गौरतलब है कि झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से राजधानी समेत राज्य भर में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए 355 बॉडी वार्न कैमरा उपलब्ध कराए गए हैं राजधानी रांची में फिलहाल 118 कैमरा दिया गया है। जिसमें सिर्फ 100 को ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के बीच वितरण कर दिया गया है। कैमरे को क्लिप के जरिए वर्दी के जे पर लगाया जाता है। रांची के ट्रैफिक एसपी ने बताया कि कैमरा एक डिवाइस है जिसके लेंस में कैमरा इनस्टॉल है ।यह कैमरा चारों दिशाओं में घूम सकता है ।इसमें 15 दिनों तक का फुटेज स्टोर किया जा सकता है। इस कैमरे को जीपीएस की मदद से कंट्रोल रूम से भी जोड़ा जा सकता है, इसका फायदा यह है कि कंट्रोल रूम से भी जवानों की एक्टिविटी पर नजर रखी जा सकती है।



## बेड़ो के पुरियो में ग्रामसभा का किया गया आयोजन



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरियो के चुटुटोली गांव में गुरुवार को ग्राम प्रधान जयराम कच्छप की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा आयोजन किया गया। ग्राम सभा में मुखिया नीरज कुजूर ने ओडीएफ प्लस पंचायत,स्वच्छ पंचायत, शौचालय,मनरेगा के अन्तर्गत चलनेवाली योजनाओं सहित अन्य कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। मौके पर पंचायत के मुखिया नीरज कुजुर ने कहा कि अपने पंचायत क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने में लगा हूं। समाज के हर क्षेत्र में हर तबके का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही गांवों के सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए योजनाओं को बेहतर तरीके कार्य करना है। मौके पर पंचायत सचिव सनिका नाग वार्ड सदस्य सुषमा कुजूर संजय कच्छप सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दूसरा बोधि ट्री इंटर-स्कूल क्रिटिकल लिटरेचर कॉन्क्लेव-2023 में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपने शानदार व अनुकरणीय प्रदर्शन से बाजी मार ली। इस प्रतियोगिता में भारत के 28 स्कूलों ने भाग लिया था। कक्षा 10वीं की प्रज्ञाश्री होता और निष्का राज को रचनात्मक लेखन श्रेणी के लिए ओवरऑल प्रतिनिधिमंडल खंड में प्रथम रनर अप का स्थान दिया गया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की और अधिक से अधिक छात्रों को अपनी रचनात्मकता को निखारने के लिए इस तरह के सम्मेलनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पर्यावरण के प्रति जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए अभियान की हुई शुरूआत

रांची। झारखंड सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (जेएसपीसीबी) और सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड) द्वारा संयुक्त रूप से आज मिशन लाइफ पर जन-जागरूकता अभियान की शुरूआत हुई। यह अभियान करीब एक महीने तक विभिन्न रचनात्मक क्रियाकलापों के जरिए आगामी 5 जून 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के संपन्न होने तक चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य एक लाख लोगों को इस अभियान से जोड़ना, मिशन लाइफ के उद्देश्य के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना और इसके मूल्यों को दैनंदिन जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अभियान के पहले दिन कई रचनात्मक गतिविधियों की कड़ी में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के छात्रों द्वारा मिशन लाइफ के लोगो को मानव श्रृंखला के जरिये बेहद मनमोहक और आकर्षक तरीके से चित्रित कर इसके प्रति जनसमर्थन व्यक्त किया गया।

# डाकघर में खाता खोलवाने को लेकर छात्रों ने किया आवेदन जमा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** चितरपुर उप डाकघर में 11 मई को प्राथमिक विद्यालय चितरपुर की प्रधानाध्यापिका मोहसिना आरा ने अपने विद्यालय की कई छात्र छात्राओं को अभिभावकों के साथ ले जाकर शून्य जमा राशि में बचत खाता खुलवाने को लेकर आवेदन फॉर्म भरकर जमा करवाया। मौके पर प्रधानाध्यापिका ने कहा कि इस खाते में बच्चों के विद्यालय से संबंधित पोशाक की राशि, छात्रवृत्ति राशि सहित अन्य राशि जमा की जाएगी। वहीं, उप डाकघर के प्रभारी पोस्टमास्टर रविशंकर राय ने कहा बच्चों के खाते को यथाशीघ्र खोलकर अभिभावकों को पासबुक दिया जा रहा है। खाता ऑनलाईन खोलकर पासबुक भी प्रिंटिंग कर दिया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि दीनबंधु पोद्दार, सहायक प्रवीण कुमार नायक, विशेश्वर पासवान, पूनम कुमारी, नूतन देवी, रानी देवी, ज्योति देवी, सुशीला देवी, रवि कुमार, बिनोद कुमार, प्रतिमा कुमारी, अनुराधा कुमारी, ईशिता कुमारी, धीरज रजक, आरूही कुमारी, स्वीटी, रिशिका कुमारी, सहिजा खातून, मो जमीरूददीन, खेदू महतो,बेबी देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बीएसएफ मेरू कैम्प में "दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन

# बीएसएफ का गौरवशाली इतिहास पर हम सभी को है गर्व : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का गौरवशाली इतिहास रहा है, इस पर हम सभी को गर्व है। राधाकृष्णन गुरुवार को हजारीबाग में आयोजित बीएसएफ मेरू कैम्प में "दीक्षांत परेड समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे बहादुर जवान राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करने के साथ आतंकवाद, तस्करी एवं आपराधिक गतिविधियों आदि पर नियंत्रण के लिए सदैव सचेष्ट रहते हैं। इसके लिये हमेशा अथक परिश्रम करते हैं। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने 1971 के युद्ध में अपनी दक्षता और साहस का प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय योगदान दिया है। देश के लिए किए गए सराहनीय कार्य के लिये



बीएसएफ को सलाम है। राज्यपाल ने सभी प्रशिक्षु उप-निरीक्षक को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों को मातृभूमि की सुरक्षा और सेवा करने का अहम अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने इन उप निरीक्षकों की ओर से प्रदर्शित परेड की सराहना करते हुए कहा कि ये प्रशिक्षण के दौरान आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि आपने जिस करियर का चयन किया है, वह चुनौतीपूर्ण और सम्मानजनक है। राष्ट्र की सुरक्षा का अहम दायित्व आप पर है। उन्होंने बीएसएफ के परिजनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपका सहयोग प्रंशसनीय है। मौके पर बीएसएफ के जवानों द्वारा बैंड डिस्प्ले और योगा का भी प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल ने सीमा सुरक्षा बल द्वारा लगाये गये शस्त्र प्रर्दशनी का भी अवलोकन किया। विधायक मनीष जयसवाल, पुलिस उप-महानिरीक्षक हजारीबाग जोन, उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग सहित बीएसएफ मेरू कैम्प के अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

### विधायक ने सौंपी चाभी, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का बढ़ता कदम

# तीन सखी मंडल को मिला ट्रैक्टर

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

महिलाओं के आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कई योजनाएं चला रखी है । इसी के के तहत गुरुवार को जेएसएलपीएस के तीन सखी मंडलो के बीच 80% अनुदान पर ट्रैक्टर, पवार टीलर और रीपर वितरित किए गए । ट्रैक्टर वितरण कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्थानीय विधायक सह विस निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव थे । उन्होंने बताया कि महिलाए आत्मनिर्भर होंगी तो समाज सशक्त होगा । एक स्वच्छ और पारदर्शी समाज का निर्माण होगा । राज्य सरकार सखी मंडल के माध्यम से सुदूर ग्रामों में स्वरोजगार के कई कार्यक्रम चलाकर महिलाओ को सुनियोजित करने का प्रयास कर रही है । उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि आज महिलाए किसी भी दृष्टि से पुरुषो से कम नहीं है । महिला समूह की दीदीओ ने यह साबित कर दिया कि निरंतर प्रयास से आत्मनिर्भरता



प्राप्त किया जा सकता है । आज सखी मंडल की दीदी स्वय ट्रैक्टर चलाकर खेती करने के योग्य है, यह खुशी और गौरव की बात है । मौके पर बीडीओ सी आर इंदीवर ने बताया ट्रैक्टर वितरण भूमि संरक्षण विभाग की ओर से 80 फीसदी अनुदान पर किया जा रहा है । इसके तहत प्रखंड के तीन सखी मंडल ओम शक्ति आजीविका सखी मंडल दुधपनिया, तुलसी आजीविका सखी मंडल गौरियाकरमा और खुशी आजीविका सखी मंडल बरसोत को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए कृषि कार्य को और बेहतर करने के लिए दिया जा है । इससे यह सभी धनोपार्जन कर शेष राशि पूरा करेंगे और आजीविका भी चलाएंगे । ट्रैक्टर के माध्यम से कृषि कार्य करे, इसे भाड़ा पर चलाए और धनोपार्जन करे । उन्होंने अन्य महिलाओ को भी समूह से जुड़ने और बेहतर करने की बात कही जिससे उन्हे भी बेहतर सहयोग दिया जा सके । सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने भी महिलाओ को जागरूक करते हुए बेहतर कार्य करने के लिए हौसलावर्धन करते हुए सरकार के अधिकतम योजनाओ के लाभ लेंने की बात कही । वितरण कार्यक्रम में प्रमुख मनोज रजक, करियारपुर मुखिया मनोज कुमार, कांग्रेस राज्य कमिटी के सदस्य डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, सखी मंडल की दीदी आदि सहित कई लोग उपस्थित थे । कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्यातिथि विधायक अकेला सहित उपस्थित गणमान्य और अधिकारियो ने फीता कटकर किया।

## विधिक शिविर स्थगित

**बरही ।** शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में लगने वाले विधिक शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है । उक्त जानकारी बीडीओ सी आर इंदीवर ने दिया । उन्होंने बताया कि फिलहाल विधिक शिविर की अगली तिथि निर्धारित नहीं की गई है। सूचना मिलते ही जनहित में प्रसारित कर दिया जायेंगे । विदित हो कि निदेशक लेखा प्रशासन एवं संयोजन जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निर्देशानुसार लीगल समस्याओं के समाधान हेतु विधिक शिविर हेतु शनिवार को तिथि निर्धारित की गई थी।

# रामगढ़ विधायक ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड अंतर्गत गोला में रोड में 200 केवीए एवं कुजूकलां गांव में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उदघाटन विधायक सुनीता चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि गांव में लगे ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी गांव के लोगों ने उन्हें दी थी। इसके बाद उन्होंने विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगवाने का निर्देश दिया था। इसके बाद गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। विधायक ने कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब परेशानी नही होगी । उन्होंने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की सलाह डी । विधायक ने कहा कि वह ग्रामीणों के हर सुख दुःख का साथी बनना चाहती हैं। उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है। ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बताएं। वे समस्याओं का समाधान कराने के लिए तत्काल पहल करेंगे। बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। पहले के जमाने में लोग अंधेरे में रहते थे। लेकिन आज बिजली की वजह से हमको अंधेरे में भी उजाला देखने का मौका मिलता है। मौके पर जिप सदस्य सरस्वती देवी, चन्दर महतो, अशोक महतो, सरिता देवी, राहुल कुमार, कुंदन, जगरनाथ प्रसाद, राजेन्द्र प्रजापति, बालेश्वर प्रजापति, मो मेराज, पंचम प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, आनंद कुमार, त्रिलोकी प्रजापति, राजेश प्रसाद, सोनू नायक, शंकर नायक, शक्ति नायक, अशोक गुप्ता प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### मदरसा मजहरे हसनात में एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर आयोजित

# 109 हज यात्रियों को हज यात्रा की दी गई जानकारी, किया गया टीकाकरण





**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड राज्य हज कमेटी रांची के आदेशानुसार 11 मई को मदरसा मजहरे हसनात जामा मस्जिद गोलपर रामगढ़ में एक दिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। हज प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता मौलाना हाजी कलीमुद्दीन रिजवी ने किया। मौके पर वर्ष 2023 ई. में हज में जाने वाले हज यात्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान हज यात्रियों को मौलाना हाजी अबुल कलाम औरंगाबाद ने घर से लेकर एयरपोर्ट जेद्दा, मक्का मदीना, सफा, मरवा कार्यों को पूरा करने के संबंध में विस्तार से बताया । रांची से आए सरफराज ने भी विस्तार पूर्वक हज के अरकान को बताया । इसके अलावा मौलाना हाजी कलीमुद्दीन रिजवी ,मुफ्ती इजहार अहमद अमजदी ,हाजी मो रईस खान रजवी ने भी हाजियों की तरबियत की। प्रशिक्षण के दौरान जानकारी दी गई की इस वर्ष 109 हज यात्री हज पर इस वर्ष जाएंगे। प्रशिक्षण का संचालन कारी मुस्ताक अहमद रजवी ने किया। उन्होंने बताया की इस बार सऊदी रियाल भारतीय स्टेट बैंक रामगढ़ से ही लेना होगा। इसकी सुविधा उपलब्ध है। प्रशिक्षण के बाद हाजियों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण के लिए चिकित्सकों की टीम मौजूद रही । जिसमे डॉ सरवर आलम मुख्य रूप से शामिल थे। प्रशिक्षण शिविर में मौलाना अनवर, मौलाना सद्दाम , कारी इम्तियाज, कारी नसीम अख्तर, कारी लुकमान, मौलाना अबू हुरैरा ने शिरकत किया। इस प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में वाइजुल हक खान, ए. मजीद, आजाद कुरैशी, फजलु खान, जाबिर कुरैशी, वसीम महफूज आलम, जियाउल हक खान, अमीर शहजाद, जमील कुरैशी, ग्यास खान, रईस खान आदि शामिल थे।

# स्वच्छता के प्रति मुखिया ने लोगों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्वच्छता को लेकर मुखिया अब्बास अंसारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कि गई। बैठक का संचालन ईश्वर यादव ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लोगों से जल जंगल और जमीन बचाने की अपील की। बैठक में ग्रामीण स्कूल रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराने को लेकर हो हल्ला करने लगे। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं



प्रतिनिधियों पर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए जल्द मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों के मुताबिक अगर स्कूल रास्ते को जल्द अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया। तो बाध्य होकर आंदोलन किया जाएगा। कोनहरा कला स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय के रास्ते के लिए ग्रामीणों ने 3 अप्रैल 2021 को मुखिया मुंशी पासवान की अध्यक्षता में बैठक कर सर्वसम्मति से ग्यारह फीट रास्ते रखने निर्णय लिया था। इस बाबत वरीय पदाधिकारियों को भी अवगत कराया था। लेकिन आज तक रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त नहीं कराया गया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# विद्यार्थियों ने किया वात्सल्य धाम का भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के एमएसडब्लू विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग की छात्र-छात्राओं द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि के नेतृत्व में सहायक प्राध्यापिका संगीता कुमारी एवं पवन कुमार ने रामगढ़ वात्सल्य धाम का भ्रमण किया। मौके पर वात्सल्य धाम में उपस्थित बच्चों के बीच खाद्य एवं पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया । विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि ने बताया कि कुछ बच्चे किसी न किसी कारण से अपने माता-पिता से बिछड़ कर अनाथ हो जाते हैं । ऐसे बच्चों की सहायता के लिए रामगढ़ में एक वात्सलय धाम का होना बहुत गर्व की बात है । यहाँ बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास पर विशेष बल दिया जाता है साथ ही बच्चों की तब तक देखभाल की जाती है जब तक वह कानूनी रूप से परिपक्व नहीं हो जाते हैं । वहीं पवन कुमार ने बताया कि लोगों को वात्सल्य धाम में आकर बच्चों के बीच अपना समय बिताना चाहिए ताकि ऐसे बच्चों को माता-पिता की कमी महसूस न हो । मौके पर विकास कुमार, दीपक कुमार, ज्योति कुमारी, निर्मला कुमारी, बिलासो कुमारी, प्रियंका कुमारी, संतोष कुमार, संगीता कुमारी सहित अन्य लोगों की मौजूदगी थी ।

## बार एसोसिएशन में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**बरही ।** हाल ही में संपन्न हुए बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र राणा ने किया । जिसका शुभारंभ नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों की स्वागत के साथ हुआ । सभी पदाधिकारियों को बुके देकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया । एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संघ को समर्पित रूप से पूरी निष्ठा के साथ आगे ले जाने का शपथ लिया । साथ ही बरही बार एसोसिएशन की कमियों को मिलजुल कर शीघ्र दूर करने की बात कही । शपथ लेने वाले में अध्यक्ष झारखंडी साहा, उपाध्यक्ष उदय शंकर सिन्हा, सचिव राजकुमार लाल, संयुक्त सचिव रामचंद्र साव, कोषाध्यक्ष राधे लाल चौधरी सहित कार्यकारिणी सदस्य सुजीत प्रधान, सुशील कुमार सिंह, बैजनाथ प्रसाद, राजेश चौधरी, राम कृत सिंह, रामचंद्र चौधरी आदि शामिल है । इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भरत भूषण प्रसाद, हरेंद्र कुमार, सौरभ सिन्हा, मिथिलेश प्रसाद, रवि शंकर प्रसाद, मंजीत कुमार, सुनील कुमार दत्ता आदि मौजूद थे । शपथ मुख्य निवार्ची पदाधिकारी सत्य शरण प्रसाद ने दिलाई, मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी जयगोविंद प्रसाद भी मौजूद थे ।

## धमनाटांड़ के पास पुलिस ने बिहार निवासी एक युवक का किया शव बरामद

**रामगढ़।** रामगढ़-बोकारो मार्ग एनएच 23 के धमनाटांड़ के समीप गोला पुलिस ने 11 मई को एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक युवक की पहचान बिहार के सासाराम जिला के चेनारी थाना क्षेत्र निवासी विशाल कुमार सिंह, पिता नगीना सिंह उम्र 24 वर्ष के रुप में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है। पुलिस ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। जिसे पुलिस ने पहुंच कर कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक के पास से एक बैग मिला है। जिसमें मृतक का कई कागजात सहित कुछ कपड़े थे। पुलिस ने बताया कि कागजातों के आधार पर मृतक की पहचान हो पायी। पुलिस ने बताया कि पहली नजर में यह सड़क हादसा लगता है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसके संबंध में कुछ कहा जा सकता है।

**प्रेरित**

### पहली बार धोबघट में एक साथ बन रहा है 10 पीएम आवास, बीडीओ ने की सार्थक पहल

# मार्च में बैठक, अप्रैल में कार्य शुरू, लिंटन तक का कार्य पूरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड के सुदूरवर्ती पहाड़ी और अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्र धोबघट में संभवतः पहली बार दस लाभुको का प्रधानमंत्री आवास एक साथ बनने जा रहा है । उक्त संबंध में बीडीओ सी आर इंदीवर ने बताया कि बीते मार्च में लाभुको के साथ रानीचुआ पंचायत सचिवालय में एक बैठक किया गया था । जिसमे लोगो को आवास की पहली राशि निर्गत करते हुए आवास बनाने हेतु प्रेरित किया गया । लाभुक उनकी बातो पर अमल करते हुए आवास निर्माण प्रारंभ किए । उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल के स्थल जांच के क्रम में दसों लाभुको का प्लिंथ लेवल तक का कार्य पूरा पाया गया। जिसे और गति देने के लिए लाभुको को प्रेरित किया गया । वही प्रखंड समन्वयक कमलेश तिवारी ने बताया की वर्तमान में सभी लाभुको के आवास निर्माण कार्य लिंटन लेवल तक पूर्ण हो चुका है। कुछ ही दिनो मे सभी मकान की ढलाई करेगे । बीडीओ ने बताया कि निर्माण कार्य प्रगति पर है, जो पूर्णतः संतोष जनक है। शीघ्र ही दूसरी किस्त भी जारी कर दी जायेगी । प्राप्त सूची के अनुसार लाभुक में जहल सिंह पिता छट्ठू सिंह, परवा देवी पति धनी सिंह, जमनी देवी पति कैलाश सिंह, कार्तिक सिंह पिता छटू सिंह, छोटी सिंह पिता जानकी सिंह, मेघनाथ सिंह पिता पप्पू सिंह, अशोक सिंह पिता जीतन सिंह, कमल सिंह, लालो सिंह और केवल सिंह सभी के पिता पच्चू सिंह का नाम शामिल है । विदित हो कि बरही के इतिहास में यह पहला मौका है जब धोबघट जैसे क्षेत्र में लाभुको को पीएम आवास का सपना पूरा होने जा रहा है । इस कार्य के लिए एक बीडीओ इंदीवर जैसे महिला पदाधिकारी के साहसिक कदम का ही परिणाम है । जो महिला होने के बाबजूद भी दुर्गम क्षेत्र में धोबघट जाने का काम किया । बीडीओ ने यह भी बताया कि शीघ्र ही आवास पूरा करवाकर गृह प्रवेश भी करवाया जायेगा ।



# गुरु अर्जन देवजी का शहीदी पर्व को लेकर अखंड पर्व शुरु



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** डॉक्टर गली स्थित गुरूद्वारा कलगीधर सिंह सभा में गुरूवार से गुरू अर्जन देव जी महाराज की शहीदी पर्व को लेकर अखंड पाठ की लड़ी शुरू हुआ। अखंड पाठ की पहली लड़ी सरदार अवतार सिंह और उनके परिवार के द्वारा शुरू कराया गया, जिसका समापन 13 मई को होगा। 23 मई को विशेष दीवान सजेगा और इस दिन छबील का राहगीरों के बीच वितरण होगा। बाहर से आए रागी जत्था के द्वारा सबद-कीर्तन से भक्तों को निहाल किया जाएगा। इसके बाद लंगर का आयोजन होगा। पाठ ग्रंथी निरंजन सिंह, राजा सिंह, रवि सिंह के द्वारा कराया जा रहा है। पाठ में निरंजन सिंह ने जपियो जिन अर्जन देव गुरू फिर संकट जोन गर्ब न आयो-अर्थात जो प्रभु का नाम लेता है उसे मोक्ष प्राप्त होता है। वो इंसान कर्म योनि में नहीं आता है। तथा तेरा किया मीठा लागे हरि नाम पदार्थ नानक मांग। अर्थात अर्जन देव जी महाराज ने अपने शरीर पर बहुत कष्ट सहा और अपने संदेश में कहा था जो प्रभु कर रहे हैं वे अच्छा कर रहे हैं और शरीर को इंसान चाहिए। कार्यक्रम के बीच-बीच में जो बोले सो निहाल एवं अर्जन देव जी के जयकारों से गूंजता रहा। मौके पर गुरूद्वारा कमेटी के सचिव संजू लांबा, कोषाध्यक्ष अवतार सिंह, हरभजन सिंह बग्गा, सरदार नरेंद्र सिंह लांबा, हरजेंदर सिंह भल्ला, कुलवीर सिंह कालरा, अधिवक्ता आत्मानंद पांडेय, राजेश पांडेय, अशोक आरोडा, गुरूद्वारा सिंह सभा के प्रधान अवतार सिंह, सचिव यशपाल सिंह गोल्डन, अनिल आरोड़ा, गुरमिर्त सिंह बग्गा, हरजीत सलूजा, हरवंश लाल अजमानी, सुदेश कौर, कंवलजीत कौर, हरमीत कौर, कुलदीप कौर, चरणजीत कौर सहित कई लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर के साथ जुड़े ग्रिजली स्कूल के छात्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर भारत सरकार के द्वारा वर्चुअल वेबकास्ट का आयोजन किया गया जिसमे भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए और राष्ट्र को सम्बोधित किया। इस वर्चुअल वेबकास्ट में ग्रिजली विद्यालय के छात्र भी अटल टिंकरिंग लैब (एटीएल) के माध्यम से वर्चुअल वेबकास्ट में शामिल हुए और प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना और देखा। उन्होंने कहा की कुछ साल पहले शुरू की गई अटल टिंकरिंग लैब्स आज देश की इनोवेशन नर्सरी बन रही है। भारत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में तेज गति से प्रगति कर रहा है, इस वर्ष के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का विषय स्कूल टू स्टार्टअप - इग्नाइटिंग यंग माइंड्स है। गौरतलब हो की भारत सरकार ने वर्ष 1999 में 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में घोषित किया और तब से यह दिन पूरे राष्ट्र के लिए एक विशेष महत्व रखता है। ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ स्कूल में अपनी एटीएल प्रयोगशाला से इस वेबकास्ट में भाग लिया। इस वेबकास्ट में शामिल होकर छात्रों को देश भर में नई सुविधाओं की स्थापना के साथ-साथ देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कई नई प्रगति के बारे में पता चला। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, अटल टिंकरिंग लैब के इंचार्ज कुणाल अंबस्टा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे ।

## बिजली विभाग की लापरवाही से आम जनता परेशान

# बिजली संबंधी सभी समस्या में सुधार लाएं विभाग : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा गुरुवार को कार्यपालक अभियंता बिसेश्वर मरांडी से मुलाकात की। साथ पावर कट सहित अन्य बिजली संबंधी समस्या में सुधार लाने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही से आम जनता परेशान है। उमस भरी गर्मी में पावर कट की समस्या आम जनता के लिए काफी पिड़ादायक है। शहर से लेकर गांव तक पावर कट की समस्या सुधर नहीं रही है। जबकि बिजली विभाग द्वारा अंधाधूंध बिजली बिल भेजने का सिलसिला जारी है। बिजली रहे अथवा न रहे। ग्रामीणों के हाथों में बिजली बिल पहुंच ही जा रही है। विधायक ने कहा कि केरसई प्रखंड के कई गांवों के ग्रामीणों को अंधाधूंध बिजली बिल भेजा गया है। ग्रामीणों को सादा पर्ची में दस हजार रु. से लेकर 20 हजार रु. तक का बिजली बिल भेजा गया है। इससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। विधायक ने 20 मई को केरसई में कैंप लगाकर ग्रामीणों के बिजली संबंधी समस्या में सुधार करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि शिविर में विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहें। साथ अपनी उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करें। इसके अलावे जहां भी गलत बिजली बिल भेजा गया है। अथवा बिजली की समस्या है। वहां भी शिविर लगाएं। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जोनसन मिंज, शिशिर मिंज, नविन बिरेन तिर्की, निलेश एक्का सहित केरसई प्रखंड के भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पानी की समस्या को लेकर कोलेबिरा विधायक ने अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**सिमडेगा।** जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है जिसके कारण जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रही है और पीने की पानी की परेशानी को ध्यान में रखते हुए कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने पेयजल विभाग पहुंचकर कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र में खराब पड़े चापाकल जल मीनार सहित सभी चीजों को दुरुस्त करने की मांग रखी।विधायक ने कहा गर्मी के दिनों में पानी का जलस्रोत नीचे की ओर जा रहा है बहुत से चापाकल खराब है या जलस्तर नीचे जाने के कारण आम जनता त्राहि-त्राहि कर रहा है।ये शिकायतें हर रोज ग्रामीणों के माध्यम से प्राप्त हो रही है।विधायक ने विभाग को चापकल दुरूस्त कर पानी की समस्या को दूर करने के लिए कहा है । इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा सरकार की जन उपयोगी योजना हर घर नल जल योजना को भी विभाग सही काम करे ताकि लोगो को लाभ मिले उन्होंने कहा विभाग में गड़बड़ी की सूचना मिली है।इसपर विभाग से सारी जानकारी मांगी है।मौके पर मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, जमीर अहमद उर्फ प्रिंस जमीर हसन वाहिद और अन्य उपस्थित थे।

# 67 लोगों ने होल्डिंग टैक्स व ट्रेड लाइसेंस का शुल्क किया जमा



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** झुमरी तिलैया नगर परिषद के तत्वाधान में लोगों को उनके घर तक टैक्स जमा कराने की सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए गुरुवार को शहर के 2 स्थानों पर शिविर लगाया गया। ताकि कई वार्डो के लोग शिविर में आकर अपना टैक्स का भुगतान कर सके और उन्हें ऑफिस का चक्कर लगाना ना पड़े। झुमरी तिलैया नगर परिषद के नगर प्रशासक विनीत कुमार ने बताया कि होल्डिंग टैक्स जमा करना उपभोक्ताओं का कर्तव्य है और शहर वासियों को राजस्व वसूली कई विकास योजनाओं में इस राशि का खर्च किया जाता है लोगों को ऑफिस का चक्कर लगाना ना पड़े। इसके लिए अलग-अलग स्थलों पर कैंप लगाकर उन्हें सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।इधर रितिका प्राइवेट लिमिटेड के स्थानीय प्रबंधक सुदर्शन श्रीवास्तव ने बताया कि इस तरह के शिविर लगाने से उपभोक्ताओं को जहां एक ही स्थल पर सुविधाएं मुहैया उपलब्ध हो रही है वहीं उन्हें भागदौड़ से भी निजात मिल रहा है उन्होंने कहा कि मई और जून माह में अलग-अलग वार्डो में कैंप लगाया जाएगा एवं जून माह तक जो उपभोक्ता ऑनलाइन भुगतान करेंगे उन्हें 10% तथा ऑफिस या कैंप में भुगतान करने पर 5% का छूट दिया जाएगा। यह योजना का लाभ 30 जून तक ही मिलेगा।उसके बाद पूरा मूलधन का भुगतान ब्याज समेत उपभोक्ता को करना होगा। इधर झंडा चौक के पास एवं कला मंदिर में लगे शिविर में लगभग 67 लोगों ने एक लाख तिरसठ हजार का भुगतान किया ।

# हत्याकांड मामले में दो आरोपी धराए, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** ओडगा थाना क्षेत्र के तुरुपडेगा केरागाढ़ा नाला (खरवागाढ़ा बाजार से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर) के पास पिछले 5 मई को ग्रामीणों की सूचना पर ओडगा पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया था, पुलिस की काफी कोशिशों के बाद भी शव की पहचान तो नहीं हो सकी लेकिन स्थानीय ग्रामीणों की सूचना के आधार पर व्यक्ति की बेरहमी से हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि दोनों आरोपी तुरूपडेगा के हैं आरोपियों की पहचान माधव सिंह और समसोन तोपनो के रूप में हुई है। आरोपियों की निशानदेही में पुलिस ने हत्या के लिए इस्तेमाल की गई साइकिल की चेन को बरामद की है। ग्रामीणों की मानें तो मृत युवक तुरुपडेगा भोगता टोली में कुछ दिन पहले देखा गया था, जो गांव के लोगों से ओड़िया और इंग्लिश से बात कर रहा था। इस बीच गांव के माधव सिंह और समसोन तोपनो बिना किसी कारण के युवक से उलझ गए और उसको पहले सायकिल के चेन से मारा और जब वो अधमरा हो गया तो उसे केरागढ़ा नाला में ले जाकर पत्थर से कूच कर हत्या कर दिया। फिलहाल दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है।

# राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति में बानो स्कूल के 3 छात्रों ने मारी बाजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** झारखंड एकेडेमिक कौंसिल द्वारा घोषित राष्ट्रीय मेधा छात्रवृत्ति 2023 की परीक्षा में रामवि बानो के तीन बच्चों ने बाजी मारी। इनमे पहला चाँद फाराना , दूसरा वर्षा कुमारी तीसरा आदित्य कुमार मिश्रा हैं। विद्यालय से 8 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया था इनमेसे 3 बच्चों को सफलता मिली। इसके पूर्व वर्षों में भी लगातार इस विद्यालय के बच्चे इस परीक्षा में पास करते रहे हैं। पूरे विद्यालय परिवार खुशी और उल्लास से भरा है कि तीन तीन बच्चों को सफलता मिली है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक स्मिथ कु सोनी ने बताया कि तीनों बच्चे काफी तेज हैं। विद्यालय के अन्य बच्चे भी काफी होनहार हैं। विद्यालय की वर्ग शिक्षिका मंजू एरिका कंडुलना ने कहा कि ये पूरे विद्यालय परिवार की मेहनत का फल है। आज पूरा विद्यालय परिवार तीनो बच्चों को सम्मानित कर रहा है। इस अवसर पर सहायक शिक्षक नवीन कुमार ने कहा कि हमारा पूरा विद्यालय हमारे प्रधानाध्यापक स्मिथ कुमार सोनी के नेतृत्व में उतरोतर आगे बढ़ रहा है। आज इस विद्यालय की ख्याति राज्य ही नही बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर हो रही है। उन्होंने कहा कि हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हम इस विद्यालय के एक सदस्य हैं।

**जागरूक**

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में जी-20 कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों ने कई देशों के प्रतिनिधि के रूप में लिया हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को दो दिनी जी-20 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन इस कार्यक्रम में भारत, यूरोपियन कंट्री, रूस, ऑस्ट्रेलिया, सउदी अरबिया, अमेरिका, अर्जेंटिना, फ्रांस, ब्राजील, जापान ब्रिटेन और चीन समेत अन्य देशों के प्रतिनिधि के रूप में बच्चे शामिल हुए। रूस के प्रेसिडंट के रूप में जाह्नवी ओझा, आस्ट्रेलया के पीएम के रूप में वंदना कुमारी शामिल हुईं। इसके पहले स्कूल के निदेशक प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में दूसरे देशों की समझ बढ़ती है। जी-20 कार्यक्रम में कैसे एक-दूसरे देश के साथ लोग व्यापारिक और फाइनेंस डील पर हस्ताक्षर करते हैं, इसकी जानकारी मिलती है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को बधाई दी। स्वागत भाषण प्राचार्य नवीन कुमार ने दिया। बता दें कि कार्यक्रम में सभी देशों के प्रतिनिधि अपने देश के झंडे के साथ बैठे थे। पहले दिन शुक्रवार को ग्रीन डेवलपमेंट, जलवायु, वित्त, पर्यावरण,जलवायु परिवर्तन, डिजिटल पब्लिक इंफास्ट्रक्चर, टेक्नॉजिकल ट्रांस्फार्मेशन समेत अन्य विषयों पर चर्चा हुई। निर्णायक की भूमिका में प्राचार्य नवीन कुमार, एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार, सुभय कुमार, अनमोल रतन, पायल सिंह, फैयाज कैशर, जेपी सिंह थे। सभी कार्यक्रम एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा के निर्देशन में हुआ। इसमें लगभग 200 से अधिक बच्चों ने अलग-अलग देशों के प्रतिनिधि के रुप में हिस्सा लिया। आयोजन को सफल बनाने में अभिलाषा सिंह, आशुतोष गौतम, रजनीबाला, शंकर कुमार, विक्रम कुमार, पवन ठाकुर, राहुल कुमार, सुमित साव समेत स्कूल के अन्य शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों का योगदान रहा। इस कार्यक्रम का फाइनल राउंड 13 मई को होगा। कार्यक्रम को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा।

# कोडरमा में साइकिल सवार को बचाने में कार पेड़ से टकराई, तीन घायल

**कोडरमा ।** जयनगर थाना के कठहाडीह के समीप गुरुवार की सुबह सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। वहां एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार एक स्विफ्ट डिजायर कार से दो लोग कठहाडीह से तिलैया की तरफ आ रहे थे। इस दौरान मोड पर अचानक एक साइकिल सवार के आ जाने से उसे बचाने में कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जाकर टकरा गई। इसके बाद कार में सवार यदुटांड निवासी महावीर यादव , राजेश यादव एवं साइकिल सवार कठहाडीह निवासी अख्तर खान घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से इन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने महावीर यादव को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है।

# डीटीओ ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान




**कोडरमा।** उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद के नेतृत्व में स्कूली बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में उत्क्रमित उच्य विद्यालय इंदरवा में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि सड़क पर दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल जरुर करें। वाहन चलाते समय फोन का इस्तेमाल न करें। उन्होंने बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में भी बताया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक हिमांशु रंजन, अभिषेक मंराडी व अन्य मौजूद थे।

# जितुटोली स्कूल की छात्रा गर्मी के कारण बेहोश

**बानो।** भीषण गर्मी पड़ रही है जिसके कारण जनजीवन प्रभावित है और खासकर स्कूली बच्चों पर इसका प्रभाव पड़ रहा है जिससे कि बच्चों के अंदर कई प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है ।प्रखण्ड के जनता उच्च विद्यालय जितुटोली की वर्ग 9वीं की छात्रा जोशी बारला अपने क्लास में बेहोश होकर गिर पड़ी उसने गर्मी सहन नही कर सकी, जोशी को तुरंत इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो ले जाया गया ।जहां पर इलाज के बाद स्थिति सुधार में है ।मालूम हो कि विद्यालय प्रातः सात बजे आरंभ होती है ।जोशी लगभग 8 किलोमीटर दूर ग्राम ओल्हान से विद्यालय आती है।

# हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के बलियाजोर लेटाबेड़ा के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल इलाज के लिए लाया गया बोलबा अस्पताल । इस मौके पर घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखंड के बलियाजोर लेटा बेड़ा तम्बू टोंगरी के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में दिनेश बरवा पिता रोबर्ट बरवा उम्र 28 वर्ष कहुपानी गांव का रहने वाला ने गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । उन्हें 108 एंबुलेंस की सहायता से बोलबा अस्पताल लाया गया । डॉक्टर देबातोष भुटिया की देखरेख में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया । बताया गया कि उन्हें अंदरूनी गंभीर चोटें हैं । इस मौके पर डॉ देबातोष भुटिया सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे ।

# विधायक ने किया योजनाओं का निरीक्षण

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड में विधायक विक्सल कोंगाडी ने दौरा कर विकास योजनाओं का किया निरीक्षण । इस मौके पर बताया गया कि कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाडी ने बोलबा प्रखण्ड कार्यालय पहुंचकर मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास, 15वेन वित्त का योजना, पेयजल पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से जानकारी लिया । इस मौके पर बताया गया कि गांवो में जहाँ पानी नही है और वहाँ पर जलमीनार लगाया गया है । उसकी जाँच होगी । खराब पड़े सभी चापाकल की मरम्मत होंगी । वहीं सुगाडोंगर गाँव में एक डीप बोरिंग किया गया है । बताया गया कि वहाँ सिर्फ 80 फीट बोरिंग हुआ है । वहाँ पानी नही है उसी में जलमीनार लगा दिया गया है । इसके साथ बोलबा अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया । बताया गया अस्पताल में 15 दिनों से पानी नहीं है । वहाँ के स्टाफ बाहर से पानी ला रहे है । मरीजो को काफी परेशानी हो रही है । यहाँ जलमीनार लगाने की माँग किया गया । इस मौके पर विधायक विक्सल कोंगाडी, विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, सम्मी आलम, संजय कुजर, ममता केरकेट्टा के साथ कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत तुमडेगी गांव में बीती रात शादी समारोह में आए हुए रांची के कोकर निवासी समीर बसंत मिंज की गाड़ी के अंदर संदेहास्पद स्थिति में बेहोश पाया गया परिवार वालों ने तत्काल उसे सदर अस्पताल सिमडेगा लाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया इधर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद सिमडेगा पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में लिया एवं पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया बताया गया कि समीर बसंत मिंज मूल रूप से पिथरा जाईटोली निवासी है जो कि रांची रेलवे में नौकरी करता था और शादी समारोह में घर आया था ।कयास लगाया जा रहा है कि गाड़ी में सोने के दौरान दम घुटने से उसकी मौत हो गई होगी हालांकि पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

# सड़क हादसे में दो युवक घायल

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गरजा स्थित संघ नदी पुलिया के पास गुरुवार को सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गए। जिसमें एक कि सिर में अत्यधिक चोट लगी। घायलों की पहचान पिथरा गुलड़ा निवासी सुमित खलखो एवं सचिन के रूप हुई। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया गया जहां उनकी इलाज चल रही है घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक नशे का सेवन करते हुए सिमडेगा से अपने घर की ओर जा रहे थे इसी दौरान शंख नदी पुलिया के पास बिजली पोल को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि सचिन के माथे में गंभीर चोट लगी जबकि सुमित को हल्की चोट लगी इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद सिमडेगा सदर थाने से सब इंस्पेक्टर रवि रंजन अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना, तथा आगे की कार्रवाई में जुट गए।

# इलाज के दौरान व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत किनकेल धोबीटोली गांव निवासी 52 वर्षीय फिरन उजरा जो सदर अस्पताल सिमडेगा में कीटनाशक पीकर इलाजरत था, उसकी इलाज के क्रम में मौत हो गई। बताया गया कि जहर उसके सर में पूरी तरह से फैल गया था जिसके कारण उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी और जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा उसके शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

# ठेठईटांगर पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

**ठेठईटांगर।** एसपी सौरभ के निर्देश पर ठेठईटांगर पुलिस ने गुरुवार को थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश के नृतेत्व में जामपानी और अम्बापानी रायबहार,बूढापहाड़ जंगल में एलआरपी के तहत सर्च अभियान चलाया । इस दौरान पुलिस जवानों ने ग्रामीणों के साथ संपर्क स्थापित कर किसी भी तरह की अप्रीय घटना होने पर थाना को सूचना देने का आग्रह किया गया ताकि समय रहते समस्याओं का निदान किया जा सके । थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने कहा अपराध और उग्रवाद मुक्त क्षेत्र में बनाने में ग्रामीणों का सहयोग जरुरी है।

### गोदाम के चालू नहीं होने से सरकार को परिवहन पर करना पड़ रहा अधिक खर्च

# दो वर्ष से उद्घाटन की बाट जोह रहा एफसीआई गोदाम

**हिमांषु सिंह। मयूरहंड(चतरा)**

जिले के मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित भवन निर्माण विभाग की ओर से लगभग दो वर्ष पूर्व ही एफसीआई गोदाम का निर्माण कर विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। बावजूद इसके संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से इसका शुभारंभ आज तक नहीं किया जा सका है। इससे प्रखंड क्षेत्र के डीलरों समेत विद्यालय में मध्याह्न भोजन एवं आंगनबाडी केंद्रों का चावल उठाव इटखोरी प्रखंड से करना पड़ रहा है। विभागीय लापरवाही के कारण डीलरों समेत विद्यालय व आंगनबाडी केंद्रों को परेशानी उठाने के साथ सरकार को भी परिवहन खर्च का नुकसान उठाना पड रहा है।



ऐसे में सवाल उठता है क्या नव निर्मित एफसीआई गोदाम भी अन्य भवनों की तरह केवल शोभ की वस्तु बनकर रहेगा। हालांकि बेलखोरी पंचायत के समाजसेवी शिव कुमार सिंह ने श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मुलाकात कर कुछ माह पूर्व गोदाम चालू कराने की मांग की थी। उस समय मंत्री ने जल्द गोदाम चालू कराने को लेकर आश्वस्त किया था। जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने भी उस वक्त मंत्री व स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास से समय लेकर उद्घाटन कराने की बात कही थी। लेकिन महीनों बीत जाने के बावजूद गोदाम चालू नहीं हुआ। इस विषय पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिरजी ने पूछे जाने पर पुनः विधायक से समय लेकर एक सप्ताह के अंदर गोदाम का उद्घाटन कराने की बात कही है। अब देखना होगा कि विभाग एक सप्ताह के अंदर गोदाम का शुभारंभ कराने में सफल हो पाता है या फिर माननीयों के समयाभाव में मामला लटकता है। बता दें कि विधायक दास एफसीआई गोदाम निर्माण कार्य संपन्न होने के बाद से दर्जनों बार विभिन्न कारणों से प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण कर चुके हैं।

## बहादूर बच्ची के घर पहुंचे बीडीओ, बाल पुरस्कार के लिए डीसी को लिखेंगे पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड (चतरा)**

जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हुसिया गांव की 13 वर्षीश बहादुर काजल ने ऐसा साहसी कार्य कर दिखाया है कि हर कोई प्रशंसा कर रहा है। काजल ने अपनी जान की प्रवाह किए बगैर कुएं में छलांग लगा कर तीन वर्षीय बालक को डुबने से बचाया और खुद घायल हो गई। गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा बहादूर काजल के घर पर पहुंचे और बहादुरी के लिए काजल की हौसला अफजाई करते हुए प्रशांसा की।

बीडीओ ने कहा की छोटी सी उम्र में बहुत ही हिम्मत का काम किया है, जो अन्य व्यक्ति के लिए प्रेरणा है। उन्होंने आगामी स्वतंत्रता दिवस पर काजल को सम्मानित करने के साथ राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए उपायुक्त को पत्र लिखने की भी बात कही। घटना के बाद से बच्ची विद्यालय नहीं पहुंच रही थी। पता चला तो शिक्षक ने काजल को देख उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मयूरहंड पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गहन इलाज के लिए



हजारीबाग भेजा, जहां शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज चल रहा था। लेकिन काजल के परिजन बुधवार रात वापस गांव उसे ले आए। बीडीओ ने परिजनों को समुचित इलाज करवाने के लिए पुनः हजारीबाग जाने को कहा। तत्काल 25 किलो अनाज मुहैया करवाया। इस दौरान डीलर संघ के अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, डीलर आदित्य प्रसाद भगत, राज कुमार भगत समेत अन्य शामिल थे।

### 9 अप्रैल को मिला था शव, 1 माह बाद पुलिस ने केस को सुलझाया

# बीरेंद्र प्रसाद हत्याकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

एक माह पूर्व कैलान के मंगरदह बहेरवा ढोंढा में हुई एक व्यक्ति की हत्या में शामिल चार आरोपियों को भवनाथपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यालायय में पेश किया। श्री बंसीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद केसरी ने बताया कि बीती 9 अप्रैल को पुलिस को ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली थी कि कैलान के मंगरदह के पास बहेरवा ढोंढा में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है।



जांच के बाद इसकी पहचान बीरेंद्र प्रसाद (40), पिता गोरख प्रसाद साह, मोरवे मझिआंव के रूप में की गई थी। घटना के बाद मृतक के चचेरे भाई जितेंद्र प्रसाद गुप्ता शिकायत पर पुलिस अनुंसधान में जुट गई थी। पुलिस निरीक्षक गढ़वा के निर्देश पर टीम गठित ने घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। कहा कि घटना स्थल से किसी प्रकार का साक्ष्य नहीं मिलने से पुलिस के लिए इस केस का खुलासा करना बड़ी चुनौती थी। घटना में उमित रजवार (22), पिता सुकन रजवार, राजू रजवार (24), पिता स्व. रामलाल, प्रदीप पाल (25), पिता सीता राम पाल सभी चटनियां टोला, सुगवा दामर कांडी थाना निवासी, रविंद्र रजवार (32), पिता स्व. बीरबल रजवार चौबे, मझिगवां हरिहर पुर ओपी क्षेत्र, वर्तमान में चटनियां सुगवा दामर निवासी के नाम शामिल हैं। आरोपियों ने बताया कि बीरेंद्र प्रसाद लेबर सप्लाई का काम करता था। वह मजदूरों को कम मजदूरी देने, गाली गलौज करने व अन्य तरह से प्रताड़ित करता था, जिससे परेशान होकर उसकी हत्या की गई। आरोपियों ने बताया कि बीरेंद्र अपने घर से मंगलवार को निकला था व चटनियां में आया था। उसी दिन विवाद के बाद संध्या चार-पांच बजे के आसपास पत्थर से कुच कर उसकी हत्या के बाद उसके शव को बहेरवा ढोंढा जंगल के झाड़ी में फेंक दिया था। साथ में उसकी बाइक भी। पुलिस ने घटना में शामिल सभी साक्ष्य इकट्ठा कर लिए हैं। घटना की उद्भेदन टीम में थाना प्रभारी रामेस्वर उपाध्या, एसआई सहदेव साह, कुंदन यादव सहित पुलिस बल शामिल थे।

### भैंस को बचाने में घायल हुई बाइक सवार दंपती

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर कांडी मुख्य पथ के शिवा ढोंढा के पास पालतू जानवर को बचाने में एक बाइक पर सवार पति पत्नी घायल हो गए। घटना के बारे में बताया जाता है कि राहुल राम, पिता सुरेश राम, रपुरा गांव निवासी नवविवाहिता पत्नी पिंकी देवी के साथ अपने ससुराल श्री बंशीधर नगर के विशुनपुरा बाइक से लगभग रात्रि सात बजे जा रहा था कि शिवा ढोंढा के पास एक भैंस अचानक सड़क पर दौड़ गई, जिसे बचाने के क्रम में दोनों पति पत्नी घायल हो गए। चैतन्या समूह फाइनेंस के दो कर्मी सतीश बैठा व श्रीजेश रवि ने पति पत्नी को अपनी बाइक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### हादसे दो युवक घायल

**गढ़वा।** रमना थाना क्षेत्र के चना कला गांव में बाइक से गिरकर दो युवक घायल हो गए। घायलों में रमना थाना क्षेत्र के केरवा मानदोहर निवासी भीखू परहिया के पुत्र मंटु परहिया एवं पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के महुडंड गांव निवासी प्रवेश परहिया के पुत्र चंदन कुमार शामिल हैं। दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों युवक एक ही बाइक से केरवा मानदोहर गांव से बुल्का गांव जा रहे थे। चना कला गांव में मोड़ पर अनियंत्रित होकर बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, आत्म संतुष्टि के लिए करता हूं सेवा कार्य

### मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने 60 हज यात्रियों को उपहार प्रदान कर किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर के मदरसा में गुरुवार को हज यात्रियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने जिले से हज पर जाने वाले सभी 60 यात्रियों को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी हज यात्रियों एवं आगंतुकों के लिए दावत का भी आयोजन किया गया था। मंत्री ने हज यात्रियों को यात्रा के दौरान काम आने वाली वस्तुएं ड्राई फ्रूट, शॉल आदि उपहार स्वरूप प्रदान किया।

मंत्री ने कहा कि वे पिछले करीब 12 वर्षों से हज यात्रियों को सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान कर हज यात्रा के लिए रवाना करते आ रहे हैं। साथ ही शिव भक्तों को भी बोल बम एवं अन्य तीर्थ यात्रियों को तीर्थ यात्रा पर भेजते हैं। मंत्री ने कहा कि सामाजिक, धार्मिक आदि सेवा कार्य करना उनकी आदत में शामिल है। इस प्रकार के सेवा कार्य वे किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं बल्कि आत्म संतुष्टि के लिए करते हैं। इन सेवा कार्यों से उन्हें बहुत ही सुखद अनुभूति मिलती है। मंत्री ने कहा कि आज देश में




लोकतंत्र का माखौल उड़ाया जा रहा है। हमारा देश दुनिया का सबसे खूबसूरत देश है। यहां सभी जाति, धर्म एवं संप्रदाय के लोग आपस में मिलजुल कर आपसी प्रेम एवं सद्भावना के साथ रहते हैं। सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के साथ मिलकर पर्व, त्योहार मनाते हैं। मंत्री ने सभी हज यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि वे हज यात्रा पर दुआ करें कि अपने देश की इस खूबसूरती को किसी की नजर न लगे। साथ ही देश की एकता, अखंडता, सुख व समृद्धि के साथ उनके लिए भी यह दुआ करें कि वे हमेशा सबों की सेवा कर सकें।

मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, सीओ कुमार मयंक भूषण, समाजसेवी डा. यासीन अंसारी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, अनिता दत्त, रेखा चौबे, मदनी खान, परेश तिवारी, डा. असजद अंसारी, डा.अरशद अंसारी, छुन्नू कुरैशी, मुखिया शरीफ अंसारी, हाजी निजामुद्दीन, दिलीप गुप्ता, अराधना सिंह, डा. जियाउल हक, गुरुदत्त सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तबीब आलम ने किया।

## आज से दो स्टेशनों पर एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद वीडी राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 का आज से विधिवत परिचालन प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर आज उक्त ट्रेन का विधिवत परिचालन का शुभारंभ प्रातः 4:48 बजे हैदरनगर स्टेशन पर एवं रात्रि में 10:20 बजे उंटारी रोड स्टेशन पर सांसद के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। उंटारी रोड स्टेशन पर परिचालन के पूर्व 08:30 बजे रात्रि में उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ट्रेन के ठहराव की मांग हैदरनगर एवं उंटारी रोड प्रखंड की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। इस ट्रेन के ठहराव हेतु किए गए प्रयासों के फलस्वरूप ही उक्त दोनों स्टेशनों पर ट्रेन स्टॉपिज की सुविधा प्राप्त हुई है। उन्होंने संसदीय क्षेत्र की जनता से आग्रह किया है कि इस पुनीत अवसर पर सभी उपस्थित होकर अपनी चिर परिचित मांग को पूर्ण होने का साक्षी बने। उन्होंने पीएम एवं रेल मंत्री के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट किया है।

## अभाविप ने जीएलए कॉलेज के प्राचार्य का किया घेराव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अभाविप के गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय इकाई के द्वारा गुरुवार को विभिन्न शैक्षणिक विषयों को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य का घेराव किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीएलए कॉलेज इकाई के अध्यक्ष विपिन यादव ने की। विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं नें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ मिलकर प्राचार्य कक्ष में जमकर बवाल काटा। विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं की मांग थी कि स्नातकोत्तर में सभी विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित किया जाये। क्योंकि विश्वविद्यालय का सत्र बहुत पीछे हैऔर जिन विद्यार्थियों का नामांकन एनपीयू में नहीं होगा तो किसी अन्य जगह भीं उनका नामांकन नहीं हो पाएगा। ऐसी परिस्थिति में विद्यार्थी कहां जाएंगे।अभाविप के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि स्नातकोत्तर में केवल जीएलए कॉलेज, महिला महाविद्यालय और कुछ नामांकन जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में ही होता है। ऐसी परिस्थिति में विद्यार्थियों की संख्या बहुत अधिक हो जाती है और सीट लिमिटेड होने के कारण कई मेधावी विद्यार्थियों का भी नामांकन सुनिश्चित नहीं हो पाता है। ऐसी परिस्थिति में यह विद्यार्थी इस सत्र में कहीं भी नामांकन नहीं ले पाएंगे। प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक रोहित देव ने कहा कि नामांकन के मामले में महाविद्यालय के प्राचार्य का रवैया अत्यंत ही उदासीन है। ऐसी परिस्थिति को देखते हुए विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने उन्हें 8 दिनों का अल्टीमेटम दिया है कि वे सभी विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित करें अन्यथा विद्यार्थी परिषद छात्रहित में इन विषयों को लेकर आंदोलन हेतु बाध्य होगी। जिला संयोजक अभय वर्मा ने कहा कि प्राचार्य के उदासीन रवैए के कारण महाविद्यालय की स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। ना ही कोई प्रोफेसर अपने विभाग में समय पर पहुंचते हैं और ना ही कोई कर्मचारी।

## सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए संकल्पित है परशुराम युवा वाहिनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सनातन संस्कृति व अपने धार्मिक स्थलों की रक्षा व उत्थान के लिए राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी कृतसंकल्पित है।यह कहना है राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी का। श्री तिवारी गुरुवार को पनेरीबांध व झरीवा पहाड़ मंदिर के गुंबद निर्माण में शिलान्यास समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी लगातार धार्मिक स्थलों के संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है इसी कड़ी में कई मंदिरों में गुंबद का निर्माण कराया जा रहा है। इसके पूर्व परशुराम युवा वाहिनी के पदाधिकारियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़ कर गुंबद निर्माण का शुभारंभ किया गया।इसके पूर्व दोनों जगहों पर ग्रामीणों व मंदिर निर्माण कमेटी के द्वारा राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के पदाधिकारियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।इस दौरान माल्यार्पण व अंगवस्त्र ओढाक र परशुराम युवा वाहिनी के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। शिलान्यास समारोह में परशुराम युवा वाहिनी प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी) प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रमंडलीय अध्यक्ष सुनील पांडेय (लल्लू पांडेय),पलामू जिलाध्यक्ष पंडित विकास दूबे, प्रदीप दूबे, अनिल दूबे,विक्रांत त्रिपाठी, मूनू पांडेय, संजीत तिवारी, प्रवीण पाठक व राकेश तिवारी (लडडू) सहित कई सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

### राहत | रेल फाटक 17 सी,16 सी के समीप अंडर पास निर्माण युद्ध स्तर जारी

# जाम से वर्ष के अंत तक मिल जाएगी निजात

**संजय कुमार। बरवाडीह**

धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह रेलवे स्टेशन के समीप रेल फाटक 17 सी और 16 सी पर आए दिन जाम की समस्या से परेशान लोगों को वर्ष के अंत तक अंडर पास पुल बनने से बहुत बड़ी राहत मिलेगी। बरवाडीह मंडल मार्ग, बरवाडीह हुटार मार्ग, बरवाडीह बासीडीह चैनपुर मार्ग अंतर्गत आने वाले मुख्य एकमात्र रेल फाटक 17 सी के बंद रहने के कारण उक्त मार्ग से गुजरने वाले लोगों को होने वाली परेशानी से अब निजात मिलेगी। रेल मंत्रालय की मंजूरी के बाद रेल फाटक 17 सी के समीप अंडरपास पुल का निर्माण कार्य रेलवे के सहायक मंडल अभियंता डाल्टनगंज, आईओडब्ल्यू विवेकानंद बासु, अनिल कुमार, पीडब्लूआई अरुण कुमार के साथ-साथ रेलवे के अधिकारियों की देखरेख में जारी है।





जाम में फंसी गाड़ियां व अंडर पास पुल का निर्माण करा रहे अधिकारी।

### 16 सी फाटक के समीप भी निर्माण कार्य हुआ शुरू

रेल फाटक 16 सी के भी बंद रहने के कारण लोगों को होने वाली परेशानी से जल्द निजात मिलेगी। रेल मंत्रालय द्वारा 16 फाटक के समीप भी अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जो अगले वर्ष फरवरी - मार्च तक पूरा होगा। इससे प्राचीन पहाड़ी मंदिर और उसके आसपास के गांवों के साथ-साथ मंडल जाने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी।

### क्या कहते हैं रेल पथ विभाग के वरीय अधिकारी

रेल पथ रेलवे विभाग के वरीय अनुभाग अभियंता (निर्माण) विवेकानंद बासु ने कहा कि अंडरपास का निर्माण कार्य लगातार किया जा रहा है। संबंधित संवेदक द्वारा रेल अधिकारियों की देखरेख में युद्ध स्तर पर हो रहे कार्य को देखते हुए कहा जा सकता है कि वर्ष के अंत तक अंडर पास पुल का लाभ आम लोगों को मिलने लगेगा।

## बारियातु में मनाया गया आवास दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

बीडीओ प्रतिमा कुमारी के आदेशानुसार सभी पंचायतों मे आवास दिवस मनाया गया। इस मौके पर पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को ससमय आवास बनाने के लिए जागरूक किया गया। आवास बनाने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए लाभुकों के साथ सीधा संवाद के लिए बालूभांग, फुलसु, डाढ़ा, बारियातु, साल्वे, टोंटी, शिबला व गोनिया पंचायत सचिवालय भवन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रखंड की सभी 9 पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ-साथ बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी भी मौजूद थीं। बीडीओ ने आवास सहायक को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में कोताही किसी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं स्थानीय मुखिया और वार्ड सदस्यों, स्वयंसेवकों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी अपने-अपने क्षेत्र में लंबित आवास कार्य को पूर्ण कराने में सहभागिता निभाने की अपील की। आवास कार्य को प्रगति में लाने के उद्देश्य से अमरवाडीह में पंकज पांडेय, अजाद वर्मा, बालुभांग में अनेश्वर प्रसाद व रेखा कुमारी, बारियातु में संतोष यादव, प्रभात उरांव, डाढ़ा में रवि यादव, शिव प्रसाद, गोनिया में अरविंद पांडेय, फुलसु में शशि कुजुर व रामबिलास उरांव, साल्वे में रामदेव नगेसिया, नईम खान शिबला में प्रदीप भगत व अविनाश रंजन, टोंटी में निशांत कुमार व राजदेव सिंह को नियुक्त किया गया है। आवास दिवस कार्यक्रम में मुखिया केदार गंझु, तेतरी देवी, सुरेश उरांव आदि मौजूद थे।



### पीएम आवास को लेकर संबंधितों को दिए गए सख्त दिशा निर्देश

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड की सभी पंचायत में गुरुवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। इस क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह के अलावे अन्य पदाधिकारी व कर्मियों ने अलग-अलग पंचायत में जाकर लाभुकों से सीधा संवाद किया। बीडीओ सहित अन्य प्रतिनियुक्ति कर्मियों ने अधूरे पड़े आवास के लाभुकों की समस्या से अवगत हुए और त्वरित निष्पादन करते हुए उन्हें अधूरे आवास को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। अभियान में संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव के अलावे मुखिया सरिता देवी, समीरा कुमारी, निर्मला देवी, बेबी देवी, डेगन गांझू व जगदीश यादव आदि शामिल थे।

ज्ञान की बात

'जिस व्यक्ति का मन शांत होता है, जो व्यक्ति बोलते और अपना काम करते समय शांत रहता है वह वहीं व्यक्ति होता है जिसने सत्य को पा लिया है और जो दुःख-तकलीफों से मुक्त हो चुका है' – गौतम बुद्ध

# अवसरवादिता की पाठशाला

**पूरा** देश उकताहट के साथ विपक्षी एकता का इंतजार कर रहा है। लेकिन कयासों के बादल में कई छेद नजर आ रहे हैं। यह देखा गया है कि अवसरवादिता की पगडंडियों पर चलने वाले लोगों की यात्रा को लेकर कई प्रकार के कयास गढ़े जाते हैं। शायद यहां नीतीश कुमार के साथ यही हो रहा है। हालांकि इनकी यात्रा जारी है। इसी सिलसिले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने कहा कि हम लोग एकजुट होकर चलेंगे। विपक्ष के अधिकांश लोगों की एकजुटता हो जाये यह कोशिश हो रही है। समाज में झगड़ा नहीं पैदा करना है, सबको एकजुट होकर देश को आगे बढ़ाना है। भाजपा का नाम लिए बगैर उन्होने कहा कि पूरे देश के इतिहास को ये बदल देंगे इससे देश को बचाना है। देश के विकास के लिए हम सभी मिलकर चलेंगे । एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव का परिणाम देखिएगा न। देश का इतिहास बरकरार रहेगा। देश में सिर्फ विकास का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। जबकि हकीकत कुछ और है देश में और लोग भी काम कर रहे हैं लेकिन उनकी चर्चा कम होती है। कुछ ही लोगों का नाम छपता है। अब सवाल उठता है कि कौन से ऐसे काम नीतीश के द्वारा हुए हैं,जिसे लोगों को पता नहीं है। इस पर मंथन किया जा सकता है। बहरहाल उनकी नजर झारखंड की लोस सीटों पर है। दूसरी तरफ बारह सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। ऐसे में विपक्षी एकता की कमान संभाले लोगों के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एकजुटता के कई मायने निकाले जा सकते हैं। ऐसे में नीतीश कुमार की मुलाकात के निहितार्थ के सवालों का जवाब आने वाले दिनों में मिलेगा। लेकिन इतना सच है कि विपक्षी एकता की बात करने वाले लोगों को स्थिति स्पष्ट कर देनी चाहिए। लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि सवालों के जंगल में आग लगी हुई है। एक तरफ राज्य में भीषण गर्मी तो दूसरी तरफ पानी की किल्लत,ऐसे में सवालों के आग में पानी की ठंडक सिर्फ उत्तर से मिल सकता है। लेकिन यहां एकजुटता की बात तो हो रही है,लेकिन वह कैसे संभव है। कोई बताने को तैयार नहीं है। ऐसे में 2024 का रास्ता इतना सुगम भी नहीं दिखता है। अब सवाल उठता है कि देश की एकता और राज्य की अस्मिता क्या पाकिस्तान जैसी हो गई है? अगर है तो अस्मिता की रक्षा अवश्य होनी चाहिए। अपने स्वार्थ की चासनी को गाढ़ा करने के लिए राजद नेता तेजस्वी यादव साथ-साथ होने का दावा कर सरकार अवश्य चला रहे हैं। लेकिन अंदर के खाने में बहुत कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। दूसरी तरफ राजद की एक भी लोस सीट नहीं होना,यह बताता है कि एकजुटता तो बस एक बहाना है। अब आगे-आगे देखना है कि होता है क्या? एकजुटता की प्रयोगशाला में यह जरूरत कहा जा रहा है कि अगर हम एकजुट रहे तो जरूर जीतेंगे। इमोशनल कार्ड के माध्यम से नीतीश कुमार ने यह भी बात कही कि पहली बार मुझे सीएम शिबू सोरेन ने बनाया था। ऐसे में इस बार आप मुझे पीएम बनाइये। गार्जियन नीतीश को मानने वाले हेमंत सोरेन ने जिस शिष्टाचार के माध्यम से अपना परिचय दिया,वह सराहनीय है। ऐसा होना भी चाहिए। घर आये मेहमान का स्वागत हमारी परंपरा रही है। लेकिन राजनीति अपनी जगह है। एक बार पुनः बैठने के आश्वासन के बाद मुलाकात का दौर समाप्त हो गया है। अब आने वाले दिनों में विपक्षी एकता को कितनी ताकत झारखंड में मिलेगी। यह समय के गर्त में छुपा हुआ है। देश के विचारों को कैसे नया रूप दिया जाये,इस बात की चर्चा जारी है। एक तरफ पीएम मोदी की अगुवाई में देश ने अंगड़ाई ली है।

**समाज में झगड़ा नहीं पैदा करना है, सबको एकजुट होकर देश को आगे बढ़ाना है। भाजपा का नाम लिए बगैर उन्होने कहा कि पूरे देश के इतिहास को ये बदल देंगे इससे देश को बचाना है।**

# मां का मातृत्व, प्रेम व त्याग उसे बनाता है विधाता





ललित गर्ग

**मातृ** दिवस का मतलब होता है मां का दिन। पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृ दिवस मनाया जाता है। मातृ दिवस मनाने का शुरूआत सर्वप्रथम ग्रीस देश में हुई थी, जहां देवताओं की मां को पूजने का चलन शुरू हुआ था। मातृ दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य मां के प्रति सम्मान और प्रेम को प्रदर्शित करना है। यह दिवस सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दी जाए तो मां के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता है। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, क्योंकि मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम एक मधुर, गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है। दुनियाभर में मनाये जाने वाले मातृ दिवस को मनाने का हर देश का तरीका अलग-अलग होता है, लेकिन इसका उद्देश्य एक ही होता है। एक शिशु का जब जन्म होता है, तो उसका पहला रिश्ता मां से होता है। एक मां शिशु को असहनीय पीड़ा सहते हुए उसे जन्म देती है और इस दुनिया में लाती है। इन नौ महीनों में शिशु और मां के बीच एक अदृश्य प्यार भरा गहरा रिश्ता बन जाता है। मां और बच्चे का रिश्ता इतना प्रगाढ़ और प्रेम से भरा होता है, कि बच्चे को जरा ही तकलीफ होने पर भी मां बेचैन हो उठती है। मां का दुलार और प्यार भरी पुचकार ही बच्चे के लिए दवा का कार्य करती है। इसलिए ही ममता और स्नेह के इस रिश्ते को संसार का खूबसूरत रिश्ता कहा जाता है। दुनिया का कोई भी रिश्ता इतना मर्मस्पर्शी नहीं हो सकता। मां के त्याग की गहराई को मापना भी संभव नहीं है और ना ही उनके एहसानों को चुका पाना। लेकिन उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता को प्रकट करना हमारा कर्तव्य है। धरती पर मौजूद प्रत्येक इंसान का अस्तित्व, मां के कारण ही है। मां के जन्म देने पर ही मनुष्य धरती पर आता है और मां के स्नेह दुलार और संस्कारों में मानवता का गुण सीखता हैं। ह्यमां !ह्न यह वो अलौकिक शब्द है, जिसके स्मरण मात्र से ही रोम-रोम पुलकित हो उठता है, हृदय में भावनाओं का अनहद ज्वार स्वतः उमड़ पड़ता है और मनोःमस्तिष्क स्मृतियों के अथाह समुद्र में डूब जाता है। हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। लेकिन मेरी दृष्टि में संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है। श्रीमद् भगवद् पुराण में उल्लेख मिलता है कि माता की सेवा से मिला आशीष सात जन्मों के कष्टों व पापों को दूर करता है और उसकी भावनात्मक शक्ति संतान के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने मां की महिमा को उजागर करते हुए कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो एकमात्र ऐसा दिन था जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी। एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं। मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। माँ के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। इसका अनुभव भी एक माँ ही कर सकती है। माँ अपने आप में पूर्ण संस्कारवान, मनुष्यत्व व सरलता के गुणों का सागर है। माँ जन्मदात्री ही नहीं, बल्कि पालन-पोषण करने वाली एवं संस्कार-निर्मात्री भी है। मां तो ममता की सागर होती है। जब वह बच्चे को जन्म देकर बड़ा करती है तो उसे इस बात की अपूर्व एवं अलौकिक खुशी होती है, उसके लाड़ले पुत्र-पुत्री से अब सुख मिल जायेगा। लेकिन माँ की इस ममता को नहीं समझने वाले कुछ बच्चे यह भूल बैठते हैं कि इनके पालन-पोषण के दौरान इस माँ ने कितनी कठिनाइयां झेली होगी। 'मां'-इस लघु शब्द में प्रेम की विराटता/समग्रता निहित है। अणु-परमाणुओं को संघटित करके अनगिनत नक्षत्रों, लोक-लोकान्तरों, देव-दनुज-मनुज तथा कोटि-कोटि जीव प्रजातियों को मां ने ही जन्म दिया है। मां के अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि मां ही प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रेम की यह चरमता केवल माताओं में ही नहीं, सभी मादा जीवों में देखने को मिलती है। अपने बच्चों के लिए भोजन न मिलने पर हवासिल (पेलिकन) नाम की जल-पक्षिनी अपना पेट चीर कर अपने बच्चों को अपना रक्त-मांस खिला-पिला देती है। इसलिये मां के ममत्व की एक बूंद को अमृत के समुद्र से भी ज्यादा मीठी माना गया है। सचमुच मां का हृदय बच्चे की सच्ची पाठशाला है। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

**भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, क्योंकि मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। मां के शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती।**

इन दिनों

सच तो यह है कि मां विधाता से कहीं कम नहीं है। क्योंकि मां ने ही इस दुनिया को सिरजा और पाला-पोशा है। कण-कण में व्याप्त परमात्मा किसी को नजर आये न आए मां हर किसी को हर जगह नजर आती है। कहीं अण्डे सेती, तो कहीं अपने शावक को, छोने को, बछड़े को, बच्चे को दुलारती हुई नजर आती है। मां एक भाव है मातृत्व का, प्रेम और वात्सल्य का, त्याग का और यही भाव उसे विधाता बनाता है। मां विधाता की रची इस दुनिया को फिर से, अपने ढंग से रचने वाली विधाता है। मां सपने बुनती है और यह दुनिया उसी के सपनों को जीती है और भोगती है। मां जीना सिखाती है। पहली किलकारी से लेकर आखिरी सांस तक मां अपनी संतान का साथ नहीं छोड़ती। मां पास रहे या न रहे मां का प्यार दुलार, मां के दिये संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं। मां ही अपनी संतानों के भविष्य का निर्माण करती हैं। इसीलिए मां को प्रथम गुरु कहा गया है। स्टीव वंडर ने सही कहा है कि मेरी माँ मेरी सबसे बड़ी अध्यापक थी, करुणा, प्रेम, निर्भयता की एक शिक्षक। अगर प्यार एक फुल के जितना मीठा है, तो मेरी माँ प्यार का मीठा फूल है। प्रथम गुरु के रूप में अपनी संतानों के भविष्य निर्माण में मां की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मां कभी लोरियों में, कभी झिड़कियों में, कभी प्यार से तो कभी दुलार से बालमन में भावी जीवन के बीज बोती है। इसलिए यह आवश्यक है कि मातृत्व के भाव पर नारी मन के किसी दूसरे भाव का असर न आए। जैसाकि आज कन्याभ्रूणों की हत्या का जो सिलसिला बढ़ रहा है, वह नारी-शोषण का आधुनिक वैज्ञानिक रूप हैं तथा उसके लिए मातृत्व ही जिम्मेदार है।

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें केदारनाथ ज्योतिलिंग की कथा

**वहां** दो पहाड़ भी हैं जिनका नाम नर और नारायण है। ऐसा माना जाता है कि केदारनाथ की तीर्थयात्रा करते समय यदि किसी की मृत्यु हो जाती है तो उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। कुरुक्षेत्र युद्ध के दौरान पांडवों ने अपने ही गोत्र के लोगों को मारा था। जिससे शिव भगवान अत्यंत क्रोधित थे। पांडवों को जब इस बात का पता चला तो वे पाप मुक्त होने के लिए केदारनाथ शिव जी के दर्शन के लिए गये। शिव जी अपने दर्शन उन्हें नहीं देना चाहते थे क्योंकि वे अत्यंत क्रोधित थे। इसीलिए शिव जी ने अपना भेष बदल लिया। वे बैल का रूप धारण करके पशुओं के झुण्ड में साथ चल दिये। लेकिन भीम ने भगवान शिव को पहचान लिया और उनका पीछा करने लगे। शिव जी को पीछे से पकड़ने के लिए वे भागे। लेकिन भीम केवल शिव जी का पीछे का हिस्सा (कूबड़) ही पकड़ पाए। क्योंकि शिव जी जमीन में धंसने लगे थे। वह कूबड़ यानि कि पृष्ठभाग जमीन के ऊपर ही रह गया था। पांडव बहुत दुखी हुए। तब पांडवों ने वहां तपस्या की। तपस्या से शिव जी प्रसन्न हुए और आकाशवाणी की कि उसी पृष्ठभाग की पूजा अर्चना की जाये और पांडवों को श्रापमुक्त कर दिया। तब से ही उसी पृष्ठभाग को केदारनाथ के रूप में जाना जाता है।

**अमृतकुंड** : मंदिर के पीछे एक कुंड है जिसे अमृतकुंड कहते हैं। जिसका जल पीने से लोग रोग मुक्त हो जाते हैं। मुख्य मंदिर की बायीं तरफ किनारे पर एक शिव भगवान की मूर्ति है और मुख्य मंदिर से आधा किलोमीटर की दूरी पर भैरव जी का मंदिर है। ऐसा कहा जाता है कि जब मंदिर के कपाट बंद रहते हैं तब भैरव जी मंदिर की रक्षा करते हैं। मंदिर के ठीक पीछे एक छोटा मंदिर है। वहां शंकराचार्य की समाधी है। ऐसा कहा जाता है कि चार धामों की स्थापना करने के पश्चात 32 वर्ष की आयु में उन्होंने अपना शरीर त्याग दिया था। *(क्रमशः)*

# 'द केरल स्टोरी'- मन को झकझोर देने वाली एक सच्चाई



वसुधा 'कनुप्रिया'

**सच** हमेशा ही कड़वा होता है, बहुत कड़वा। द केरल स्टोरी जिसे निर्माता विपुल शाह और निर्देशक सुदीप्तो सेन ने 'सत्य घटनाओं पर आधारित' कह कर सिनेमा के परदे पर उतरा है -- मानवीय संवेदना को झंकझोर कर रख देने वाली फिल्म है। जो भी लोग सालों से अखबार/ मैगजीन पढ़ते रहे हैं उन्होनें आईसिस (आई.एस.आई.एस.) की बर्बरता के किस्से पढ़े हैं, मीडिया में देखे भी हैं। उन्हें जानकारी है की 'सेक्स स्लेव' क्या होती हैं, किस तरह उन्हें अमानवीय रूप से दर्जनों लोग एक के बाद एक रेप करते हैं। तालिबानी सोच के तहत किस तरह लोगों को सरेआम सजाएं दी जाती रही हैं, कभी हाथ-पैर काट कर तो कभी गोली मारकर। इन खबरों की सत्यता पर कभी प्रश्नचिह्न नहीं लगाया गया। तब फिल्म 'द केरल स्टोरी' में यही दृश्य एक धर्मान्तरित भारतीय लड़की के हवाले से दिखाये जाने पर राजनीतिक तबकों में खलबली क्यों मची है? यह तब, जब एक भुक्तभोगी अभागी आज भी किसी सेल में पड़ी देश वापसी के इंतजार में है। रोंगटे खड़े कर देने वाली 'द केरल स्टोरी' की कहानी चार लड़कियों पर केंद्रित है जो एक नर्सिंग कॉलेज में रूममेट हैं। इनमें शालिनी उन्नीकृष्णन, गीतांजलि और निमा मैथ्यू को आसिफा नाम की छात्रा ब्रैनवॉश करना शुरू करती है। आसिफा आईसिस की एजेंट है, जिसका काम है लड़कियों को धर्मान्तरित कर उन्हें सीरिया भिजवाना। अपनी तीनों रूममेट के लिए वो जाल बिछाती है लेकिन निमा उसकी कट्टरवादी सोच को नकार देती है। शालिनी आसिफा से सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। शालिनी को आसिफा का कजिन प्यार के जाल में फंसाकर गर्भवती कर फरार हो जाता है। फिर शालिनी उर्फ फातिमा बा का 'निकाह' किसी अन्य के साथ पढ़वा कर उसे सीरिया भेज दिया जाता है। गीतांजलि भी ड्रग्स की लत के चलते अपनी कथित प्रेमी के कहने पर अपने नग्न फोटो और वीडियो उसे भेजती है। जब वो घमकियों के बावजूद धर्म परिवर्तन कर सीरिया जाने के लिए राजी नहीं होती तब सोशल मीडिया पर ये वीडियो और फोटो वायरल कर के उसे आत्महत्या करने पर विवश किया जाता है। उसके माता-पिता का घर जला दिया जाता है। ईसाई लड़की निमा आसिफा की बातों से प्रभावित नहीं होती बल्कि उसका विरोध भी करती है। कमजोर दिल वालों को इस फिल्म में दिखाये बर्बरता और बलात्कार के दृश्य डरावने लग सकते हैं। अमानवीयता की हद को पार कर शरिया के नाम पर महिलाओं को जिस तरह सीरिया-अफगान बॉर्डर पर बने शिविरों में प्रताड़ित किया जाता है, यह दृश्य दिल दहला देने वाला है। फिल्म का फोकस इस्लामिक संगठन के जाल में फंसकर धर्मान्तरित हुई युवती की कहानी है, जिसे किसी भी तरह किसी धर्म विशेष से जोड़कर नहीं बल्कि कट्टरपंथी जिहादी संगठन की कारगुजारी के रूप में ही देखा जाना चाहिए। आईसिस कैम्पों में किस तरह महिलों का शोषण होता है, यह अचरज में तो नहीं डालता लेकिन मन को झकझोर जरूर देता है। अगर यह केवल दो लड़कियों की कहानी भी है तब भी उनके अंजाम से सबक लेकर बाकी सबको चेताया जाना आवश्यक है। भविष्य में कोई मासूम भारतीय बेटी किसी तरह के 'ट्रैप' में फंसकर अपना जीवन बर्बाद न करे। फिल्म को निष्पक्ष रहकर देखने पर आप इसे इस्लाम विरोधी नहीं कह पाएंगे। कट्टरवादी जिहादी संगठन मानवता के दुश्मन हैं और अपने मकसद को पूरा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं - इसी परिप्रेक्ष्य में फिल्म को देखा जाना चाहिए। आरिफा हिन्दू देवी-देवताओं के विषय में कुछ अनर्गल बातें कहती है जो केवल लड़कियों को बरगलाने के लिए कही गयीं।


**तालिबानी सोच के तहत किस तरह लोगों को सरेआम सजाएं दी जाती रही हैं, कभी हाथ-पैर काट कर तो कभी गोली मारकर। इन खबरों की सत्यता पर कभी प्रश्नचिह्न नहीं लगाया गया।**

फिल्म-जगत

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# भारतीय रेल की बढ़ती कमाई का एक पहलू यह भी



निर्मल रानी

**प्रतिदिन** सबसे अधिक रेल यात्रियों को सफर कराने के लिहाज से भारतीय रेल दुनिया के पहले व माल ढुलाई के हिसाब से दुनिया के पांच सबसे बड़े रेल नेटवर्क में चौथे नंबर पर है। भारतीय रेल अपने लगभग 65,000 किलोमीटर से भी लंबे रेल नेटवर्क पर इस समय लगभग 12200, यात्री ट्रेनें संचालित करता है। औसतन 2030 मेल एक्सप्रेस ट्रेंस यात्रियों को उनके गंतव्य तक प्रतिदिन पहुंचती हैं। इस समय देश में लगभग 8,300 रेलवे स्टेशन हैं। एक अनुमान के मुताबिक भारतीय रेल से प्रतिदिनलगभग दो करोड़ तीस लाख यात्री सफर करते हैं हालांकि कोविड-19 के बाद यह संख्या थोड़ी कम भी हुई है। गौर तलब है कि भारतीय रेल ने वर्ष 2050 तक की यातायात आवश्यकताओं को पूरा करने व 2030 तक बुनियादी ढांचे को विकसित करने की गरज से राष्ट्रीय रेल योजना 2030 तैयार की है। इससे रेलवे की आय में और अधिक वृद्धि हो सकेगी। इसके अलावा रेलवे स्टेशंस के विकास व आधुनिकीकरण पर भी काम किया जा रहा है। नई रेल लाइंस बिछाई जा रही हैं। देश के जिन अनेक क्षेत्रों से अब तक रेल सम्पर्क स्थापित नहीं हो सका था उन्हें भी रेल के माध्यम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। भारतीय रेल की अब तक की सबसे तेज चलने वाली ट्रेन वंदे भारत ट्रेंस परिचालित की जा रही हैं। जिनकी अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे की है। इसे शताब्दी व राजधानी जैसी अब तक की सबसे तेज गति वाली ट्रेंस के विकल्प के तौर पर माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त रेलवे विद्युतीकरण, लोकोमोटिव और ट्रेनों की ऊर्जा दक्षता में सुधार के साथ स्थाई उपकरणों और प्रतिष्ठानों व रेल स्टेशंस के लिए हरित प्रमाणन प्राप्त करने, डिब्बों में जैव शौचालय बनाये जाने तथा अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीकरणीय स्रोतों पर निर्भरता तथा शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करना आदि के क्षेत्र में भी भारतीय रेल तेज गति से काम कर रहा है। जाहिर है रेल के विकास व आधुनिकीकरण पर हो रहे भारी भरकम खर्च के बीच भारतीय रेल द्वारा राजस्व की कमाई का कीर्तिमान स्थापित करने का समाचार भी काफी सुखद है। रेल विभाग के अनुसार 2022 -23 में उसने अपनी आय में कीर्तिमान स्थापित करते हुये 2.40 लाख करोड़ रुपए की कमाई यात्रियों के किराये व माल भाड़े की ढुलाई के माध्यम से की। रेलवे की इस वर्ष की गयी 49000 करोड़ की कमाई से रेल रेवेन्यू में लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी। कोरोना काल के बाद रेल कमाई में रेवेन्यू की यह अप्रत्याशित बढ़ोतरी बताई जा रही है। इस कीर्तमान स्थापित करने वाली कमाई में केवल रेल पैसेंजर के किराये से ही 61 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जिसके कारण कुल आय 63,300 करोड़ तक पहुँच सकी। जबकि माल भाड़े की ढुलाई से 1. 62 लाख करोड़ रुपए कमाये गये जोकि कुल बढ़ोतरी का केवल 15 प्रतिशत है। 2021-22 में यात्री किराये से होने वाली जो आय 39,214 करोड़ थी वह 22 -23 में बढ़कर 63,300 करोड़ तक पहुँच गयी। अर्थात 61 प्रतिशत तक बढ़ी। रेलवे ने इस बढ़ती आय को रेलवे की बढ़ती लोकप्रियता के रूप में भी परिभाषित किया है। बढ़ती जनसँख्या के अनुसार रेल यात्रियों की दिनोंदिन होती बढ़ोतरी तथा बेरोजगारी के वर्तमान दौर में युवाओं का रोजगार के लिये इधर उधर निरंतर आते जाते रहना रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या व रेल आय में बढ़ोतरी का एक कारण तो है ही। साथ ही रेलवे ने कमाई के कुछ ऐसे तरीके भी अपना रखे हैं जिनसे रेल यात्रियों की जेब ढीली कर रेल अपनी आय की बढ़ोतरी में जोड़ रही है।

**एक अनुमान के मुताबिक भारतीय रेल से प्रतिदिन लगभग दो करोड़ तीस लाख यात्री सफर करते हैं हालांकि कोविड-19 के बाद यह संख्या थोड़ी कम भी हुई है।**

देश-विदेश

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।



# व्यायाम की शुरूआत करते समय दर्द और चोट से बचने के तरीके

व्यायाम करने की आदत डालना आसान नहीं है। लोगों के लिए न केवल व्यायाम के लिए समय निकालना एक प्रमुख कारक है बल्कि दर्द और चोटों का डर भी एक कारण है कि लोग व्यायाम शुरू करने से कतराते हैं। व्यायाम करने की आदत डालना आसान नहीं है। लोगों के लिए न केवल व्यायाम के लिए समय निकालना एक प्रमुख कारक है बल्कि दर्द और चोटों का डर भी एक कारण है कि लोग व्यायाम शुरू करने से कतराते हैं। हालांकि, जरूरी नहीं कि व्यायाम करने से दर्द हो या चोट लगे। यहां कुछ सरल चीजें दी गई हैं, जिन्हें आप व्यायाम शुरू करते समय दर्द और चोट के जोखिम से बचने के लिए कर सकते हैं। 'वार्म-अप' (व्यायाम से पहले शरीर का तापमान बढ़ाना) व्यायाम से पहले खुद को 'वार्म-अप' करना महत्वपूर्ण है। इससे मांसपेशियों और पूरे शरीर का तापमान बढ़ जाता है। यह आपके शरीर को व्यायाम के बढ़ते बोझ के लिए भी तैयार करता है। वार्म-अप के बाद गर्म हुई मांसपेशियां लंबे समय तक व्यायाम करने में सक्षम हो पाती हैं। इससे दर्द और चोट का जोखिम भी कम हो जाता है। असल में एक प्रभावी वार्म-अप अलग-अलग व्यायाम के लिए भिन्न हो सकते हैं। लेकिन, सामान्य तौर पर आपको कसरत शुरू करने से पहले कम से कम पांच से दस मिनट का समय वार्म-अप करने के लिए देना चाहिए। उदाहरण के तौर पर दौड़ने से पहले टहलना या तेज कदमों से चलना चाहिए या भारी वजन उठाने से पहले हल्का वजन उठाना चाहिए।

व्यायाम शुरू करते समय अपनी क्षमता से अधिक कसरत करना एक सामान्य गलती है। इससे व्यायाम के बाद दर्द हो सकता है और आपके चोटिल होने की आशंका भी बढ़ सकती है। जब आप पहली बार कसरत शुरू करते हैं, तो धीरे-धीरे और अपनी क्षमता अनुसार इसकी शुरूआत और आगे बढ़ना महत्वपूर्ण होता है। व्यायाम के लाभ दिखने में सप्ताह या महीने भी लग सकते हैं, इसलिए अपने स्वास्थ्य और फिटनेस में रातोंरात सुधार देखने की अपेक्षा न करें। कुछ दिनों में आपको पिछले सत्र जितना लंबा या कठिन व्यायाम करना मुश्किल लग सकता है। ऐसे में चोट से बचने के लिए अपने शरीर की सुनें और जब आप थका हुआ महसूस करें तो रुक जाएं।

प्रत्येक सप्ताह आराम करने के लिए एक या दो दिन का समय देना व्यायाम की थकान से उबरने के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, इन दिनों में केवल बैठे रहना और कुछ भी नहीं करने की आवश्यकता नहीं है। मांसपेशियों को उचित आराम मिलने से दर्द और चोट के जोखिम से बचाव संभव है। आराम के दिनों में टहलना या योग जैसे कम थकाने वाले व्यायाम शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, अलग-अलग दिन भिन्न तरह की कसरत करने से यह आपकी मांसपेशियों को बार-बार एक ही तरह का काम करने से बचाएगा। उचित तरीका सीखें व्यायाम शुरू करते समय शुरूआती दौर में ही कसरत का सही तरीका विकसित करना महत्वपूर्ण है।

शुरूआत में, धीमी गति बनाएं और विभिन्न प्रकार के व्यायामों को करने की आदत डालें और तुरंत बहुत अधिक वजन नहीं उठाएं। इससे आपको चोट लगने से बचने में मदद मिलेगी। यदि आप जिम या फिटनेस सेंटर में व्यायाम करना चुनते हैं, तो जिम प्रशिक्षक की मदद ले सकते हैं। यदि आप अकेले व्यायाम करना पसंद करते हैं, तो आपके मार्गदर्शन के लिए बहुत सारे विकल्प ऑनलाइन उपलब्ध हैं। सही जूतों को तरजीह दें जूतों की सही जोड़ी आपकी कसरत में खासा फर्क ला सकती है। दौड़ने के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि आरामदायक जूते दर्द को कम करने में मददगार साबित होंगे और आपकी कसरत को और अधिक मनोरंजक बना देंगे।

# कई बीमारियों का रामबाण इलाज है कड़ी पत्ता



कड़ी पत्ता एक आयुर्वेदिक औषधि है, जो विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है। हृदय संबंधी रोगों के इलाज लिए कड़ी पत्ते का इस्तेमाल प्राचीन समय से होता आया है। इसके अलावा कड़ी पत्ता कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। खाने में कड़ी पत्ता का इस्तेमाल अमूमन हर घर में होता है। खासतौर पर दक्षिण भारत में कड़ी पत्ता बहुत से व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। यह ना केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। कड़ी पत्ते में बहुत से औषधीय गुण पाए जाते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं। इसमें आयरन, फॉलिक एसिड और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो डायबिटीज, एनीमिया और डायरिया जैसी कई अन्य बीमारियों से निजात पाने में मदद करते हैं।

## डायबिटीज को करें कंट्रोल

शुगर के मरीजों के लिए कड़ी पत्ता बहुत फायदेमंद होता है। कड़ी पत्ते में हाइपोग्लाइसेमिक नामक तत्व पाया जाता है जो ब्लड-शुगर लेवल को कंट्रोल में रखता है। कड़ी पत्ते के सेवन से डायबिटीज कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

## दिल के लिए फायदेमंद

कड़ी पत्ता एक आयुर्वेदिक औषधि है, जो विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर है। हृदय संबंधी रोगों के इलाज लिए कड़ी पत्ते का इस्तेमाल प्राचीन समय से होता आया है। इसके अलावा कड़ी पत्ता कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में भी मदद करता है।

## डायरिया में असरदार

डायरिया में कड़ी पत्ते का इस्तेमाल रामबाण इलाज है। कड़ी पत्ते में मौजूद काबाजोले एल्कलॉइड्स नामक तत्व डायरिया से बचाता है। इसका नियमित सेवन लीवर की क्षमता बढ़ाता है।

## त्वचा का रखें ख्याल

कड़ी पत्ता हमारी त्वचा के लिए भी बहुत लाभदायक होता है। इसमें मौजूद तत्व बैक्टीरियल इन्फेक्शन, जले-कटे और त्वचा की अन्य परेशानियों से राहत दिलाते हैं।

## एनीमिया में लाभदायक

एनीमिया के मरीजों के लिए कड़ी पत्ते का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके इस्तेमाल से शरीर में खून की कमी को दूर किया जा सकता है। इसमें आयरन, जिंक और फॉलिक एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जिससे खून की कमी को कम करने में मदद मिलती है।

## वजन घटाने में असरदार

कड़ी पत्ते के सेवन से मोटापे पर नियंत्रण रखने में मदद मिलती है। इसमें डाइक्लोरोमेथेन, एथिल एसीटेट और महानिम्बाइन जैसे तत्व पाए जाते हैं जो वजन घटाने और कोलेस्ट्रॉल कम करने में सहायता करते हैं।

## बाल मजबूत करें

कड़ी पत्ता बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसके प्रयोग से बाल मजबूत होते हैं और डैंड्रफ की समस्या से भी छुटकारा मिलता है।

# इन तरीकों को अपनाकर आप अपने सफेद बालों को कर सकते हैं काला

नारियल तेल और नींबू का रस एक साथ मिलाने से बालों को काला करने में मदद मिल सकती है। इन दोनों के संयोजन से एक रासायनिक प्रतिक्रिया होती है जो बालों को प्राकृतिक रूप से काला कर देती है। इसलिए आप नारियल तेल में नींबू का रस मिक्स करके इससे बालों व स्कैल्प की मसाज करें। आज के दौर में समय से पहले बालों का सफेद हो जाना एक आम समस्या है। अत्यधिक तनाव, चिंता, गलत खानपान, केमिकल्स का बालों पर उपयोग, सन एक्सपोजर और प्रदूषण ऐसे कई कारण है जो बालों के सफेद होने की वजह बनते हैं। आमतौर पर बालों के सफेद होने पर लोग डाई या मेहंदी आदि का इस्तेमाल करके उसे काला करने की कोशिश करते हैं। लेकिन बालों को काला करने का यह तरीका टेंपरेरी है और कुछ दिन बाद ही बाल फिर से सफेद नजर आने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ ऐसे तरीके अपनाएं, जिससे आपके बाल फिर से काले नजर आने लग जाएं।

## करी पत्ते का करें इस्तेमाल

करी पत्ता बालों के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। यह ना सिर्फ आपके बालों को फिर से काला बनाने में मदद करेगा, बल्कि इसकी ग्रोथ को भी बेहतर बनाएगा। इसके इस्तेमाल के लिए आप करी पत्ते का एक गुच्छा लें और उन्हें 2 टीस्पून आंवला पाउडर और 2 टीस्पून ब्राह्मी पाउडर के साथ पीस लें। इसे बालों पर हेयर मास्क की तरह लगाएं, जिससे जड़ों को कवर किया जा सके। एक घंटे के लिए छोड़ दें और एक लाइट हर्बल शैम्पू के साथ बालों को वॉश करें।



## नारियल का तेल

नारियल तेल और नींबू का रस एक साथ मिलाने से बालों को काला करने में मदद मिल सकती है। इन दोनों के संयोजन से एक रासायनिक प्रतिक्रिया होती है जो बालों को प्राकृतिक रूप से काला कर देती है। इसलिए आप नारियल तेल में नींबू का रस मिक्स करके इससे बालों व स्कैल्प की मसाज करें। वैसे अगर आप चाहें तो नींबू के रस में नारियल के तेल की जगह बादाम का तेल मिक्स करके भी लगा सकती हैं।

## ब्लैक टी आएगा काम

एक कप पानी में 2 टेबलस्पून ब्लैक टी और एक टीस्पून नमक डालकर उबालें और इस पानी को ठंडा होने दें। जब यह ठंडा हो जाए तो इसे छानकर धुले हुए बालों पर इसे डालें और सूखने दें। नियमित रूप से इस नुस्खे को आजमाएं। ब्लैक टी में कैफीन होता है जो एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। बालों में प्राकृतिक रूप से गहरा रंग मिलाते हुए, बालों के विकास को उत्तेजित करता है और इसे चमक प्रदान करता है। इससे ना सिर्फ आपके बाल नेचुरली काले होंगे, बल्कि इससे उनमें एक चमक भी आएगी।

## प्याज का रस

2-3 चम्मच प्याज का रस, 1 चम्मच नींबू का रस और 1 चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। इस मिश्रण से स्कैल्प और बालों में मालिश करें और आधे घंटे के बाद धो लें। यह उपाय ना सिर्फ सफेद बालों से छुटकारा दिलाता है, बल्कि प्याज बालों के विकास को भी बढ़ावा देता है। यह एंजाइम, कैटलाज को बढ़ाता है, इस प्रकार बालों को काला करता है। जब नींबू के रस के साथ जोड़ा जाता है, तो यह बालों को चमक और बाउंस देता है।

## कॉन्टेक्ट लेंस से होने वाली समस्याओं को

# नहीं करें नजरअंदाज

आजकल कई लोग चश्मे की जगह कॉन्टेक्ट लेंस का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार कॉन्टेक्ट लेंस पहनना परेशानी का सबब बन जाता है। इन दिक्कतों से बचने के लिए आप इस तरह से कॉन्टेक्ट लेंस का इस्तेमाल कर सकते हैं। आज कल लोगों के लिए कॉन्टेक्ट लेंस लगाना काफी आम बात हो गई है। चश्मे से निजात पाने के लिए कई लोग कॉन्टेक्ट लेंस की इस्तेमाल करते हैं। आपकी दृष्टि के क्षेत्र को कॉन्टेक्ट लेंस सीमित नहीं करते हैं। कॉन्टेक्ट लेंस को पहने से चश्मे का इस्तेमाल करने में होने वाली परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है। लेकिन जितना इसका इस्तेमाल करना आकर्षक है। उतना ही अधिक खतरनाक भी है। ऐसे में अगर आप कॉन्टेक्ट लेंस का इस्तेमाल करते हैं तो आपको आंखों के स्वास्थ्य के हिसाब से इसका इस्तेमाल करना चाहिए। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको इसके इस्तेमाल के बारे में बताने जा रहे हैं।

**सीमित समय के लिए पहनें :** चश्मे के विपरीत कॉन्टेक्ट लेंस पहनने का समय कम होता है। हालांकि यह लेंस के प्रकार या फिर इसकी क्वालिटी पर निर्भर करता है। बता दें कि डॉक्टर्स के हिसाब से ज्यादा से ज्यादा 8 घंटे ही कॉन्टेक्ट लेंस पहनना चाहिए। कॉन्टेक्ट लेंस को पहनकर सोने से बचना चाहिए। एक्सटेंडेड वियर लेंस को करीब एक सप्ताह के लिए पहना जा सकता है। लेकिन इस दौरान आपको संक्रमण आदि से बचने के लिए लेंस की सफाई आदि का भी अच्छे से ध्यान रखना होता है।

**शुरूआत में होती है बेचैनी :** जब आप लेंस पहनना शुरू करते हैं तो पहले कुछ दिनों में आपको अंकफर्टेबल महसूस होता है। लेकिन थोड़े समय के बाद यह सामान्य हो जाता है। अधिकांश नेत्र रोग विशेषज्ञ शुरूआत में कुछ ही घंटे लेंस पहनने की सलाह देते हैं। इसके बाद धीरे-धीरे इसको पहनने की अवधि बढ़ाते रहना चाहिए। लेकिन अगर इसके बाद भी आपको दिक्कत होती है तो आपको यह जरूर चेक करना चाहिए कि लेंस आपकी आखों के लिए अनुकूल है या नहीं। इसके लिए आप डॉक्टर से आखों का चेकअप भी करवा सकते हैं।



**ड्राई आखें :** कई बार घंटों तक लेंस का इस्तेमाल करने से आखें सूख जाती हैं या फिर लाल हो जाती है। आखों में ऑक्सीजन की कमी होने से देखने में परेशानी होने लगती है। वहीं पानी सूखने के कारण लेंस भी कठोर होने लगते हैं। इसके लिए आप आंखों में लेंस सॉल्यूशन डाल सकते हैं। ज्यादा परेशानी होने पर आप आई सर्जन को भी दिखा सकते हैं।

**आखों में एलर्जी :** कॉन्टैक्ट लेंस पहनने वालों को आखों में एलर्जी की समस्या भी हो सकती है। अगर लेंस को सही से साफ नहीं किया जाता है तो आखों में जलन की समस्या भी हो सकती है। कॉन्टेक्ट लेंस सफाई समाधान से एलर्जी हो सकती है। इसके लिए आप नियमित लेंस को साफ करना न भूलें। अगर जरूरत महसूस हो तो डॉक्टर की सलाह पर आप एंटी-एलर्जी आई ड्रॉप्स का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**कॉन्टैक्ट लेंस को ऐसे संभालें :** कुछ लोगों के लिए कॉन्टैक्ट लेंस पहनना और उतारना बोझिल हो सकता है। खासकर शुरूआत की दिनों में आपको इसमें आलस भी लगता है। कॉन्टैक्ट लेंस पहनने से पहले हाथों को अच्छे से साफ करें और अगर आपके नाखून बड़े हों तो उन्हें काट लें। लेंस को उंगली पर रखकर आखों पर लगाएं। क्योंकि अगर आप गलत साइड से लेंस पहनते हैं तो यह आपकी आखों को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**इंफेक्शन :** कॉन्टैक्ट लेंस पहनने के दौरान आखों में संक्रमण का जोखिम बढ़ता है। इसके कारण आखों में अल्सर की भी समस्या हो सकती है। इसलिए कॉन्टैक्ट लेंस को साफ करके ही पहनना चाहिए। डॉक्टर की सलाह के अनुसार, आप लेंस को पहनने और निकालने के समय में बदलाव भी कर सकते हैं। लेंस को पानी से साफ नहीं करना चाहिए। इसके लिए आप लुब्रिकेटिंग आई ड्रॉप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**आई मेकअप :** कॉन्टैक्ट लेंस पहने होने के कारण आई मेकअप के छोटे-छोटे कण आपकी आखों में चिपक जाते हैं। जिन्हें बाहर निकालना काफी परेशानी भरा हो सकता है। मेकअप करने से पहले अगर आप कॉन्टैक्ट लेंस पहनती हैं तो हाथों को अच्छे से साफ कर लेना चाहिए। आखों में अच्छे ब्रांड के मेकअप का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आई मेकअप करते समय आखों को बंद रखना चाहिए।

**कॉन्टैक्ट लेंस की सफाई :** कॉन्टैक्ट लेंस की सफाई और इसका रखरखाव बहुत मुश्किल नहीं है। इसके लिए आपको कुछ आसान तरीकों का पालन करना होता है। ब्रांड को लेकर समझौता नहीं करना चाहिए। क्योंकि यह आखों का मामला है। आखें काफी सेंसिटिव होती हैं। जिस कारण लेंस को सावधानी से पहनें। लेंस को साफ करने के लिए लार, आसुत जल या आई ड्रॉप का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसके अलावा रोजाना लेंस को साफ करना चाहिए। इससे इंफेक्शन का खतरा कम होता है।

❖ अनन्या मिश्रा

# सेहत के लिए लाभकारी है हरी मिर्च का आचार

खाने के साथ बहुत से लोग आचार का सेवन करते हैं। यह सिर्फ न परांठे के साथ स्वाद लगते हैं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होते हैं। भारत में जगह-जगह के अनुसार, कई तरह के आचार बनाए जाते हैं जैसे नींबू, लहसुन, अदरक, कटहल आदि लेकिन खाने में भी स्वाद सिर्फ मिर्च का आचार ही लेकर आता है। यह स्वाद के साथ स्वास्थ्य के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होता है। हरी मिर्च के आचार में विटामिन-ए, विटामिन-बी6, विटामिन-सी, आयरन, कॉपर, पौटेशियम, प्रोटीन और काबोर्हाइड्रेट जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा हरी मिर्च में फाइबर भी काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।

## इम्यूनिटी बनाएगा मजबूत

हरी मिर्च में विटामिन-सी की काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसका सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और किसी भी तरह के



इंफेक्शन से भी बचाव करने में यह मदद करती है।

## वजन करेगी कम

हरी मिर्च के आचार में फाइबर की मात्रा काफी अच्छी पाई जाती है। इसका सेवन करने से वजन घटाने में मदद मिलती है। हरी मिर्च का आचार सिरके के साथ बनाया जाता है जिससे कैलोरी शून्य हो जाती है ऐसे में इसका सेवन करके आप वजन कम कर सकते हैं।

## आंत के लिए फायदेमंद

हरी मिर्च के आचार में करक्यूमिन नाम का पोषक तत्व पाया जाता है इसके अलावा इसमें एंटीइंफ्लेमेटरी गुण भी मौजूद होते हैं। मिर्च का आचार खाने से शरीर के यह गुण बैक्टीरिया को बढ़ाते है जिससे आंतें स्वस्थ रहती है। ऐसे में मिर्च का आचार आंतों के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है।

## कितनी मात्रा में करना चाहिए सेवन?

हरी मिर्च का आचार स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है लेकिन इसका ज्यादा सेवन करने से शरीर को नुकसान भी हो सकता है। ज्यादा मात्रा में हरी मिर्च का आचार खाने से बर्निंग सेंसेशन और पेट में दर्द जैसी समस्याएं हो सकती है। दिन 1-2 पीस से ज्यादा हरी मिर्च का आचार नहीं खाना चाहिए। यदि आपको पाचन संबंधी समस्याएं हैं तो एक्सपर्ट्स के अनुसार, दिन में 1-2 मिर्च का आचार आप सप्ताह में खा सकते हैं।

# आज का राशिफल

| | | | |
|---|---|---|---|
| **मेष राशि** : मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। | **वृष राशि** : मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। | **मिथुन राशि** : मास के प्रारंभ में आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा। परंतु मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। मन में सकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। | **कर्क राशि** : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध व वाद विवाद से बचें। कला या संगीत में रुचि रहेगी। |
| **सिंह राशि** : मास के प्रारंभ में आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। धैर्यशीलता में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। | **कन्या राशि** : मास के प्रारंभ में आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा। परंतु मन में नकारात्मकता का प्रभाव भी हो सकता है। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। | **तुला राशि** : मास के प्रारंभ में मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। कारोबार विस्तार के लिए भागदौड़ बढ़ सकती है। रहन सहन अव्यवस्थित रहेगा। | **वृश्चिक राशि** : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। मन में सकारात्मकता का प्रभाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। |
| **धनु राशि** : आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे तो परंतु संयत रहें अपनी भावनाओं को वश में रखें। धैर्यशीलता बनाए रखने का प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। | **मकर राशि** : मास के प्रारंभ में आत्मविश्वास में लबरेज रहेंगे। मन अशांत रहेगा। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है। किसी संपत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। | **कुंभ राशि** : माह की शुरूआत में आत्मविश्वास में कमी रहेगी। क्रोध में कमी आएगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कारोबार में सुधार होगा। सकारात्मकता का प्रभाव बढ़ेगा। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। | **मीन राशि** : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पठन पाठन में रुचि बढ़ेगी। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में भी परिश्रम अधिक रहेगा। |

# वनडे रैंकिंग : सालाना अपडेट के बाद ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर पहुंचा

## पाक दूसरे और भारत तीसरे नंबर पर



**एजेंसी। दुबई**

2019-20 सत्र के नतीजों को हटाए जाने के कारण ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी पुरुष वनडे टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान फिर से हासिल कर लिया है। यह परिवर्तन मई 2020 के बाद से पूरे हुए सभी मैचों को दशार्ता है। पाकिस्तान दूसरे और भारत तीसरे नंबर पर है और तीनों टीमें साल के अंत में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलने के लिए तैयार हैं।

अपडेट के बाद ऑस्ट्रेलिया 118 अंकों के साथ पाकिस्तान से दो रेटिंग अंक ऊपर है, जिसमें मई 2022 से पहले के मैचों को 50 प्रतिशत और उसके बाद के मैचों को 100 प्रतिशत गिना गया है।


पाकिस्तान, जिसने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला का अंतिम वनडे हारने से पहले 5 मई को थोड़े समय के लिए नंबर एक का स्थान हासिल किया था लेकिन अब ऑस्ट्रेलिया से पीछे खिसक गया है। उसके 116 अंक हैं, जो भारत (115) से एक अधिक है। पाकिस्तान ने यदि न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला 5-0 से क्लीन स्वीप कर ली होती तो वह वार्षिक अपडेट के बाद भी एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर बना रहता। विश्व कप के वर्ष में रैंकिंग के शीर्ष पर एक दिलचस्प लड़ाई आसन्न है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और भारत में केवल तीन अंकों का फासला है और वे 20-टीम तालिका में दूसरों से आराम से आगे हैं।

रैंकिंग से बाहर होने वाले मैचों में पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2019 शामिल है। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड, जिन्होंने चार साल पहले लॉर्डस में एक जबरदस्त फाइनल खेला था, दोनों ने वार्षिक अपडेट में अंक गंवाए हैं।

न्यूजीलैंड चौथे स्थान पर है लेकिन चक्र के ऊपर चार अंक गंवाने के बाद भारत से 11 अंक पीछे 104 पर है। इंग्लैंड, जो इस साल भारत में अपने विश्व कप खिताब का बचाव करेगा, 10 अंक गंवा चुका है और 101 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर बरकरार हैं, जबकि अफगानिस्तान ने आठवें स्थान पर कब्जा करने के लिए पूर्व विश्व चैंपियन श्रीलंका और वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ दिया है। शीर्ष आठ टीमों ने इस साल के विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई किया है।

# एनबीए : गोल्डन स्टेट वॉरियर्स ने लॉस एंजिल्स लेकर्स को हराया



**एजेंसी। कैलिफोर्निया**

कैलिफोर्निया के चेस सेंटर स्टेडियम में गोल्डन स्टेट वॉरियर्स ने लॉस एंजिल्स लेकर्स को हरा दिया। वारियर्स ने एनबीए वेस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमी-फाइनल का गेम 5 जीत लिया, जिसमें अंतिम स्कोर 121-106 था। खेल के पहले क्वार्टर में, गोल्डन स्टेट वॉरियर्स ने अच्छा आक्रमण किया और उनका समग्र प्रदर्शन अच्छा रहा। वारियर्स ने पहला क्वार्टर 32-28 से जीता। लेकर्स ने भी मैच के शुरूआती चरण में उन्हें अच्छी टक्कर दी। दूसरे क्वार्टर में गोल्डन स्टेट वारियर्स ने बढ़त बना ली, हालांकि लॉस एंजिल्स लेकर्स ने कड़ी चुनौती दी, लेकिन अंत में वारियर्स ने दूसरा क्वार्टर 38-31 से जीता। तीसरे क्वार्टर का नतीजा 23-23 के स्कोर की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच के अंतिम क्वार्टर में, गोल्डन स्टेट वॉरियर्स ने 28-24 से जीतकर मैच अपने नाम किया। एनबीए वेस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमी-फाइनल के गेम 5 का अंतिम स्कोर 121-106 रहा और वॉरियर्स ने सात मैचों की श्रृंखला को जीवित रखने के लिए एक महत्वपूर्ण जीत हासिल की। सात मैचों की सीरीज का स्कोरलाइन 3-2 है।

लेकर्स के पास अभी भी वारियर्स पर एक जीत की बढ़त है और उन्हें फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए केवल एक जीत की जरूरत है। गोल्डन स्टेट वॉरियर्स के खिलाड़ी स्टीफन करी ने 27 अंक बनाए, तीन रिबाउंड प्राप्त किए और आठ में सहायता प्रदान की। टीम के साथी एंड्रयू विगिन्स ने 25 अंक बनाए, सात रिबाउंड प्राप्त किए और पांच में सहायता प्रदान की।

### मुक्केबाजी विश्व चैंपियनशिप

# दीपक, हुसामुद्दीन और निशांत सेमीफाइनल में



## भारत के तीन पदक पक्के

**एजेंसी। ताशकंद**

मुक्केबाज दीपक भोरिया (51 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने बुधवार को यहां पुरुष विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के लिए तीन पदक पक्के कर दिये। क्वार्टर फाइनल जीत का मतलब है कि तीनों मुक्केबाजों का कम से कम कांस्य पदक पक्का हो गया है। भारत का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2019 संस्करण में आया था जब अमित पंघाल ने अभूतपूर्व रजत और मनीष कौशिक ने कांस्य पदक जीता था। भारत के लिए अभियान की शुरूआत करते हुए, दीपक ने किर्गिस्तान के नूरझिगिट दुशेबाएव को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर फ्लाईवेट वर्ग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अब सेमीफाइनल में उनका सामना शुक्रवार को फ्रांस के बी बेनामा से होगा। दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता हुसामुद्दीन ने बुल्गारिया के जे डियाज इबनेज के खिलाफ करीबी मुकाबले में 4-3 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में हुसामुद्दीन का सामना क्यूबा के सैदेल होर्ता से होगा।

# कोलकाता ने राजस्थान को 150 रनों का दिया टारगेट

**एजेंसी। कोलकाता**

इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला जारी है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। केकेआर 20 ओवर में 8 विकेट पर 149 रन ही बना सकी। जवाब में राजस्थान के ओपनर्स यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर क्रीज पर हैं। एक ओवर के बाद टीम ने बगैर नुकसान के 26 रन बना लिए हैं। पहली पारी में युजवेंद्र चहल ने 25 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके साथ ही वह लीग इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। ट्रेंट बोल्ट ने 2 विकेट लिए। कोलकाता से वेंकटेश अय्यर ने फिफ्टी लगाई। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी कोलकाता की शुरूआत खराब रही।



## रिंकू सिंह की होगी भारतीय टीम में एंट्री



**कोलकाता।** केकेआर के मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह की जल्द ही भारतीय टीम में एंट्री होने जा रही है। यह भविष्यवाणी की है कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने। उनका मानना है कि अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी की वाहवाहियां लूटने वाले रिंकू सिंह जल्द ही भारतीय टीम का हिस्सा बन सकते हैं। हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव पर कहा, भारतीय टीम की टोपी रिंकू के सिर से बहुत दूर नहीं है। वह एक प्रेरणादायक खिलाड़ी है।

# पीसीबी ने नहीं दिया भारत में खेलने के लिए आईसीसी को लिखित आश्वासन



## पाकिस्तान सरकार पर टिकी निगाहें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशिया कप को लेकर गतिरोध बरकरार रहने के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से उसकी राष्ट्रीय टीम के भारत में होने वाले 2023 विश्व कप में भाग लेने को लेकर कोई लिखित आश्वासन नहीं मिला है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बुधवार को पीटीआई से कहा, भारत का पाकिस्तान आना और पाकिस्तान का भारत जाना बीसीसीआई या पीसीबी पर निर्भर नहीं करता है इसलिए पीसीबी वैश्विक आयोजन में अपनी भागीदारी के बारे में आईसीसी को कोई आश्वासन नहीं दे सकता है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई की तरह यहां भी पाकिस्तान सरकार स्वीकृति देगी, सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद ही पीसीबी फैसला कर सकता है। पाकिस्तान के अहमदाबाद में भारत से खेलने की संभावना है और उसके ज्यादातर मैच दक्षिणी भारत के शहरों जैसे बेंगलुरू और चेन्नई में होने की उम्मीद है। इस बीच एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) एशिया कप को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के लिए तैयार है क्योंकि अधिकांश सदस्य देशों ने पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी द्वारा पेश 'हाइब्रिड मॉडल' के विचार को खारिज करने का फैसला किया है। प्रस्ताव के अनुसार पाकिस्तान अपने सभी मैच पाकिस्तान में खेलेगा जबकि भारत अपने मैच दुबई, शारजाह और अबुधाबी में खेलेगा। हालांकि श्रीलंका और बांग्लादेश ने सुपर फोर के लिए क्वालीफाई करने की स्थिति में पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच यात्रा को लेकर आशंका व्यक्त की है। एसीसी के एक सूत्र ने पुष्टि की कि अगर टूर्नामेंट को श्रीलंका में स्थानांतरित किया जाता है तो पाकिस्तान उसमें हिस्सा नहीं लेगा। सूत्र ने कहा, सेठी ने सदस्यों को समझाने की कोशिश की कि 'हाइब्रिड मॉडल' व्यावसायिक रूप से अधिक व्यावहारिक हो सकता है।

# एशियन कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन 27 जून से



**एजेंसी। नई दिल्ली।**

एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप 2023 का आयोजन 27 से 30 जून तक बुसान, दक्षिण कोरिया में किया जाएगा। महाद्वीपीय कबड्डी प्रतियोगिता छह साल के अंतराल के बाद खेली जाएगी। पिछला संस्करण 2017 में गोरगन, ईरान में आयोजित किया गया था। 1980 में उद्घाटन टूर्नामेंट के बाद से, चैंपियनशिप ने विभिन्न एशियाई देशों की टीमों को एक साथ लाया है, जिसमें भारत, पाकिस्तान, ईरान और बांग्लादेश शामिल हैं। एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप के इतिहास में भारतीय पुरुष कबड्डी टीम सबसे सफल पक्ष है, जिसने आठ संस्करणों में सात स्वर्ण पदक जीते हैं। ईरान ने मलेशिया के कांगर में 2003 संस्करण का खिताब जीता था। भारत 2017 में फाइनल में पाकिस्तान को 36-22 से हराकर डिफेंडिंग चैंपियन है। महिला वर्ग में भी, भारत डिफेंडिंग चैंपियन है क्योंकि उसने 2017 में फाइनल में दक्षिण कोरिया को 42-20 से हराया था। भारतीय महिला कबड्डी टीम प्रतियोगिता में सबसे सफल पक्ष भी है जिसने चार स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि दक्षिण कोरिया ने अब तक पांच संस्करणों में एक बार खिताब जीता है। एशियाई कबड्डी मीट और एशियाई खेलों के लिए 40 संभावित पुरुष खिलाड़ियों के लिए कोचिंग कैंप 4 मई को पटना, बिहार में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शुरू हुआ। कैंप का समापन 18 मई को होगा। एशियाई शिविर तीन कोचों - आशान कुमार, ई भास्करन और संजीव बालियान के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के लोकप्रिय कोच ई भास्करन पहले भी राष्ट्रीय कोच रह चुके हैं।

# टॉप्स में अतानु दास, मेहुली घोष की वापसी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस 2024 क्वालीफिकेशन में अहम स्पधाओं के साथ ओलंपियन तीरंदाज और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अतानु दास और निशानेबाज मेहुली घोष को गुरुवार को युवा मामलों और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) द्वारा टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर से शामिल किया गया। अतानु दास को इस साल घरेलू सर्किट और अंताल्या में तीरंदाजी विश्व कप में उनके हालिया प्रदर्शन के आधार पर सूची में शामिल किया गया है। मंत्रालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि दास, जिन्होंने पुरुषों की रिकर्व व्यक्तिगत रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल करने के लिए 673 अंक बनाए थे, लगभग डेढ़ साल बाद अंतरराष्ट्रीय आउटडोर प्रतियोगिता में वापसी कर रहे थे। टॉप्स में शामिल अन्य बड़े नाम राइफल शूटर मेहुली घोष हैं, जिन्होंने इस साल राष्ट्रीय निशानेबाजी ट्रायल्स में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा जीती थी और 15 वर्षीय तिलोत्तमा सेन, जिन्होंने इससे पहले काहिरा विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का कांस्य पदक जीता था और वह भी सीनियर सर्किट में अपने पदार्पण पर।

## रिदम सांगवान ने बाकू में 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज रिदम सांगवान ने अजरबैजान के बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक ग्रीस की अन्ना कोराकाकी और रजत पदक विजेता यूक्रेन की ओलेना कोस्तेविच ने जीता। हालांकि भारत के सरबजोत सिंह (पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल) और एशा सिंह फाइनल में क्वालीफाई करने के बावजूद पदक से चूक गए। रिदम ने 60-शॉट योग्यता चरण में 581 और एशा ने 579 का स्कोर किया था और तीसरे और सातवें स्थान पर रहते हुए आठ निशानेबाजों के 24-शॉट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टोक्यो मिक्स्ड टीम विजेता चीन की जियांग रानक्सिन 588 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं।

### आईपीएल 2023

### सीएसके से मिली हार पर कोच शेन वॉटसन ने कहा-

# हमें बेहतर होने के लिए काम करते रहने की जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स की टीम को बुधवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 27 रनों से हार पड़ा। मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम 8 विकेट पर 140 रन ही बना सकी। मैच को लेकर दिल्ली के सहायक कोच शेन वॉटसन ने कहा, हमने सोचा था कि चेन्नई में विकेट पर 167 रन का स्कोर हासिल किया जा सकता था। हमारे लिए एक अच्छी शुरूआत करना महत्वपूर्ण था, लेकिन दुर्भाग्य से, हम ऐसा नहीं कर सके। पावरप्ले में तीन विकेट गंवाने के बाद वापसी करना भी हमारे लिए मुश्किल था। उन्होंने आगे कहा, आरसीबी के खिलाफ सब कुछ वास्तव में अच्छा रहा। दुर्भाग्य से, वार्नर पहले ही ओवर में आउट हो गए। फिर हमने साल्ट और मार्श को भी खो दिया। इसलिए, सीएसके के खिलाफ चीजें काम नहीं कर पाईं।



आगामी मैचों के लिए टीम को किन पहलुओं पर ध्यान देने की जरूरत है, इसके बारे में पूछे जाने पर, वॉटसन ने कहा, ₹हमें बस बेहतर होने के लिए काम करना होगा। हमने सीएसके के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की। हमें लंबे समय तक बल्ले से अपने कौशल का प्रदर्शन करने का तरीका खोजना होगा। अगर हम ऐसा कर सकते हैं, जैसा कि हमने टूर्नामेंट के कुछ चरणों में किया है, तो हम अच्छा बल्लेबाजी प्रदर्शन कर सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम शनिवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में टाटा आईपीएल 2023 के अपने अगले मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

## कोहली ने पोस्ट किया वीडियो, गंभीर के साथ विवाद खत्म करने की कोशिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आरसीबी के बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल के बाद लखनऊ सुपरजाइंट्स के अफगान गेंदबाज नवीन-उल-हक और उनके मेंटर गौतम गंभीर के साथ अपने हालिया विवाद को खत्म करते नजर आ रहे हैं। बुधवार को कोहली ने अमेरिकी स्टैंड-अप कॉमेडियन केविन हार्ट का एक गुप्त वीडियो साझा किया। हार्ट वीडियो में कहते हैं, द्वेष, क्रोध, नकारात्मकता.. मेरे पास इसके लिए समय नहीं है। क्योंकि मैं इतनी सारी सकारात्मक चीजें करने के लिए जी रहा हूं। मैं अतीत में और जो गलत था उसमें स्नान नहीं कर सकता। हालांकि कोहली ने इसका जिक्र नहीं किया, लेकिन वीडियो को विवाद की घटना से आगे बढ़ने की कोशिश के रूप में लिया जा सकता है। कोहली का नवीन-उल-हक और एलएसजी के काइल मेयर के साथ एक गर्म वाद-विवाद हो गया था। क्योंकि मैच समाप्त होने के बाद अफगान खिलाड़ी ने कोहली से हाथ मिलाने से परहेज किया था। भारतीय टीम और दिल्ली रणजी ट्रॉफी टीम में कोहली के पूर्व सहयोगी गंभीर ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया, जब उन्होंने आरसीबी के पूर्व कप्तान पर कई बार अपशब्दों का प्रयोग किया। एलएसजी कप्तान केएल राहुल और अन्य खिलाड़ियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। इन तीनों पर आईपीएल द्वारा घटना में उनकी संबंधित भूमिकाओं के लिए भारी जुमार्ना लगाया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोहली ने बीसीसीआई के कुछ अधिकारियों से कहा है कि उन्होंने नवीन और गंभीर को कुछ भी गलत नहीं कहा।





# टीटी के भरोसे नहीं रहेंगे वेटिंग टिकट वाले रेल यात्री



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ट्रेन में वेटिंग लिस्ट (प्रतीक्षा सूची) के यात्री जल्दी ही चार्ट बनने के बाद आसानी से यह पता कर सकेंगे कि किस श्रेणी की बोगी में कितनी सीटें खाली हैं। खाली सीटों की सूची यात्रियों को मोबाइल पर देने के लिए आइआरसीटीसी की साइट में नया फीचर जोड़ने की प्रोसेस शुरू हो रही है। रेलवे के एक अधिकारी के मुताबिक 3 महीने में यह व्यवस्था शुरू हो सकती है। नई व्यवस्था में जो यात्री आइआरसीटीसी के जरिए टिकट बुक कराते हैं उन्हें टिकट बुक करते समय ही गेट ट्रेन चार्ट के ऑप्शन को चुनने का मौका मिलेगा। इसके बाद आइआरसीटीसी के मैसेज से प्राप्त लिंक को खोलने के बाद यात्रियों को पता चल सकेगा कि वह जिस ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं उसमें किस श्रेणी में कितनी सीटें खाली हैं। लिंक पर जो यात्री पहले क्लिक करेंगे उनको उपलब्धता के आधार पर सीट मिलेगी। सूत्रों का कहना है कि अगर इस सुविधा का कोई शुल्क लिया जाता है तो 5-10 रुपए से ज्यादा नहीं होगा। अभी तक आइआरसीटीसी के साइट पर जाकर गेट ट्रेन चार्ट के जरिए खाली सीट का पता किया जा सकता था। यात्रियों के मोबाइल नंबर पर खाली सीट का ब्योरा भेजने की सुविधा नहीं थी। इससे वेटिंग टिकट वाले यात्री टीटी पर निर्भर रहते थे, जो ज्यादातर नियम-कायदों से बर्थ न देकर मनमर्जी से काम करते रहे हैं।

# फैक्ट्री पर हजार करोड़ निवेश करेगी एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्तर प्रदेश के नोएडा में 1,000 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट करने जा रही है। इस फैक्ट्री में वॉशिंग मशीन, स्मार्ट वॉच, हियरेबल्स और ट्रू वायरलेस स्टीरियो जैसे प्रोडक्ट बनाए जाएंगे। कंपनी इस साल जुलाई तक भूमि अधिग्रहण, उपकरण और फैसिलिटी के कंस्ट्रक्शन जैसी चीजों पर 400 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। ये फैक्ट्री कम्प्लीट बैकवर्ड इंट्रीग्रेशन और इन-हाउस डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग सॉल्यूशन्स का घर होगी। कंपनी के डायरेक्टर सागर गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में उनकी दिल्ली से लगभग 25 किमी दूर हरियाणा के सोनीपत में एक फैक्ट्री है। इसमें 43 इंच स्क्रीन साइज तक की छएऊटीवी और सेट-टॉप-बॉक्स बनाए जाते हैं। यहां लगभग 1000 कर्मचारी हैं। सागर ने कहा, 'नए प्लांट में हम 43 इंच से 90 इंच के स्क्रीन साइज के छएऊ टीवी बनाए जाएंगे। भारत में अभी इन्हें इंपोर्टेड कंपोनेंट को असेंबल कर बनाया जाता है। हम इन इंपोर्टेड कंपोनेंट को यहां बनाने का प्लान बना रहे हैं।' कंपनी एलईडी की ब्रांडिंग भी करती है। नोएडा में हर महीने एलईडी टीवी की 500,000 यूनिट मैन्युफैक्चर करने की इनिशियल कैपेसिटी होगी। ये कैपेसिटी के लिहाज से देश की सबसे बड़ी फैक्ट्री होगी। अगले तीन साल में कैपेसिटी को बढ़ाकर 800,000 से 900,000 यूनिट किया जाएगा। शुरूआत में, नोएडा फैक्ट्री में 1,500 कर्मचारियों की वर्कफोर्स होगी जिसे तीन वर्षों में 3,000 तक बढ़ाने का प्लान है। 1000 करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट की फंडिंग के बारे में सागर ने कहा कि पहले फेज में 400 करोड़ रुपए इन्वेस्ट किए जाएंगे। ये पैसे बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लोन और कंपनी के इंटरनल एक्युरल से आएंगे। सागर ने कहा कि हम प्राइवेट इक्विटी के लिए भी जा सकते हैं। 3 साल बाद इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी क्ष्ढड लॉन्च करने का भी प्लान है। सागर गुप्ता ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से बी.कॉम (ऑनर्स) किया है। इसके एक साल बाद उन्होंने अपने पिता के साथ इस बिजनेस में कदम रखा और एक ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर (डएट) एक्का इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की शुरूआत की। सागर के पिता की दिल्ली के चांदनी चौक में एक इलेक्ट्रॉनिक्स की शॉप थी ये कंपनी केवल चार साल में 600 करोड़ रुपए के टर्नओवर तक पहुंच गई है। उनके पास लगभग 1000 कर्मचारी हैं और उनकी फैक्ट्री दिल्ली से लगभग 25 किमी दूर हरियाणा के सोनीपत में है।

## शेयर बाजार की कीमतों में गिरावट

**मुंबई।** आज गुरुवार (11 मई) को शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार देखने को मिला है। सेंसेक्स 35 अंक गिरकर 61,904 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में 18 अंक की गिरावट रही, ये 18,297 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में बढ़त और सिर्फ 8 में गिरावट देखने को मिली है। आज अडाणी ग्रुप के सभी 10 शेयरों में तेजी देखने को मिली है। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर आज 5% चढ़ा है। फार्मा सेक्टर 1.26% टूटकर बंद हुआ। वहीं, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.9% की तेजी रही। रियल्टी, प्राइवेट बैंक, बैंक निफ्टी और ऑटो में 0.3 से 0.5% के करीब तेजी रही। डॉ रेड्डीज का शेयर खराब नतीजों के चलते करीब 7% फिसला। आज रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे टूटकर 82.09 रुपए पर बंद हुआ। देश की दिग्गज पेंट कंपनी एशियन पेंट्स ने 31 मार्च 2023 को खत्म हुई वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। चौथी तिमाही में एशियन पेंट्स का मुनाफा सालाना आधार पर 45.12% की बढ़त के साथ 1234.14 करोड़ रुपए पर रहा है। इस अवधि में कंपनी की कामकाजी आय सालाना आधार पर 11.33% की बढ़त के साथ 8787.34 करोड़ रुपए रही है।

## ब्रिटेन में भी गूंजा 'बजरंग बली की जय, सैन्य अभ्यास के दौरान लगा नारा

**लंदन।** कर्नाटक चुनाव में बजरंग बली की जय के नारे कई रैलियों में सुने गए। भाजपा ने कांग्रेस के घोषणापत्र में बजरंग दल पर बैन को बजरंग बली से जोड़ते हुए कई हमले बोले। पीएम मोदी ने खुद कई रैलियों में कांग्रेस को हिंदू विरोधी बताया। दूसरी ओर, अब बजरंग बली के नारे भारत ही नहीं ब्रिटेन में भी सुनने को मिले। दरअसल, ब्रिटेन के सैलिसबरी मैदान में आयोजित भारत-ब्रिटेन संयुक्त-सैन्य अभ्यास में ये नारे सुनाई दिए। ₹अजेया वारियर-23₹ के 7वें संस्करण के दौरान भारतीय सेना के जवानों ने 'भारत माता की जय के साथ बजरंग बली की जय' का नारा लगाया। सेना के जवान हाथों में बंदूक लेकर जोर-जोर से ये नारे लगाते दिखे। बता दें कि यूके और भारतीय सैनिकों के बीच अभ्यास का उद्देश्य सैन्य संबंधों को बढ़ाना के साथ एक-दूसरे की युद्ध की तकनीकों को सीखना है। दोनों देश के जवान एक साथ काम करने की क्षमता को बढ़ाना चाहते हैं। साथ ही दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालन, सौहार्द और दोस्ती को बढ़ावा देना है। यह अभ्यास भारतीय सेना और ब्रिटिश सेना के बीच रक्षा सहयोग में एक महत्वपूर्ण योगदान देता है। इस सैन्य अभ्यास में बटालियन लेवल के साथ कंपनी लेवल के सैन्य अधिकारी भी भाग लेते हैं। इसका मुख्य फोकस स्किल डेवलपमेंट होता है। इसमें दोनों देशों के सैनिक एक दूसरे के सैन्य अनुभव भी सांझा करेंगे और तकनीकी अभ्यास भी करेंगे।

## इंटरनेट बंद करने पर पाकिस्तान सरकार को जारी किया नोटिस

**लाहौर।** लाहौर हाई कोर्ट ने गुरुवार को देश भर में इंटरनेट सेवाओं को बंद करने पर संघीय सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया है। पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था, जिसके बाद सरकार ने इंटरनेट बंद कर दिया है और सोशल मीडिया पर भी प्रतिबंध लगा दिया। एआरवाई न्यूज ने यह जानकारी दी। लाहौर हाई कोर्ट ने वकील अबुजर सलमान खान नियाजी की याचिका पर सुनवाई करते हुए अधिकारियों से 22 मई तक जवाब मांगा है।

## इटली के मिलान में गैस सिलेंडर से धमाका

**रोम।** इटली के शहर मिलान में गुरुवार को बड़ा धमाका हो गया। पुलिस ने बताया कि कुछ गाड़ियों में आग लगी है। पुलिस के मुताबिक- यह धमाका एक वैन में हुआ है। इलाके को सील कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि धमाके में किस तरह का नुकसान हुआ है। दूर से आग और धुआं नजर आ रहा है। इटली के अखबार ह्यला रिपब्लिकाह्न की वेबसाइट के मुताबिक- जिस वैन में धमाका हुआ, उसमें कुछ गैस सिलेंडर डिलिवरी के लिए रखे गए थे। इस वैन को पार्किंग में ले जाया जा रहा था।

## एक का शेष...

### रोजगार के नये अवसर ...

नए अवसर बढ़ेंगे। यह सिर्फ एक डैम नहीं है, बल्कि आपकी आमदनी का एक बड़ा स्त्रोत भी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आम जनता की सहभागिता के बिना कोई भी योजना सफल नहीं हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पतरातू डैम कैचमेंट एरिया का सीमांकन किया जाएगा। ताकि, इसका अतिक्रमण नहीं हो और इसे सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन को सभी जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डैम परिसर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने पतरातू डैम परिसर को एक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले सैलानियों के लिए जल्द ही रोपवे का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा पतरातू और नेतरहाट के लिए भी बस सेवा की शुरूआत की जाएगी । वहीं, पतरातू डैम में वाटर एक्टिविटीज तथा वाटर स्पोर्ट्स भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर लगभग 12 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से 6 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया। इनमें 7 करोड़ 10 लाख रुपए की 2 योजनाओं का उद्घाटन और 5 करोड़ 82 लाख रुपए की 4 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा समारोह में पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन, राज्य समन्वय समिति के सदस्य फागु बेसरा, विधायक अम्बा प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ,भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, निदेशक पर्यटन अंजलि यादव, रामगढ़ की उपायुक्त माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### जयंत करनाड के...

में हेरफर व फजीर्वाड़े की बात की पुष्टि हुई थी। ईडी ने जांच में पाया है कि अफसर अली, प्रदीप बागची समेत अन्य का गिरोह कोलकाता के रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस के यहां से कागजों की हेरफर कराता था, इसके बाद इन्हीं कागजों के आधार पर जमीन की रजिस्ट्री करा ली जाती थी।

**जयंत करनाड ने सौंपे हैं दस्तावेज**

बुधवार को ईडी ने जमीन के असल मालिक होने के दावेदार जयंत करनाड का बयान भी दर्ज किया था। जयंत करनाड ने जमीन के मूल खतियान से लेकर सेना के साथ किराए के करारनामें व हाईकोर्ट के आदेश की कॉपी ईडी को सौंपी है। ईडी जयंत करनाड के द्वारा सौंपे गए जमीन संबंधी दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच कराएगी, वहीं अन्य सारे कागजातों का भी सत्यापन कराया जाएगा। ईडी ने गुरुवार को जमीन की रजिस्ट्री लेने वाले कुछ लोगों का भी बयान दर्ज किया। जयंत करनाड से रजिस्ट्री लेने वालों की डीड की जांच में यह बात सामने आयी है कि अबतक किसी ने पूरा भुगतान करनाड को नहीं किया था। गौरतलब है कि 2019 में जयंत करनाड ने 13 लोगों को जमीन की रजिस्ट्री की थी।

### 15 मई को नक्सलियों ने

जा रहे अंधाधुंध बमबारी और रामनवमी के अवसर पर बिहार के बिहारशरीफ, सासाराम, गया और देश के विभिन्न भागो में एक राजनीतिक पार्टी की ओर से भड़कायी गयी संप्रदायिक हिंसा के खिलाफ 15 मई को संपूर्ण उत्तर भारत बंद को सफल बनाएं। बंद से दूध, मेडिकल, एंबुलेंस, अग्निशमन सेवा को मुक्त रखा गया है। प्रेस विज्ञाप्ति के जरिये नक्सलियों ने सभी कमांडरों, जनसंगठनों के नेताओं, मजदूर, किसान, छात्र, डॉक्टरों, वाहन मालिकों से आह्वान किया है कि बंद को सफल बनाये।

### बोकारो में 15 साल से ...

व शिवलाल सोरेन के घर को गुरुवार को कुर्की किया गया। मधुबन थाना के पुअनि सचिन कुमार व निमियाघाट के पुअनि दीपक किशोर भारती बताया कि 15 साल से दोनों माओवादी फरार चल रहे थे। कोर्ट के आदेश पर दोनों माओवादियों के घर कुर्क किया गया है। उल्लेखनीय है कि 7 अगस्त, 2008 को जीटी रोड पर माओवादियों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया था, जिसमें दो जवान बलिदान हो गए थे। घटना में मोस्ट वांटेड माओवादी नवीन मांझी के अलावा सीताराम मांझी व शिवलाल मांझी सहित 50 हथियार बंद माओवादियों पर निमियाघाट थाना में कांड संख्या 44/2008 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में निमियाघाट पुलिस पांच दिन पूर्व भी सीताराम मांझी व शिवलाल मांझी की तलाश में ऊपरघाट पहुंची थी। मधुबन थाना में भी दोनों माओवादियों पर हत्या का मामला दर्ज है।

### क्या नीतीश का आधार...

साथ भाजपा में जा सकते हैं। 2021 में वह मोदी सरकार में मंत्री बन गये। जिसके बारे में आज भी चर्चा होती है कि आरसीपी ने नीतीश की सहमति के बिना ही केंद्रीय मंत्री के लिए अपना नाम भेज द?िया था। यहीं से नीतीश के संदेह को और बल मिल गया कि आरसीपी अघोषित रूप से भाजपा की गोद में बैठ चुके हैं। यह संदेह कई और प्रमाण के बाद पुख़्ता होता गया ,तो 2022 में जदयू ने आरसीपी को तीसरी बार राज्यसभा नहीं भेजा। और आरसीपी से भ्रष्टाचार के आरोपों पर जवाब तलब किया। राज्य सभा में तीसरी बार नहीं भेजे जाने से मोदी को मजबूरन उनको केन्द्रीय मंत्री पद से हटाना पड़ा। तब आरसीपी को समझ में आ गया कि इनकी शातिरपना की पोल पट्टी खुल चुकी है।उसके बाद वह तिलमिलाते हुए जदयू व नीतीश के विरूद्ध विष वमन करने लगे । जिसके चलते उनको जदयू से बाहर आना पड़ा। लोग कहने लगे हैं कि जिस नीतीश ने उनको एक नौकरशाह से उठाकर यहाँ तक पहुँचाया, उसी नीतीश को अब वह नेस्तनाबूद करने की सोच के साथ भगवाते हुए 11 मई, 2023 को भाजपा में चले गये।यह भी कहा जाता है कि आरसीपी के पास आय से ज्यादा माल है। जिसका जदयू ने उनसे 2013 से उनकी संपत्ति का ब?योरा मांग लिया था ,तब उन्होंने पार्टी ही छोड़ दी। कुछ लोग कह रहे हैं कि बिहार में लव-कुश की जो 12 प्रतिशत आबादी है ,वह नीतीश कुमार का मुख?य वोट बैंक है।भाजपा के हुक्मरान इस वोट बैंक में सेंधमारी के लिए जी जान से कोशिश कर रहे हैं।लोग यह भी कह रहे हैं कि झारखंड में 24 प्रतिशत कुर्मी हैं। वहाँ जदयू ,राजद,कांग्रेस,झामुमो गठबंधन यदि बन गया और 2024 लोकसभा चुनाव में यह गठबंधन मजबूती से लड़ा ,तो बिहार व झारखंड दोनों ही जगह भाजपा को भारी नुकसान पहुँचाएगा। उसके बाद झारखंड व बिहार में विधान सभा चुनाव होगा तो यह गठबंधन दोनों राज्यों में और कहर ढ़ाहेगा।सो इस महागठबंधन या तालमेल के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिस दिन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले उसके अगले दिन ही आरसीपी सिंह कुर्मी को भाजपा ज्वाइन करा दिया गया। इससे यह संदेश गया है कि नीतीश के महागठबंधन का दायरा बिहार के बाद झारखंड तक फैलने की संभावना से भाजपा चिंतित हो गई है। ऐसे में आरसीपी सिंह कुर्मी को भाजपा में लाकर उनके मार्फत बिहार व झारखंड में कुर्मी वोट नीतीश वाले महागठबंधन की तरफ जाने से कुछ रोकने के मकसद से आरसीपी कुर्मी को भाजपा में लाया गया है ,तो यह कितना कामयाब होगा वह आगे पता चलेगा।फिलहाल भाजपा में जाने से यह तो हो गया कि आय वाले मामले में उनके यहां ईडी या सीबीआई का छापा नहीं पड़ेगा।

## विदेश

### इजराइल और फिलिस्तीन के बीच हमला जारी

# हमले में 25 फिलिस्तीनियों की मौत



**एजेंसी। तेल अवीव/गाजा**

इजराइल और फिलिस्तीन के बीच पिछले 3 दिन से लगातार हमले जारी हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, 9 महीनों की सबसे बड़ी लड़ाई में अब तक करीब 25 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है, जबकि 64 लोग घायल हुए हैं। इसमें 5 महिलाएं और 5 बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा इजराइल ने फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद के टॉप मिसाइल कमांडर अली हसन गली उर्फ अबु मुहम्मद को भी मार गिराया है। बुधवार को गाजा में आतंकवादियों ने इजराइल पर 507 से ज्यादा रॉकेट दागे थे। इजराइली मिलिट्री के मुताबिक, इनमें से 368 रॉकेट बॉर्डर क्रॉस कर पाए, जबकि बाकी गाजा में ही रह गए। वहीं इजराइल की डिफेंस फोर्स ने गाजा में 158 से ज्यादा इस्लामिक जिहाद के ठिकानों को निशाना बनाया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा- ये लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। हम हमास और फिलिस्तीनियों पर नजर बनाए हुए हैं। वो छिप नहीं सकते। उन पर कब और कहां हमला करना है ये हम तय करेंगे। साथ ही ये लड़ाई कब खत्म होगी इसका फैसला भी इजराइल ही करेगा। इससे पहले 8 मई को गाजा पट्टी पर इजराइल के हवाई हमले में 12 लोगों की मौत हुई थी। इस मिशन को ऑपरेशन 'शील्ड एंड एरो' नाम दिया गया। इजराइल ने फिलिस्तीन इस्लामिक जिहादी मूवमेंट के टॉप 3 कमांडर और उनके परिवार के लोगों को मार गिराया था। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, गाजा पट्टी पर हमले में फाइटर जेट समेत 40 एयरक्राफ्ट शामिल थे। अटैक से पहले इलाके के 40 किलोमीटर के एरिया में रहने वाले इजराइलियों को बॉम्ब शेल्टर में भेज दिया गया था। गाजा पट्टी में हुआ ऑपरेशन इजराइल की जवाबी कार्रवाई थी। दरअसल, पिछले हफ्ते एक फिलिस्तीन ने भूख हड़ताल कर इजराइल की जेल में दम तोड़ दिया था। जिसके बाद फिलिस्तीन की तरफ से इजराइल के बॉर्डर वाले इलाके में कई रॉकेट दागे थे। इससे पहले पिछले साल अगस्त में इजराइल और ढक्ख के बीच बड़ी लड़ाई हुई थी। इसमें 49 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई थी।

## कोनाक्री में सरकार विरोधी प्रदर्शन में 7 की मौत, 32 घायल



**एजेंसी। कोनाक्री**

गिनी की राजधानी कोनाक्री और अन्य शहरों में बुधवार को हुए सरकार विरोधी आंदोलन के दौरान कम से कम सात लोग मारे गए थे, जबकि 32 घायल हुए। गुरुवार को यह जानकारी आंदोलन के आयोजनों ने दी, जो नए विरोध प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने बुधवार को पत्थर फेंकने वाले और टायर जलाने वाले प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई की, जो 2021 में सत्ता पर कब्जा करने वाली सैन्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। छोटे पैमाने पर विरोध प्रदर्शन दक्षिण-पूर्व के एक कस्बे, जेरेकोर और दाबोला में भी हुए। विपक्षी दलों और सिविल सोसायटी ग्रुप्स ने बुधवार देर रात एक संयुक्त बयान में कहा कि कम से कम सात लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 32 अन्य को गोली लगी है। उन्होंने कहा कि 56 गिरफ्तारियों की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनों का दूसरा दिन गुरुवार को योजना के अनुसार आगे बढ़ेगा। सरकार ने आरोपों का जवाब नहीं दिया है। पुलिस ने टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। जुंटा के सत्ता में आने के बाद से गिनी में कई विरोध प्रदर्शन हुए हैं, जिनमें से कुछ सुरक्षा बलों के साथ संघर्ष के बाद घातक हो गए हैं। देश की सैन्य सरकार पश्चिम अफ्रीका में कई में से एक है, जिसने 2020 से तख्तापलट की कड़ी में सत्ता संभाली है और अब चुनावी वादों से अपने पैर खींच रही है।

## नये नियम

### भारतीयों को खर्च करने होंगे 1.85 लाख रुपए

# कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर चीन ने फीस बढ़ाई

**एजेंसी। काठमांडू**

तीन साल बंद रही कैलाश-मानसरोवर यात्रा के लिए चीन ने वीसा देने शुरू कर दिए हैं। लेकिन, इसके नियम बेहद कड़े कर दिए हैं। साथ ही यात्रा पर लगने वाले कई तरह की फीस लगभग दोगुनी कर दी है। अब भारतीय नागरिकों को यात्रा के लिए कम से कम 1.85 लाख रुपए खर्च करने होंगे। अगर तीर्थयात्री अपनी मदद के लिए नेपाल से किसी वर्कर या हेल्पर को साथ रखेगा तो 300 डॉलर, यानी 24 हजार रु. अतिरिक्त चुकाने होंगे। इस शुल्क को ह्यग्रास डैमेजिंग फीह्न कहा गया है। चीन का तर्क है कि यात्रा के दौरान कैलाश पर्वत के आसपास की घास को नुकसान पहुंचता है, जिसकी भरपाई यात्री से ही की जाएगी। चीन ने कुछ ऐसे नियम जोड़े हैं, जिनसे प्रोसेस कठिन हो गई है। जैसे- अब हर यात्री को काठमांडू बेस पर ही अपना यूनीक आइडेंटिफेशन कराना होगा। इसके लिए फिंगर मार्क्स और आंखों की पुतलियों की स्कैनिंग होगी। नेपाली टूर ऑपरेटरों का कहना है कि कठिन नियम विदेशी तीर्थयात्रियों विशेषकर भारतीयों के प्रवेश को सीमित करने के लिए बनाए गए हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा नेपाली टूर ऑपरेटरों के लिए बड़ा बिजनेस है। नए नियमों और बढ़े हुए शुल्क के साथ टूर ऑपरेटर अब रोड ट्रिप के कम से कम 1.85 लाख रुपए प्रति यात्री वसूल रहे हैं, जबकि 2019 में सड़क यात्रा पैकेज 90 हजार रुपए था। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 1 मई से शुरू हो चुका है। अक्टूबर तक चलने वाली यात्रा के बारे में टूर ऑपरेटरों का कहना है कि नए नियमों के कारण इस बार लोगों का रुझान भी कम दिखाई दे रहा है। यात्रा संचालित करने वाली नेपाली फर्मों को 60,000 डॉलर चीनी सरकार के पास जमा कराने होंगे। इसमें समस्या यह है कि नेपाली ट्रैवल एजेंसियों को विदेशी बैंकों में धन जमा करने की अनुमति नहीं है।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

### विदेश मंत्री जयशंकर बांग्लादेश, स्वीडन व बेल्जियम की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर गुरुवार से बांग्लादेश (11-12 मई), स्वीडन (13-15 मई ) और बेल्जियम (15-16 मई ) की आधिकारिक यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार विदेश मंत्री हिंद महासागर सम्मेलन के 6वें संस्करण में भाग लेने के लिए 11-12 मई तक ढाका का दौरा करेंगे। हिंद महासागर सम्मेलन में मॉरीशस के राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपन, मालदीव के उप राष्ट्रपति फैसल नसीम, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और दुनियाभर के कई मंत्री भाग लेंगे।

### स्टालिन कैबिनेट में शामिल टीआरबी राजा



**चेन्नई।** मन्नारगुड़ी विधायक और द्रमुक के वरिष्ठ नेता टी.आर. बालू के पुत्र टी.आर.बी. राजा ने गुरुवार को एम.के. स्टालिन कैबिनेट के मंत्री के रूप में शपथ ली। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में राजा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और अन्य मंत्री उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह के बाद राज्यपाल ने मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के साथ फोटो खिंचवाई। द्रमुक संसदीय दल के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री टी.आर. बालू ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, उसे सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ानी है और आने वाले दिनों में दिन दूना रात चौगुना बढ़ना है।

# महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट में पूर्व राज्यपाल का हस्तक्षेप गलत : सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने यह निष्कर्ष निकालने में गलती की कि उद्धव ठाकरे सरकार सदन में बहुमत खो चुकी है। अदालत ने कहा कि न तो संविधान और न ही संसद द्वारा बनाए गए कानून में कोई ऐसा प्रावधान है जिसके द्वारा किसी विशेष राजनीतिक दल के सदस्यों के बीच विवादों को सुलझाया जा सके, और वे निश्चित रूप से राज्यपाल को राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने और भूमिका निभाने का (भले वह कितनी ही छोटी क्यों न हो) अधिकार नहीं देते हैं चाहे वह किसी दल का अंदरूनी विवाद हो या दो दलों के बीच का।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ जिसमें न्यायमूर्ति एम.आर. शाह, कृष्ण मुरारी, हिमा कोहली और पी.एस. नरसिम्हा भी शामिल थे, ने कहा, शक्ति परीक्षण के लिए बुलाने के लिए अनुरोध मात्र के अलावा कुछ ठोस कारण होना चाहिए। इस मामले में राज्यपाल के पास यह इंगित करने के लिए कोई कारण नहीं था कि मौजूदा सरकार ने विश्वास खो दिया है और उसे शक्ति परीक्षण के लिए बुलाना चाहिए। इसलिए, इस मामले में राज्यपाल द्वारा विवेक का प्रयोग कानून के अनुरूप नहीं था।

पीठ ने कहा कि राज्यपाल ने देवेंद्र फडणवीस और सात 'निर्दलीय' विधायकों द्वारा लिखे गए पत्रों पर भरोसा किया, जिसमें ठाकरे को सदन के पटल पर बहुमत साबित करने का निर्देश देने का आान किया गया था। पीठ की ओर से सर्वसम्मत निर्णय लिखने वाले मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने 141 पन्नों के फैसले में कहा कि पहली बात तो यह कि फडणवीस और सात विधायक अविश्वास प्रस्ताव भी ला सकते थे और कुछ भी उन्हें ऐसा करने से नहीं रोक रहा था। दूसरे, मुख्यमंत्री को अपना बहुमत साबित करने का निर्देश देने के लिए कुछ विधायकों का अनुरोध मात्र शक्ति परीक्षण के लिए बुलाने का एक प्रासंगिक और सार्थक कारण नहीं है।

पीठ ने पाया कि राज्यपाल ने 25 जून 2022 को शिवसेना विधायक दल के 38 सदस्यों के पत्र पर भरोसा किया, जिसमें दावा किया गया था कि उन्हें और उनके परिवारों को प्रदान की गई सुरक्षा अवैध रूप से वापस ले ली गई थी। पीठ ने कहा, विधायकों को सुरक्षा की कमी का इस सवाल से कोई मतलब नहीं है कि सरकार को सदन का विश्वास प्राप्त है या नहीं। ऐसे मामलों में राज्यपाल की उचित प्रतिक्रिया यह सुनिश्चित करने की है कि जिस सुरक्षा के वे कानूनी रूप से हकदार हैं, यदि इसे हटा दिया गया है तो वह उन्हें मिलती रहे।


# भारत के खिलाफ उठाए गए हर कदम का मुंहतोड़ जवाब देंगे : रक्षा मंत्री

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी

**एजलेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर गुरुवार को 25 साल पहले हुए पोखरण परमाणु परीक्षणों को याद करके कहा कि इन परीक्षणों ने दुनिया को एक संदेश दिया कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'अहिंसा परमो धर्म' में विश्वास करता है, इसलिए किसी भी देश की संप्रभुता, अखंडता और एकता को नुकसान नहीं पहुंचाता है। उन्होंने भारत को मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए देश के शक्तिशाली मानव संसाधन के अधिकतम उपयोग का आह्वान किया।

रक्षा मंत्री आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 को चिह्नित करने वाले कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।




प्रधानमंत्री ने 5,800 करोड़ रुपये से अधिक की कई वैज्ञानिक परियोजनाओं की आधारशिला रखी और 25वें राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत उन असाधारण वैज्ञानिकों की दिल से सराहना करता है, जिन्होंने 1998 के पोखरण परीक्षण में योगदान दिया। आज हम तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी असाधारण राजनीतिक इच्छाशक्ति और इन परीक्षणों को सफल बनाने के नेतृत्व के लिए भी याद करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने न केवल अपने लिए शांति की कामना की है, बल्कि दुनिया को संदेश दिया है। भगवान बुद्ध और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे दूरदर्शी विश्व को भारत की देन हैं। हमने कभी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया और न ही उसे गुलाम बनाया। पोखरण परीक्षण ने संदेश दिया कि हम अपनी गरिमा के खिलाफ उठाए गए हर कदम का मुंहतोड़ जवाब देंगे। राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा बताया। उन्होंने किसी राष्ट्र की प्रगति में विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए उसे शक्ति का स्रोत बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने और समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के पास एक शक्तिशाली मानव संसाधन है, जिसने इसे विश्व मंच पर एक सम्मानजनक स्थिति के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने एक मजबूत, समृद्ध और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस मानव संसाधन का अधिकतम उपयोग करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वैश्विक मंच पर हमारा कद बढ़ा है और दुनिया भारत में आशा की एक नई किरण देख रही है। हम एक मजबूत और आत्मनिर्भर 'नए भारत' के निर्माण के अपने विजन को साकार करने में सफल होंगे।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला

# ईडी ने आईएएस अनिल टुटेजा को बताया मास्टरमाइंड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के करीबी माने जाने वाले आईएएस अनिल टुटेजा 2000 करोड़ रुपये के शराब घोटाले के मास्टरमाइंड हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि उद्योग और वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव अनिल टुटेजा सिंडिकेट के मास्टरमाइंड थे और मुख्यमंत्री के करीबी होने के कारण सिंडिकेट के मामलों का प्रबंधन कर रहे थे। ईडी ने इससे पहले दिन में 2 आरोपियों नितेश पुरोहित और पवन ढिल्लो उर्फ पवन बंसल को गिरफ्तार किया था। ईडी ने एक विशेष पीएमएलए अदालत को बताया कि गिरफ्तार आरोपी नितेश पुरोहित ने कथित किंगपिन अनवर ढेबर के निर्देश पर आईएएस अनिल टुटेजा और पप्पू बंसल को 163 करोड़ रुपये दिए।

ईडी ने आरोप लगाया कि नकदी के रूप में अवैध धन का कलेक्शन जबरन वसूली नेटवर्क के माध्यम से



किया जा रहा था। एजेंसी ने दावा किया कि सिंडीकेट का मुखिया होने के नाते अनिल अपना हिस्सा रखने के बाद, चुनाव प्रचार के लिए राजनीतिक एक्जीक्यूटिव को फाइनल वसूल किए गए अवैध धन को दे रहे थे। जिसके परिणामस्वरूप राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ। ईडी के एक सूत्र के अनुसार, जांच से पता चला कि रायपुर के मेयर के भाई अनवर ढेबर सिंडिकेट के मुख्य कलेक्शन एजेंट और फ्रंट मैन थे और टुटेजा के आदेश के अनुसार सिंडिकेट चलाते थे। ईडी ने आरोप लगाया कि राज्य के महत्वपूर्ण विभागों और राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों के उच्च-स्तरीय प्रबंधन के माध्यम से अवैध रिश्वत एकत्र करके बड़े पैमाने पर राज्यव्यापी आपराधिक सिंडिकेट छत्तीसगढ़ में संचालित हो रहा था।

### सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई दिल्ली आबकारी घोटाला मामले की जांच कर रही है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता ने अपनी पत्नी की बीमारी के आधार पर जमानत के लिए तीन अप्रैल को हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि सिसोदिया को वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा मुहैया करायी जाए ताकि वे हर दूसरे दिन जेल नियमों के अनुसार तीन से चार बजे के बीच अपनी पत्नी से बात कर सकें।

# फ्लाइट में महिला पीकर दुर्व्यवहार की, गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलकाता**

विमान में बीती आधी रात को कथित तौर पर शराब पीने और यात्रियों से बदतमीजी करने के आरोप में एक महिला यात्री को गिरफ्तार किया गया है। आधी रात को एयरलाइन द्वारा सीआईएसएफ को सूचित किया गया। लेकिन रात में किसी महिला यात्री को हिरासत में नहीं लिया जा सकता था, इसलिए महिला को गुरुवार सुबह कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट थाने को सौंप दिया गया है। वह बुधवार रात दिल्ली से कोलकाता के लिए फ्लाइट में सवार हुई थी। कोलकाता इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मुताबिक इंडिगो की एक फ्लाइट दिल्ली से कोलकाता आ रही थी। आरोप है कि बीती रात में फ्लाइट के उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद करमजीत कौर नाम की एक महिला यात्री प्लेन के अंदर खुलेआम शराब पीती मिली। इतना ही नहीं साथी यात्रियों से बदतमीजी करने की भी शिकायतें मिलीं। उड़ान कोलकाता हवाई अड्डे पर रात 1:10 बजे उतरी जिसके बाद उसे सुरक्षा एजेंसियों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू की गई। सूत्रों ने कहा कि रात में किसी महिला यात्री को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है, इसलिए यात्री को गुरुवार सुबह करीब 7:05 बजे नेताजी सुभाष चंद्र अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया।

# उत्तराखंड में नहीं है हाई सिक्योरिटी जेल

## कुख्यात सुनील राठी को शासन ने यूपी व दिल्ली पुलिस से वापस ले जाने के लिए कहा

**एजेंसी। देहरादून/हरिद्वार**

उत्तराखंड में हाई सिक्योरिटी जेल नहीं होने के कारण कुख्यात सुनील राठी को शासन ने यूपी व दिल्ली पुलिस से वापस ले जाने के लिए कहा है। प्रदेश सरकार भी कैदियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हुई है। गृह विभाग ने प्रदेश में हाई सिक्योरिटी जेल न होने का हवाला देते हुए उत्तर प्रदेश और दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर सुनील राठी को वापस तिहाड़ ले जाने में सहयोग करने को कहा है।

दिल्ली की तिहाड़ जेल में हुई घटना के बाद अब प्रदेश सरकार भी कैदियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हुई है। इस कड़ी में हरिद्वार जेल में बंद कुख्यात सुनील राठी को वापस



तिहाड़ भेजने की कवायद शुरू हो गई है। गृह विभाग ने प्रदेश में हाई सिक्योरिटी जेल न होने का हवाला देते हुए उत्तर प्रदेश और दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर सुनील राठी को वापस तिहाड़ ले जाने में सहयोग करने को कहा है। प्रदेश में इस तरह के बड़े अपराधियों के लिए हाई सिक्योरिटी जेल नहीं है। यहां जेल में उसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी लगाए गए हैं। ऐसे में हरिद्वार जेल प्रशासन ने शासन को पत्र लिखकर सुनील राठी को वापस भेजने का अनुरोध किया था। सुनील राठी को तिहाड़ तक भेजने के लिए गृह विभाग स्वयं को सक्षम महसूस नहीं कर रहा है।

### हरिद्वार जेल में रखा गया सुनील सिंह राठी

**कुख्यात** सुनील सिंह राठी विभिन्न आपराधिक मामलों में तिहाड़ जेल में सजा काट रहा था। गत वर्ष अप्रैल में एक मामले की सुनवाई के लिए उसे तिहाड़ जेल से उत्तराखंड लाया गया। तब से ही उसे वापस नहीं भेजा जा सका है। उसे फिलहाल हरिद्वार जेल में रखा गया है।

FILMY हलचल

### मुझे सच बोलने के लिए विवादास्पद करार दिया गया है : शर्लिन चोपड़ा

**अभिनेत्री** शर्लिन चोपड़ा का एक हिप-हॉप गीत आने वाला है, जो बॉलीवुड में उनकी विवादास्पद यात्रा के इर्द-गिर्द घूमता है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें विवादास्पद होने में मजा आता है, उन्होंने कहाः सच विवादास्पद होता है और इसलिए जब मैं सच बोलती हूं, तो मुझे विवादास्पद करार दिया जाता है! मेरा आगामी रैप गीत उद्योग में मेरी रोलर-कोस्टर यात्रा के बारे में बहुत कुछ बताता है। इसलिए यह वास्तव में मेरे दिल के करीब है और मेरे लिए किसी भी अन्य प्रोजेक्ट से कहीं अधिक मायने रखता है। गाने के विवरण के बारे में बात करते हुए, शर्लिन ने कहा कि यह मुंबई के बाहरी इलाके में फिल्माया गया है और यह तेज गति वाला और स्वैग वाला गाना है। मुझे यकीन है कि यह विशेष रूप से युवाओं द्वारा बेहद पसंद किया जा रहा है! मैंने रैप गीत और इसके संगीत वीडियो में अपना दिल और आत्मा डाल दी है!




### मैंने कभी कोई गलत फैसला नहीं लिया : कंगना रनौत



**कंगना** रनौत ने एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपनी फिल्म 'रास्कल' और 'डबल धमाल' के बारे में बात कर रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने कभी भी कोई गलत फैसला नहीं लिया है। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने फैन पेज से 'रास्कल्स' और 'डबल धमाल' में काम करने के बारे में बात करते हुए एक पुराना वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने सहायक भूमिका निभाई थी। उन्हें यह कहते सुना जा सकता हैः जिंदगी में कभी ना कभी हर कोई एक गलत फैसला लेता है, मैंने भी किया था। कुछ लोग कहते हैं कि वो गलत फैसले हैं, पर मैं नहीं मानती।

### सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है अरविंद अकेला कल्लू का धमाकेदार गाना 'बुनिया'



**युवा** दिलों की धड़कन अरविंद अकेला कल्लू और सारेगामा 'हम भोजपुरी' के सहयोग से तैयार भोजपुरी गाना 'बुनिया' म्यूजिक वर्ल्ड में धमाल मचा रहा है। इस गाने को अरविंद अकेला कल्लू ने भोजपुरी सुरों की मल्लिका शिल्पी राज के साथ गाया है। उनके इस गाने को अब तक डेढ़ मिलियन लोगों ने देख लिया है और यह गाना हर मिनट वायरल हो रहा है। अरविंद अकेला कल्लू के इस गाने का एक आकर्षण खूबसूरत अभिनेत्री श्वेता म्हारा के साथ उनकी खूबसूरत केमिस्ट्री भी है, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया है। गाने को भी दोनों के फैंस झोली भर कर प्यार दे रहे हैं। इस गाने को लेकर सारेगामा हम भोजपुरी के बिजनेस हेड बद्रीनाथ झा ने बताया कि यह फुल कमर्शियल गाना है, जिसे हमने शादी ब्याह के इस सीजन में ऑडियंस की पसंद के हिसाब से बनाया है। सारेगामा हम भोजपुरी हमेशा नए प्रयोग और नए कांसेप्ट के साथ काम करने में यकीन रखती है। इसलिए अगर आपने गौर किया है तो आपको भी पता होगा कि सारेगामा हम भोजपुरी से रिलीज होने वाले गानों में विविधता और नयापन देखने को मिलता है।

जानकारी

## व्हाट्सएप व अन्य मैसेजिंग एप पर भी मिलेगी ट्रूकालर सेवा

# इससे स्पैम काल से मिलेगी निजात

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

ट्रूकालर मई के अंत तक व्हाट्सएप व अन्य मैसेजिंग एप पर अपनी कॉलर आइडेंटिफिकेशन सर्विस उपलब्ध कराना शुरू कर देगा। इससे उपभोक्ता को इंटरनेट पर संभावित स्पैम कॉल्स का पता लगाने में मदद मिल सकेगी। इस बारे में ट्रूकॉलर के को-फाउंडर और सीईओ एलन ममेदी ने कहा कि यह सुविधा अभी बीटा फेज में है और मई के अंत में ग्लोबल स्तर पर शुरू की जाएगी। फोन कॉल के साथ अब व्हाट्सएप पर भी स्पैम कॉल और मैसेज की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।




उपभोक्ता को अनजान नंबर को पहचाने में काफी परेशानी होती है। कॉलर आइडेंटिफिकेशन सर्विस से यूजर्स को ऐसे कॉल और मैसेज को पहचानने में मदद मिलेगी। ट्रूकालर की 2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार, टेलीमार्केटिंग और स्कैमिंग कॉल भारत जैसे देशों में बढ़ रहे हैं, जहां यूजर्स को प्रति माह औसतन लगभग 17 स्पैम कॉल मिलते हैं। ममेदी ने कहा पिछले दो हफ्तों में, हमने व्हाट्सएप पर स्पैम कॉल के बारे में भारत से यूजर्स रिपोर्ट में स्पाइक देखा है, यह देखते हुए कि टेलीमार्केटर्स का इंटरनेट कॉलिंग पर स्विच करना बाजार के लिए काफी नया था। व्हाट्सएप भारत में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला मैसेजिंग प्लेटफॉर्म है। कंपनी का कहना है कि यह स्पैम डिटेक्शन तकनीक का उपयोग असामान्य व्यवहार में शामिल अकाउंट की पहचान करने और उन पर कार्रवाई करने में मदद करेगा। साथ ही यूजर्स को इन अकाउंट को ब्लॉक करने और रिपोर्ट करने में भी मदद मिलेगी।

### आगरा में कार की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत

**आगरा।** आगरा के डौकी इलाके में गुरुवार सुबह एक कार की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घटना बास महापाट गांव में हुई जहां कुछ बच्चे अपनी स्कूल बस का इंतजार कर रहे थे। पुलिस सूत्रों ने कहा, बच्चे सड़क के किनारे खड़े थे, जब फतेहाबाद रोड से आ रही एक कार ने उनमें से छह को कुचल दिया। जान बचाकर भागे कुछ बच्चों ने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी), फतेहाबाद, सौरभ सिंह ने कहा कि इस घटना में तीन बच्चों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, तीन और बच्चों को चोटें आई हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नाकाबंदी हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं।